01 दिसंबर, 2024
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 43





# झारखंड में एक सप्ताह के अंदर होगा मंत्रिमंडल गठन!

## मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गये दिल्ली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में जबरदस्त जीत हासिल करने के बाद हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ भी ले ली है। अब सबकी नजर कैबिनेट विस्तार पर है। इस बीच झामुमो ने इंडिया गठबंधन के घटक दलों के बीच मंत्री पद के बंटवारे के फॉर्मूले में बदलाव का संकेत दिया है। पहले जहां 4:1 के आधार पर मंत्री पद दिये जाने की चर्चा थी, वहीं अब 5:1 को आधार बनाये जाने की चर्चा है। यानी पांच विधायकों पर एक मंत्री पद दिये जायेंगे। ऐसी स्थिति में झामुमो के मंत्रियों की संख्या बढ़ जायेगी। उधर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद शनिवार को दिल्ली गये हैं। उन्होंने जल्द मंत्रिमंडल गठन का संकेत दिया है। कांग्रेस खेमे का मानना है कि 4:1 के फार्मूले पर ही बात होगी। गौरतलब है कि विधानसभा का सत्र 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक बुलाया गया है। सूत्रों का कहना है कि इससे पहले 7 दिसंबर तक मंत्रिमंडल का गठन हो जायेगा।



### लॉबिंग में लगे कांग्रेस-झामुमो के विधायक

मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण के बाद मंत्री बनने के लिए लॉबिंग शुरू हो गयी है। कांग्रेस के विधायक रांची से लेकर दिल्ली तक की दौड़ लगा रहे, तो झामुमो के कई विधायक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिल कर अपनी बात रख रहे। मंत्री पद की दौड़ में झामुमो और कांग्रेस की तरफ से कई विधायक हैं। हालांकि राजनीतिक गलियारे में कुछ नामों की चर्चा है, लेकिन आधिकारिक रूप से अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की गयी है।

**झामुमो के पास हैं 34 सीटें:** झारखंड में इंडिया गठबंधन ने 81 में से 56 सीटों पर जीत दर्ज की है। इसमें झामुमो 34, कांग्रेस 16, राजद 04 और सीपीआइ (एमएल) ने 02 सीटों पर जीत हासिल की है। मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री समेत अधिकतम 12 मंत्री रह सकते हैं। चर्चा के अनुसार पहले पूर्व की सरकार की तरह मुख्यमंत्री के अलावा झामुमो से 06, कांग्रेस से 04 और राजद से 01 मंत्री बनाने की चर्चा थी। अब नये फॉर्मूले पर विचार किया जा रहा है, जिसमें झामुमो कोटे के मंत्रियों की संख्या बढ़ सकती है। उधर, गठबंधन में शामिल भाकपा माले ने कैबिनेट से दूरी बनाये रखने की बात कही है। माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि जिस दिन हमारी पार्टी के पास 8 से 10 विधायक होंगे, तब सरकार में शामिल होने पर विचार करेंगे। हम सरकार में शामिल करने के लिए राज्य सरकार पर कोई दबाव नहीं बनायेंगे, बल्कि हर कदम पर सरकार का साथ देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए उनके पास कोई प्रस्ताव भी नहीं आया है।

### बढ़ सकती है हमारे मंत्रियों की संख्या: मनोज पांडेय



झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि मंत्रिमंडल गठन के लिए 5:1 के फॉर्मूले पर भी चर्चा हो रही है, यानी 5 विधायकों पर एक मंत्री। ऐसी स्थिति में हमारे मंत्रियों की संख्या बढ़ जायेगी। क्योंकि हमारे पास 34 विधायक है। इंडिया गठबंधन के कुल 56 विधायक हैं। उन्होंने कहा, अगर हम 11 मंत्रियों का गुणा करें तो यह संख्या 55 विधायकों की होगी। ऐसे में इस आधार पर मंत्रिमंडल का विस्तार होना सबसे सही है, लेकिन आखिरी फैसला उच्च स्तरीय अधिकारी ही लेंगे। मैं बस पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच हुई बातचीत को ही साझा कर रहा हूं।

### दिल्ली में लगेगी मंत्रियों के नामों पर मुहर: कमलेश



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश शनिवार को दिल्ली चले गये। दिल्ली जाने से पहले उन्होंने कहा कि दिसंबर के पहले सप्ताह में मंत्रिमंडल का गठन हो जायेगा। दिल्ली में ही कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के नामों पर मुहर लगेगी।

# राज्य में बालू तस्करी पर पूर्ण विराम लगायें अधिकारी: हेमंत

### सभी जिलों के उपायुक्तों को सीएम का सख्त निर्देश

अजय शर्मा


**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में बालू तस्करी को हर हाल में रोकने का निर्देश दिया है। सीएम ने राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों को आदेश दिया है कि तस्करी हर हाल में रुकनी चाहिए। सभी उपायुक्त इस पर संज्ञान लें और ऐसी किसी भी हरकत पर पूर्ण विराम लगायें। तस्करों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश भी सीएम ने शनिवार को दिया है।

सोशल मीडिया पर निर्देश जारी करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि बालू तस्करी पर तुरंत रोक लगायी जाये। बोकारों में बालू तस्करी से संबंधित एक पोस्ट सोशल मीडिया पर किया गया था। इसी के जवाब में मुख्यमंत्री ने यह आदेश दिया है। अजीत मुर्मू नामक एक व्यक्ति ने सीएम को टैग करते हुए लिखा था कि राज्य में बालू का टेंडर नहीं होने से राज्य सरकार को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। बिचौलिये और प्रशासन की मिलीभगत से इसकी बंदरबांट भी की जा रही है। बोकारो के खेतको बालूघाट से प्रतिदिन हजारों ट्रक बालू की ढुलाई होती है।



### लॉटरी मामले को लेकर अधिकारियों को दिया निर्देश

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे हैं। चाहे वह सोशल मीडिया के जरिये हो, या व्यक्तिगत आधार पर। मुख्यमंत्री ने जनहित में काम करने का जो बीड़ा उठाया है, उस पर ध्यान देना शुरू कर दिया है। साथ ही राज्य की जनता की समस्याओं के तत्काल निदान के लिए भी कदम उठा रहे हैं। जरूरत है केवल बात उन तक पहुंचने की। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक और पोस्ट का संज्ञान लिया है। एक दूसरे पोस्ट में दुमका के रहने वाले पियूष कुमार ने लिखा है कि रातोंरात करोड़पति बनने के चक्कर में बर्बादी की ओर दुमका के युवाओं को धकेला जा रहा है। प्रतिबंधित लॉटरी के चक्कर में फंस कर दुमका के युवा अपनी मेहनत और समय को गंवा रहे हैं। प्रशासन की चुप्पी और इन गैरकानूनी गतिविधियों पर कार्रवाई नहीं होने कई सवाल खड़े करता है। इस पर मुख्यमंत्री ने दुमका के डीसी को तत्काल संज्ञान लेते हुए दोषियों को चिह्नित कर कार्रवाई का आदेश दिया है।



# चाइबासा में पुलिस-नक्सली मुठभेड़

## मारा गया पीएलएफआइ का एरिया कमांडर लंबू

### खूंटी और चाइबासा जिले में कई नक्सली कांड हैं दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा/खूंटी।** पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस के साथ मुठभेड़ में नक्सली एरिया कमांडर लंबू मारा गया है। यह मुठभेड़ टेबो थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। बता दें कि पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस बल की विशेष टीम के साथ हुई मुठभेड़ में पीएलएफआइ एरिया कमांडर लंबू मारा गया है। वो टेबो थाना क्षेत्र के तोमरोंग गांव के जंगल में मारा गया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने दी है। उन्होंने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है।



दरअसल पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद संगठन को लंबू ने संभाल रखा था। खूंटी और चाइबासा जिले के सीमावर्ती इलाकों में लंबू ने अपनी एक हुकूमत कायम कर रखी थी। खूंटी और चाइबासा जिले के विभिन्न थानों में लंबू के खिलाफ कई नक्सली कांड दर्ज हैं। पुलिस लगातार उसकी गिरफ्तारी को लेकर विभिन्न गांव के जंगलों में छापेमारी करती रही, लेकिन हमेशा पुलिस को चकमा देकर वह भागने में कामयाब हो जाता था। आखिरकार शनिवार को लंबू को चाइबासा पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया।

# फेंगल तूफान का झारखंड पर भी दिखेगा असर

- तमिलनाडु-पुडुचेरी से तूफान टकराया
- स्कूल-कॉलेज और चेन्नई एयरपोर्ट बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**चेन्नई/ रांची।** बंगाल की खाड़ी से उठा फेंगल तूफान शनिवार शाम पुडुचेरी के कराईकल और तमिलनाडु के महाबलीपुरम के बीच समुद्र तट से टकराया। इसका असर कर्नाटक और आंध्रप्रदेश में भी दिख रहा है। तमिलनाडु में लैंडफॉल और तेज रफ्तार से हवाएं चलीं। तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई इलाकों में बारिश का रेड अलर्ट जारी है। चेन्नई में भारी बारिश के चलते सड़कों पर पानी भर गया है। शहर में कई फ्लाइट्स प्रभावित भी हुई हैं। तमिलनाडु के कांचीपुरम, चेंगलपट्ठ, तिरुवल्लूर, कुड्डालोर, विल्लुपुरम, कल्लाकुरिची, चेन्नई और मयिलादुथुराई जिलों और पुडुचेरी में शनिवार को स्कूल-कॉलेज बंद रखे गये थे।

उधर, झारखंड में भी तूफान का असर दिखने लगा है। शनिवार को झारखंड के विभिन्न हिस्सों में बादल छाये रहे। इसके साथ ही तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गयी। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक चक्रवाती तूफान फेंगल की वजह से झारखंड के विभिन्न हिस्सों में मौसम में बदलाव दिखेगा। मौसम विभाग की मानें तो फेंगल की वजह से झारखंड की राजधानी रांची, जमशेदपुर, चाईबासा, बोकारो जैसे शहरों में आसमान में बादल छाये रह सकते हैं। हालांकि, बारिश की संभावना अभी न के बराबर लग रही है। फिर भी लोगों से सावधान रहने की अपील की गयी है। इस दौरान सुबह और शाम में वाहनों पर सफर करने वालों को कोहरा परेशान कर सकता है। मौसम विभाग के अनुसार रांची सहित झारखंड में अगले तीन दिसंबर तक तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। रांची का अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। इस दौरान बादल छाने की वजह से ठिठुरन से राहत मिलेगी। हालंकि 3 दिसंबर के बाद फिर ठंड बढ़ने की उम्मीद है।



### मनरेगा घोटाला मामला

## राम विनोद सिन्हा को पांच साल की सजा पांच लाख का जुर्माना

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची सिविल कोर्ट ने खूंटी मनरेगा घोटाला मामले में आरोपी बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम विनोद सिंहा को एक और मामले में दोषी करार दिया है। एसीबी की विशेष कोर्ट ने उसे पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा दी है और पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। राम विनोद सिन्हा पर अलग-अलग 12 योजनाओं के मद से 88 लाख की अवैध निकासी का आरोप है। राम विनोद सिन्हा के खिलाफ एसीबी ने 17 केस दर्ज किये थे, जिनमें से तीन मामले में कोर्ट अपना फैसला सुना चुका है। अन्य 14 केस पीएमएलए की विशेष कोर्ट में ट्रांसफर हैं। राम विनोद पर खूंटी जिला परिषद में पदस्थापित रहते करोड़ों की अवैध संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। उसे एसीबी ने 18 जून 2020 को कोलकाता से गिरफ्तार किया था।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 01 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# जयराम ने दस सीटों पर भाजपा का खेल बिगाड़ा

## आजसू की तरह ही भाजपा ने जयराम को कम आंका

**पिछले विशेष में मैंने बताया था कि कैसे जयराम महतो ने सात सीटों पर आजसू की लुटिया डुबो दी। आज के विशेष में बात होगी कि कैसे जयराम महतो ने भाजपा को 10 सीटों पर पीछे धकेल दिया। कुछ ऐसी भी सीटें हैं, जहां से जीत का निवाला छीन कर इंडी गठबंधन के पाले में डाल दिया गया। अगर आंकड़ों की बात करें तो कुल 17 सीटें ऐसी हैं, जहां जयराम ने एनडीए को नजदीक से डैमेज किया है। ये आंकड़े ऐसे हैं, जहां कुछ भी निर्णायक हो सकता था। ये सीटें एनडीए के पाले में भी जा सकती थीं। यहां के प्रत्याशियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। इन सीटों पर हार सिर्फ और सिर्फ जयराम को हलके में लेने से हुई। आज एनडीए के पास 24 सीटें हैं। लेकिन कुल 17 सीटें ऐसी हैं, जहां एनडीए सकारात्मक परिणाम हासिल कर सकता था। लेकिन जयराम महतो ने अपनी कैंची से हलके से एनडीए के अरमानों के पंख को कतर डाला। ये कौन सी सीटें हैं, बता रहे हैं, आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

राज्य में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे जयराम महतो की पार्टी, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने एनडीए की 17 सीटों को बुरी तरह प्रभावित किया है। ये 17 सीटें ऐसी हैं, जहां से एनडीए गठबंधन के हिस्से ज्यादातर सीटें उसके खाते में जा सकती थीं। ये सीटें हैं भाजपा खेमे की बेरमो, बोकारो, चंदनक्यारी, गिरिडीह, कांके, खरसावां, खिजरी, निरसा, सिंदरी और टुंडी, वहीं आजसू खेमे की सिल्ली, रामगढ़, गोमिया, ईचागढ़, डुमरी, जुगसलाई और जेडीयू की तमाड़ जहां से राजा पीटर एनडीए का मोर्चा संभाले हुए थे। इन सीटों के परिणामों से पता चलता है कि एनडीए के लिए भविष्य की राह झारखंड में कठिन होती जा रही है। वहीं भाजपा की बात करें तो उसे सोचना पड़ेगा कि क्या उसे आने वाले दिनों में गठबंधन के तहत चुनाव लड़ना चाहिए या अकेले ही चुनावी मैदान में उतरना चाहिए। भाजपा को यह भी तय करना होगा कि उसका फोकस सिर्फ आदिवासी वोटर्स पर ही रहना चाहिए या फिर कुर्मी मतदाताओं के लिए भी उसके पास जगह है। भाजपा को यह भी सोचना होगा, जो वोटर्स उसके साथ हैं उन्हें कैसे इनटैक्ट रखे। उसे दूसरे के घरों में झांकने की जरूरत नहीं है। झांकते-झांकते तो खुद के घर में डाका पड़ गया।

### कांके का जाना भाजपा के भविष्य के लिए खतरे की घंटी है

कांके, जहां झारखंड गठन के बाद भाजपा आज तक नहीं हारी थी, वहां भी जयराम महतो की पार्टी ने उसकी लुटिया डुबो दी। इस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी का भाग्य जयराम ने खोल दिया। कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा को 1 लाख 33 हजार 499 वोट हासिल हुए, वहीं भाजपा के जीतू चरण राम दूसरे नंबर पर रहे, जिन्हे कुल 1 लाख 32 हजार 531 वोट हासिल हुए, वह मात्र 968 मतों से पिछड़ गये। तीसरे नंबर पर भाजपा की लुटिया डुबोने आये जेएलकेएम प्रत्याशी फुलेश्वर बैठा को 25 हजार 965 वोट हासिल हुए। कांके का जाना भाजपा के भविष्य के लिए खतरे की घंटी है।

### निरसा में जेएलकेएम ने बिगाड़ा भाजपा की जीत का समीकरण

निरसा की बात करें तो यहां सीपीआइएमएल के अरूप चटर्जी 1 लाख 4 हजार 855 वोट लाकर पहले स्थान पर रहे। वहीं भाजपा की अपर्णा सेन गुप्ता को 1 लाख 3 हजार 47 वोट हासिल हुए। वह मात्र 1 हजार 808 वोटों से पिछड़ गयीं। इनकी भी जीत का समीकरण जेएलकेएम प्रत्याशी अशोक मंडल ने बिगाड़ दिया। उन्हें कुल 16 हजार 316 वोट हासिल हुए। यहां शुरू से ही कयास लगाये जा रहे थे कि अरूप चटर्जी मजबूत स्थिति में हैं। लेकिन भाजपा प्रत्याशी अपर्णा सेन गुप्ता ने भी मजबूत दावेदारी पेश की, लेकिन जयराम ने यहां भी भाजपा का गणित बिगाड़ दिया।

### गिरिडीह सीट हाथ से खिसक गयी

गिरिडीह की बात करें तो जेएमएम प्रत्याशी सुदिव्य कुमार सोनू 94 हजार 42 वोट लाकर पहले स्थान पर रहे, दूसरे स्थान पर भाजपा के निर्भय कुमार शाहाबादी रहे। उन्हें कुल 90 हजार 204 वोट हासिल हुए। भाजपा प्रत्याशी मात्र 3 हजार 838 वोट से पिछड़ गये, दरअसल, इनका भी खेल जयराम महतो की पार्टी ने बिगाड़ दिया। जेएलकेएम प्रत्याशी नवीन आनंद को कुल 10 हजार 787 वोट प्राप्त हुए।





### सिंदरी में जयराम ने भाजपा के अरमानों को बेदर्दी से कुचला

सिंदरी की बात करें तो सीपीआइएमएल के चंद्रदेव महतो 1 लाख 5 हजार 136 वोट लाकर पहले स्थान पर रहे। वहीं भाजपा की तारा देवी 1 लाख 1 हजार 688 वोट लाकर दूसरे स्थान पर रहीं। वह मात्र 3 हजार 448 वोटों के अंतर से पिछड़ गयीं। इनका भी खेल जयराम की पार्टी ने खराब कर दिया। जेएलकेएम प्रत्यशी उषा देवी को 42 हजार 664 वोट हासिल हुए। यहां तो भाजपा के साथ बड़े बेदर्दी से पेश आयी जयराम की पार्टी। अरमानों को न सिर्फ कुचला, बल्कि भविष्य के लिए चेता दिया।

### बेरमो में जयराम ने भाजपा का खेल बिगाड़ दिया

बेरमो में कांग्रेस प्रत्याशी कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने 90 हजार 246 वोट लाकर जीत दर्ज की। वहीं दूसरे नंबर पर खुद जयराम महतो रहे, उन्हें कुल 60 हजार 871 वोट हासिल हुए। वहीं तीसरे नंबर पर भाजपा के रविंद्र पांडेय को 58 हजार 352 वोट मिले। यहां रविंद्र पांडेय 31 हजार 894 मतों से कुमार जयमंगल से पीछे रह जाते हैं। इनका खेल जयराम महतो ने बुरी तरह बिगाड़ दिया, जिन्हे 60 हजार 871 वोट प्राप्त हुए।

### बोकारो भी धीरे से खिसक गया

बोकारो में कांग्रेस प्रत्याशी श्वेता सिंह 1 लाख 33 हजार 438 वोट लाकर पहले स्थान पर रहीं। वहीं दूसरे स्थान पर भाजपा के बिरंची नारायण रहे, उन्हें कुल 1 लाख 26 हजार 231 वोट हासिल हुए। वहीं तीसरे नंबर पर जेएलकेएम प्रत्याशी सरोज कुमारी को 39 हजार 621 वोट हासिल हुए। बिरंची 7 हजार 207 मतों से पिछड़ गये। इस सीट पर भी भाजपा के बिरंची नारायण का खेल जयराम की पार्टी ने बिगाड़ दिया।

### चंदनक्यारी का किस्सा कभी नहीं भूलेगी भाजपा

चंदनक्यारी की बात करें तो जेएमएम प्रत्याशी उमाकांत रजक 90 हजार 27 वोट लाकर पहले स्थान पर रहे। ये वही उमाकांत रजक हैं, जिन्होंने दो बार आजसू के टिकर पर चुनाव लड़ा था और हार का स्वाद चखा था, लेकिन आजसू से बाहर जाते ही इनकी किस्मत का सितारा बुलंद हो गया और हार से पीछा छूट गया। वहीं दूसरे नंबर पर जेएलकेएम प्रत्याशी अर्जुन राजवर को 56 हजार 294 वोट हासिल हुए। तीसरे नंबर पर भाजपा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी रहे, जिन्हे 56 हजार 91 वोट हासिल हुए। यहां भी भाजपा की लुटिया जयराम महतो की पार्टी ने डुबो दी।

### जेएलकेएम ने खरसावां में भाजपा की उम्मीदों पर पानी फेर दिया

खरसावां की बात करें तो जेएमएम प्रत्याशी दशरथ गागराई को 85 हजार 772 वोट हासिल हुए और वह पहले स्थान पर रहे। वहीं भाजपा के सोनाराम बोदरा दूसरे स्थान पर रहे, उन्हें कुल 53 हजार 157 वोट हासिल हुए। वह 32 हजार 615 मतों से पिछड़ गये। तीसरे स्थान पर जेएलकेएम प्रत्याशी पाण्डु राम रहे, उन्हें कुल 33 हजार 841 वोट हासिल हुए। यह सीट भाजपा के लिए टफ थी। लेकिन यहां इस इस बार कुछ भी हो सकता था, लेकिन जेएलकेएम ने भाजपा की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

### खिजरी में धार्मिक समीकरण भाजपा के लिए कड़ी चुनौती

खिजरी की बात करें तो यहां कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कच्छप को 1 लाख 24 हजार 49 वोट हासिल हुए। वह पहले स्थान पर रहे। दूसरे स्थान पर भाजपा के राम कुमार पाहन रहे, जिन्हे कुल 94 हजार 984 वोट हासिल हुए। वह कुल 29 हजार 65 वोट से पिछड़ गये। यहां तीसरे नंबर पर जेएलकेएम प्रत्याशी समुंदर पाहन को 27 हजार 30 वोट हासिल हुए। यहां के भाजपा प्रत्याशी पहले से ही कॉन्फिडेंट नहीं थे कि वह यहां जीतेंगे। क्योंकि वहां का धार्मिक समीकरण भाजपा के लिए कड़ी चुनौती है। फिर भी राम कुमार पाहन बेहतर लड़े। यहां भी जेएलकेएम ने बहुत हद तक भाजपा का खेल बिगाड़ दिया।

### टुंडी में भी जयराम ने भाजपा का खेल बिगाड़ा

टुंडी की बात करें तो जेएमएम के मथुरा महतो 95 हजार 527 वोट लाकर पहले स्थान पर रहे। वहीं भाजपा प्रत्याशी विकास महतो 69 हजार 924 वोट लाकर दूसरे स्थान पर रहे। भाजपा प्रत्याशी 25 हजार 603 वोटों के अंतर से पिछड़ गये। यहां भी जयराम की पार्टी ने भाजपा का खेल बिगाड़ दिया। जेएलकेएम प्रत्याशी मोतीलाल महतो 44 हजार 464 वोट लाकर तीसरे स्थान पर रहे।

### तमाड़ में राजा पीटर को जेएलकेएम से ज्यादा आजसू ने पहुंचायी चोट

अब बात तमाड़ की। तमाड़ से जेडीयू प्रत्याशी राजा पीटर चुनावी मैदान में थे। उनके सामने जेएमएम के विकास मुंडा ताल ठोक रहे थे। राजा पीटर पूरी तरह आस्वस्त थे कि वह मैदान मार लेंगे, लेकिन उनका भी खेल जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम ने बिगाड़ दिया। जेएमएम प्रत्याशी विकास मुंडा 65 हजार 655 वोट लाकर पहले स्थान पर रहे। वहीं दूसरे नंबर पर राजा पीटर रहे, जिन्हे कुल 41 हजार 409 वोट हासिल हुए। वहीं जेएलकेएम प्रत्याशी दयमंती मुंडा को कुल 26 हजार 562 वोट हासिल हुए। लेकिन यहां जयराम से ज्यादा राजा पीटर का खेल आजसू ने बिगाड़ा। क्योंकि आजसू ने तमाड़ में प्रयास ही नहीं किया कि राजा पीटर को कुर्मियों का वोट मिल सके। अंदरखाने तो यहां तक चर्चा है कि आजसू कार्यकर्ताओं को राजा पीटर को सपोर्ट करने का कोई निर्देश ही नहीं दिया गया था। इस बात का खुलासा आजसू के कुछ कार्यकर्ता चर्चा के दौरान दबी जुबान करते हैं।

---

# राज्य सरकार से हमें मंत्री पद के लिए कोई प्रस्ताव नहीं मिला : दीपंकर भट्टाचार्य

- हम राज्य सरकार पर कोई दबाव नहीं बनायेंगे, बल्कि हर कदम पर सरकार का साथ देंगे
- कहा कि हम भाजपा की विचारधारा को हराने के लिए प्राथमिकता पर काम करेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाकपा (माले) के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड सरकार से हमें मंत्री पद के लिए कोई प्रस्ताव नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि सदन में हमारे पास सिर्फ दो विधायक हैं। इसलिए हम सरकार में शामिल करने के लिए राज्य सरकार पर कोई दबाव नहीं बनायेंगे, बल्कि हर कदम पर सरकार का साथ देंगे।

भट्टाचार्य शनिवार को मेन रोड स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि समन्वय समिति बने और इंडिया ब्लॉक द्वारा लोगों को दी गयी सात गारंटी को पूरा करने के लिए हम मिलकर काम करें। यदि हमें ज्यादा सीटें दी जातीं, तो नतीजे और बेहतर होते। साथ ही कहा कि झारखंड का जनादेश पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है। इससे लोगों का लोकतंत्र में विश्वास फिर से जगा है।




भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव के दौरान मैंने ऐसा जहरीला माहौल कभी नहीं देखा था लेकिन झारखंड की जनता ने एकजुट होकर ऐसी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र को भी झारखंड के जनादेश का सम्मान करना चाहिए और राज्य को अस्थिर करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। राज्य को उसका हक देना चाहिए। जहां तक हमारी पार्टी का सवाल है, हम एक बार फिर धनबाद में दो सीटें जीतने में कामयाब रहे हैं लेकिन हमें दुख है कि हम बगोदर हार गये। फिर भी सदन में हमारे दो विधायक होंगे। ये विधायक सदन के अंदर और बाहर झारखंड की जनता के मुद्दों को उठाते रहेंगे।

भट्टाचार्य ने कहा कि हम भाजपा की विचारधारा को हराने के लिए प्राथमिकता पर काम करेंगे। हम राज्य में पार्टी के संगठन का विस्तार करेंगे। 2025 में महेंद्र सिंह की 20वीं वर्षगांठ होगी और झारखंड का 25 साल का हो जायेगा और हम राज्य में सक्रिय भूमिका निभायेंगे। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर से 26 जनवरी तक हम संविधान के आदर्शों को पूरे देश में लेकर जायेंगे, जिसके तहत हम विभिन्न मार्च का आयोजन करेंगे।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अयोध्या पर फैसला अपवाद है और भविष्य में ऐसे मामले नहीं आयेंगे। इसके बावजूद निचली अदालतों से सर्वे के आदेश आ रहे हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि कल संभल में एक केंद्रीय टीम आयेगी और अजमेर में भी ऐसी ही चीजें देखने को मिल रही हैं। ऐसा लगता है कि देश में इस संबंध में एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया है और देश को पीछे ले जाने की कोशिश की जा रही है। हम लोगों से आग्रह करेंगे कि वे ऐसे झांसे में न आयें।

उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा झारखंड में अडानी राज थोपना चाहती थी और इसके लिए हरसंभव कुप्रथा अपनायी। अमेरिका में अडानी पर कार्रवाई की जा रही है लेकिन भारत में उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है और इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ेगा। क्योंकि, बिजली के दाम बढ़ गये हैं जबकि अडानी समूह के शेयर गिरने से सबसे ज्यादा नुकसान छोटे निवेशकों को होता है।

---

## इडी कोर्ट ने जेल अधीक्षक से पूछा

# कब से जेल में हैं पूजा सिंघल, मंगलवार तक दें जानकारी



**रांची (आजाद सिपाही)। नये कानून के तहत जेल से रिहा करने के लिए निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की ओर से दायर याचिका पर रांची (प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। पूजा सिंघल की ओर से बहस सुनने के बाद कोर्ट ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को यह बताने का निर्देश दिया है कि पूजा सिंहल कब से जेल में हैं और उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि कितनी हुई है। पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की। कोर्ट ने जेल अधीक्षक को मंगलवार तक उक्त जानकारी देने का निर्देश दिया है। पूजा सिंघल के अधिवक्ता के मुताबिक, नये कानून के अनुसार किसी मामले में लंबे समय से जेल में बंद आरोपी की न्यायिक हिरासत की अवधि उक्त मामले में दी जाने वाली सजा की एक तिहाई है तो उसे बेल दी जा सकती है।**

---

## कोडरमा में चर्चित हत्याकांड मामला

# 6 लोगों के हत्यारे की फांसी की सजा के खिलाफ अपील पर सुनवाई पूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अपने ही परिवार के छह लोगों की निर्मम हत्या करने के एक मामले में फांसी की सजा पाये गांगो दास की क्रिमिनल अपील और फांसी की सजा को कंफर्म करने को लेकर राज्य सरकार की क्रिमिनल अपील पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गयी। हाइकोर्ट की खंडपीठ ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। दरअसल, कोडरमा की निचली अदालत में अक्टूबर 2024 में आरोपी गांगो दास को 302 आइपीसी के तहत दोषी पाते हुए फांसी की सजा सुनायी थी। साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। गांगो दास ने इसे हाइकोर्ट में चुनौती दी है। कोडरमा की निचली अदालत में ट्रायल के दौरान अभियोजन की ओर से 10 गवाहों का परीक्षण कराया गया था।




**क्या है मामला :** घटना 26 नवंबर 2019 को हुई थी। उस समय नवलशाही थाना में पड़ोसी मदन दास के आवेदन पर केस दर्ज किया गया था। मदन दास ने दर्ज केस में बताया था कि 26 नवंबर 2019 की रात्रि वह खाना खाकर सो गया था। रात्रि करीब 9:45 बजे उसका पड़ोसी गांगो दास शराब के नशे में हाथ में बड़ा सा चाकू और रड लेकर आया था और वह पत्नी शीला देवी से झगड़ा करने लगा था। इसी बीच गुस्से में आकर उसने अपनी पत्नी को चाकू और रड से मार दिया था। यही नहीं उसने अपनी पुत्री राधिका कुमारी 4 वर्ष एवं पुत्र पीयूष कुमार 2 वर्ष को भी चाकू और रड से मार दिया था। इससे घटनास्थल पर ही राधिका कुमारी एवं पीयूष कुमार की मौत हो गयी थी।

हल्ला गुल्ला सुनकर जब उसकी मां मसोमात शांति देवी बचाने आयी तो उसे भी रड व चाकू से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। यही नहीं आरोपी ने अपनी भतीजी चांदनी कुमारी व नीतिका कुमारी को भी रड एवं चाकू से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जब आसपास के लोग वहां जुटे तो आरोपी ने खुद को एक रूम में जाकर दरवाजा बंद कर लिया और खुलवाने का प्रयास करने पर लोगों को जान से मारने की धमकी देने लगा था। आस पड़ोस के लोगों द्वारा एंबुलेंस बुलाकर घायलों को जल्द सदर अस्पताल भेजा गया था। जहां गांगो दास की पत्नी शीला देवी एवं उसके गर्भ में में पल रहे सात माह के बच्चे, मां शांति, भतीजी नीतिका कुमारी 7 वर्ष की मौत हो गयी। वहीं गंभीर रूप से घायल चांदनी कुमारी को बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

194000 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

Channel 1

आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर


| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.7 °c | 12.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.01 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.12 बजे |






मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक राधाकृष्ण किशोर, विधायक हफीजुल हसन अंसारी, विधायक राजेश कच्छप ने मुलाकात कर उन्हें जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।





मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में प्रधान सचिव राहुल पुरवार, एडीजी प्रिया दुबे, एडीजी टी कांडासामी, डीआइजी कार्मिक नौशाद आलम, एसपी रामगढ़ अजय कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की।

# बाबूलाल ने हेमंत से आलू के ट्रकों को रोकने के मामले को सुलझाने का किया आग्रह

## पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बात कर इस मामले को सुलझायें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पश्चिम बंगाल सरकार के द्वारा आलू का ट्रक झारखंड आने से रोकने पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि तत्काल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बात कर इस मामले को सुलझायें।



मरांडी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार के द्वारा आलू का ट्रक झारखंड आने से रोकने के निर्णय ने रोजमर्रा की जिंदगी में महंगाई की चिंता बढ़ा दी है। बंगाल से आलू लेकर झारखंड आ रहे सैकड़ों ट्रकों को वापस लौटाया जा रहा है। सब्जी मंडियों में भी महज कुछ दिनों का ही स्टॉक बचा हुआ है। आवक कम होने के कारण आलू की कीमतें आसमान छूती जा रही हैं और आमजनों की रसोई से आलू गायब होता जा रहा है। हेमंत सोरेन ममता बनर्जी से वार्ता कर इस समस्या का निदान करें और झारखंड में आलू की पर्याप्त अपूर्ति सुनिश्चित करें, ताकि राज्यवासियों को बढ़ती महंगाई से राहत मिल सके।

# मंगल मुंडा की चिकित्सा में लापरवाही दुर्भाग्यपूर्ण है : चंपाई

**मंगल मुंडा की मौत के लिए सरकार को जिम्मेवार ठहराया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** चंपाई सोरेन ने एक बार फिर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। शनिवार को मीडिया से बातचीत में चंपाई ने कहा कि अब तक मंत्रिमंडल का विस्तार



नहीं हुआ है। इससे यह स्पष्ट होता है कि इंडि गठबंधन में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। उन्होंने कहा कि अभी काफी काम करना है। इस मुद्दे पर अपने समर्थकों के साथ रायशुमारी भी है। उन्होंने मंगल मुंडा की मौत के लिए सरकार को जिम्मेवार ठहराया है। कहा कि झारखंड के एक विशिष्ट परिवार से आने वाले मंगल मुंडा की चिकित्सा में जिस प्रकार की लापरवाही हुई, वह दुर्भाग्यपूर्ण है।

राज्य सरकार वीर सिदो-कान्हू के वंशज रामेश्वर मुर्मू की हत्या के बाद परिजनों को न्याय दिलवाने में विफल रही। एक बार फिर शहीद परिवारों के मामले में सरकार बेनकाब हो गयी है।

# झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की केंद्रीय कमेटी घोषित, कई नये सदस्यों को मिला मौका

**8 दिसंबर को रांची में होगा शपथ ग्रहण**

**संघर्ष के लिए संगठन का मजबूत होना जरूरी: महेश्वर साहू**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की 70 सदस्यीय केंद्रीय कमेटी की शनिवार को घोषणा कर दी गयी। केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने शनिवार को रांची के सर्कुलर रोड स्थित अप्सरा सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये इसकी जानकारी देते हुए कहा कि स्थापना दिवस सह कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद केंद्रीय कमेटी का पुनर्गठन किया जा रहा है, ताकि नये, सक्रिय एवं समर्पित सदस्यों को आगे बढ़ाया जा सके। 75 सदस्यीय केंद्रीय समिति में पांच विभिन्न पद रिक्त भी रखे गये हैं। जबकि जिलाध्यक्षों एवं प्रकोष्ठ संगठनों की घोषणा 7 दिसंबर को किया जायेगा।

**जारी सूची के अनुसार :** केंद्रीय अध्यक्ष- महेश्वर साहू, कार्यकारी अध्यक्ष- रेखा मंडल हीरानाथ साहू एवं मोहन साव, वरीय उपाध्यक्ष- रामसेवक प्रसाद अधिवक्ता, अश्विनी कुमार साहू , संजीव चौधरी, सुरेश साहू, ढलन साव, डॉ माधवचंद, हरेलाल मंडल, अनंतलाल विश्वकर्मा, केंद्रीय उपाध्यक्ष- योगेंद्र प्रसाद, प्रमोद चौधरी , लक्ष्मण साहू , परशुराम प्रसाद, प्रेमशंकर भगत, सहदेव चौधरी, दिनेश्वर साहू, प्रधान महासचिव- इंदू भूषण गुप्ता, उप-प्रधान महासचिव सह प्रवक्ता- उपेंद्र प्रसाद , अशोक गुप्ता, केंद्रीय महासचिव- आदित्य नारायण प्रसाद, कपिल प्रसाद साहू, दिनेश्वर मंडल, नंदलाल साह, बद्री भगत, दिलीप प्रसाद, शत्रुघ्न मंडल, विष्णु मंडल, कंचन साह, रामाशंकर राजन, केंद्रीय, संगठन महासचिव- कृष्णा प्रसाद साहू, रोहित शारदा, अनिल वैश्य, केंद्रीय सचिव- गुड्डू साहा, शिवनंदन प्रसाद, राजीव कुमार, ध्रुव साह, रामेश्वर मंडल, रमेश प्रसाद साहू, सुमन जायसवाल, केंद्रीय संगठन सचिव- लखन अग्रवाल, राजेश्वर साव, राजेंद्र साहू, जगदीश साहू, राजाराम प्रसाद, अरुण कुमार गुप्ता, आरडी साहू, उपेंद्र गुप्ता, जयकांत मंडल, लगनू साहू, कोषाध्यक्ष- राजेंद्र प्रसाद साहू, मीडिया प्रभारी- राहुल कुमार साहू, कार्यकारिणी सदस्य- डॉ अरविंद कुमार, महाबीर साहू, नरेश साहू, प्रमोद गुप्ता, हलधर साहू, भुनेश्वर साव, नम्रता सोनी, पूनम जायसवाल, मीनू कुमारी, दीपारानी कुंज, मुकेशलाल सिंदूरिया, युवराज कुमार, हृदय प्रसाद साहू, नीलम देवी, संजय कुमार साहू एवं उदय गुप्ता को बनाया गया है। इन सभी पदाधिकारियों का आगामी 8 दिसंबर को रांची में शपथ ग्रहण कराया जायेगा।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

**मेष** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए समय लाभप्रद रहेगा, प्रियजनों का आवागमन।

**वृष** सुख-सुविधा के साधन बनेंगे। आर्थिक लाभ.व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।

**मिथुन** धन लाभ, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय मिलेगा।

**कर्क** माता पिता का सहयोग,प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह** पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा। विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता,मनोकामनाएं पूरी होगी।

**कन्या** बिगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**तुला** नौकरी में उल्लास, दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**वृश्चिक** पारिवारिक दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक करना पड़ेगा। मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा।

**धनु** आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा, मित्र-कुटुम्बियों का सहयोग, जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा।

**मकर** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**कुंभ** विरोधियों पर विजय,सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।

**मीन** विना-विचारें कोई काम न करें, चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा।




आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 01 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# संविधान हमें बड़े सपने साकार करने की स्वतंत्रता देता है : सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** संविधान दिवस के 75वें वर्ष पूरे होने पर शनिवार को सांसद कार्यालय में संविधान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि संविधान हमें बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की स्वतंत्रता देता है। संविधान हमें लोकतांत्रिक आदर्श नागरिक अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता करने का काम करता है परंतु आज कुछ राजनीतिक पार्टियों हाथ में डायरी लेकर चमकाते हैं जो ठीक नहीं है। हम आज संविधान के बदौलत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। कथित, कुछ पार्टियां अपने वोट बैंक की खातिर अपने हिसाब से संविधान को बदला जिसका जीता जागता उदाहरण देश में लगाये गये आपातकाल हैं। आज वह संविधान की दुहाई दे रहे हैं। आज भारत इस संविधान के ग्रंथ के माध्यम से देश आगे बढ़ रहा है संविधान हमें हमारे अधिकार और कर्तव्यों के बीच संतुलन बनाये रखने और सभी नागरिकों के लिए समानता और न्याय सुनिश्चित करने की प्रेरणा देता है। हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान है।

बैजनाथ मिश्र ने कहा हमारा संविधान संवैधानिक मूल्यों और कर्तव्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम करता है। भारत की प्रगति, प्रगतिशीलता और समावेशी समाज बनाने की प्रतिबद्धता की याद दिलाता है। राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने और विविधता में एकता के विचार को मजबूत करता है। रांची के विधायक सीपी सिंह ने आये सभी लोगों को शपथ दिलायी।

इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, रांची के विधायक सीपी सिंह, हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, रांची के पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजय वर्गीय, कांके के पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम, मांडर के भाजपा के प्रत्याशी रहे सन्नी टोपो, महानगर के महामंत्री बलराम सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सीएम हेमंत सोरेन से डॉ राम सिंह ने मुलाकात की



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को डीपीएस रांची के पूर्व प्राचार्य एवं मार्गदर्शक, डॉ राम सिंह और वर्तमान प्राचार्य डॉ आरके झा ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड चुनाव में उनकी शानदार जीत पर हार्दिक बधाई दी एवं शिक्षा के क्षेत्र के उन्नयन एवं विकास के प्रति पारस्परिक समर्पण का संकल्प दोहराया। बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने शिक्षा क्षेत्र में सुधारों की आवश्यकता पर चर्चा की। हेमंत सोरेन ने पूरे झारखंड में शैक्षिक मानकों को ऊपर उठाने के उद्देश्य से की गयी पहल के लिए अपने अटूट समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने युवाओं के पोषण और राज्य के भविष्य को आकार देने में डीपीएस रांची के अनुकरणीय योगदान के लिए भी प्रशंसा की।

## महत्वपूर्ण खबरें

### बरौनी-कटिहार रेलखंड में नहीं हो रहा था कोई कार्य : रेलवे

हाजीपुर (आजाद सिपाही)। कतिपय न्यूज चैनल द्वारा बरौनी-कटिहार रेलखंड में महेशखूंट के निकट रेलवे ट्रैक पर काम कर रहे दो मजदूरों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत से संबंधित समाचार प्रसारित किया गया है। रेलवे द्वारा जांचोंपरांत पाया गया कि उक्त स्थान पर कोई काम नहीं चल रहा था, और ना ही आगे के लिए ऐसी कोई योजना थी। उस दिन न तो कोई ब्लॉक था, न ही कोई रेलवे संबंधित कार्य हो रहा था।

### जेएसएसपीएस में बैठक, खिलाड़ियों के खेल-प्रदर्शन पर चर्चा

रांची (आजाद सिपाही)। जेएसएसपीएस द्वारा शनिवार को खेलगांव के टानाभगत हॉल में अकादमी में रह रहे खिलाड़ियों के अभिभावक के साथ प्रशिक्षकों एवं स्कूल शिक्षकों के साथ एक बैठक की गयी। जिसमें खिलाड़ियों के शैक्षणिक एवं खेल से संबंधित विषयों एवं उनके प्रदर्शन के ऊपर विवरणी प्रस्तुत की गयी। इसके साथ खिलाड़ियों के खेल-प्रदर्शन, हॉस्टल एवं अन्य सुविधाओं एवं आगे की बेहतर प्रदर्शन के साथ-साथ स्कूल के प्रदर्शन को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। इस बीच जेएसएसपीएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गिरीश कुमार राठोर द्वारा सभों को अकादमी के सभी विषयों पर प्रकाश डालते हुए खिलाड़ियों के अनुशासन के ऊपर अपनी बात रखी। बैठक में जेएसएसपीएस के अन्य अधिकारियों द्वारा भी अविभावकों को संबोधित किया गया तथा अकादमी के सभी दिशा निर्देशों के बारे में बताया गया एवं आगे की कार्ययोजना के बारे में अवगत कराया गया । बैठक की समाप्ति पर अकादमी के सुविधाओं के ऊपर अविभावकों से भी विचार लिया गया तथा अकादमी में सुधार हेतु सुझाव लिये गये।

### त्रिपुरा के मत्स्य पालक चार दिवसीय झारखंड दौरे पर



रांची (आजाद सिपाही)। त्रिपुरा के मत्स्यपालकों का नौ सदस्यीय दल चार दिनों के झारखंड दौरे पर रांची पहुंचा। इस क्रम में मत्स्यपालकों के दल ने आज (शनिवार) को मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र, रांची में भ्रमण किया तथा मत्स्य पालन की विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही यहां के तालाबों में हो रहे मछलीपालन, केज में मछलीपालन, आरएएस, बायोफ्लाक, झींगा पालन, मोती पालन, समन्वित मछलीपालन आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा इससे काफी प्रेरित हुए। सुबह-सुबह हाइजेनिक फिश मार्केट तथा फिश फीड मील के साथ साथ मत्स्य किसान प्रशिक्षण के विभिन्न मॉडल का अवलोकन किया। टीम का नेतृत्व विश्वा देववर्मा, एरिया मैनेजर, सेंटर फॉर माइक्रोफाइनेंस और लाइवलीहुड (टाटा ट्रस्ट की पहल) ने किया। साथ में टाटा ट्रस्ट, मुंबई के नीरज कुमार वर्मा, कंसल्टेंट-सह-सलाहकार भी उपस्थित थे। उक्त जानकारी मत्स्य निदेशालय के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।

### एड्स बीमारी के खिलाफ जागरूकता रैली




रांची (आजाद सिपाही)। संत जेवियर्स कॉलेज रांची की एनएसएस यूनिट ने झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के सहयोग से विश्व एड्स दिवस के पूर्व संध्या पर एड्स बीमारी के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया। एनएसएस स्वंयसेवकों ने सदर अस्पताल से शुरू होकर मिशन चौक तक कैंडल मार्च निकाल लोगों को जागरूक किया। रैली में झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के वरीय पदाधिकारीगण, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिर्बान गुप्ता, सोसाइटी के नर्सिंग स्टाफ और छात्र प्रतिनिधि सिदरा, रिमशाह और आकाश और अन्य स्वयंसेवक भी उपस्थित थे।

### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने अन्नपूर्णा सेवा में 410 लोगों ने कराया भोजन



रांची (आजाद सिपाही)। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित पहाड़ी मंदिर रोड स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा 225 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। आज की इस अन्नपूर्णा सेवा स्व गीता देवी की पुण्यतिथि में उनकी पुत्री पुष्पा देवी, दामाद बजरंग केडिया, पुत्र महेश अग्रवाल एवं उनके परिवार द्वारा प्रायोजित थी। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में 185 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया। दोनों अन्नपूर्णा सेवा मे 410 लोगों ने भोजन किया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा सेवा के संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव सबों के परिवार पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी। दोनों अन्नपूर्णा सेवा विगत ढाई वर्षों से प्रतिदिन निरंतर सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। इस अवसर पर- मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, प्रमोद अग्रवाल, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, प्रदीप नारसरिया,मनोज रुइया, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, निर्भय शंकर हरित, सांवरमल बुधिया, संजय सर्राफ,रमेश बंका, सहित कई सदस्य उपस्थित थे। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि दोनों अन्नपूर्णा सेवा स्व. सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व. शारदा देवी नारसरिया की स्मृति में एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित है।

# लहसुन 400 के पार, धनिया शतक मारने के चक्कर में

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में महंगाई की मार ने आम जन को बेजार कर दिया है। सब्जियों में लहसुन की खुश्बू तक नहीं आ रही। बाजार में लहसुन 400 रुपये किलो बिक रहा है। बंगाल ने आलू की ट्रांसपोर्टिंग रोक दी है। सब्जियों में आलू की धमक फीकी पड़ गयी है। झारखंडी पर्यटन स्थल नया आलू 45 रुपये किलो बिक रहा है। वहीं पुराना सफेद आलू की कीमत बढ़कर 35 रुपये और पुराना लाल आलू 40 रुपये प्रति किलो हो गया है। प्याज ने भी हाफ सेंचुरी मार दी है। रांची के बाजारों में प्याज 55 रुपये किलो बिक रहा है।

**मटर की सेंचुरी, टमाटर और मिर्च हाफ सेंचुरी पार :** स्पाइसी(तीखा) खाने वालों को मिर्चा भी रूला रहा है। मिर्च 80 रुपये और टमाटर 60 रुपये किलो मिल रहा है। धनिया पत्ता शतक की ओर बढ़ चला है। रांची के बाजारों मोराहबादी बाजार, भेजीटेबल मार्केट,बहुबाजार और डेली मार्केट में धनिया पत्ता 80 रुपये किलो बिक रहा है। सेम भी 80 रुपये किलो बिक रही है। वहीं मटर सेंचुरी लगा चुका है। बाजार में इसकी कीमत 120 रुपये किलो है।

**साग पर भी आफत :** साग भी 40 से 80 रुपये किलो बिक रहा है। पालक साग 50 रुपये तो चना और मेथी साग 80 रुपये किलो बिक रहा है। मूली 40 रुपये किलो, बंधा-फूल गोभी और फ्रेंचबीन 40 रुपये किलो बिक रहा है।

**बैगन राजा भी तरेर रहा आंखें :** बैगन राजा भी अपनी आंखे तरेर रहा है। बैगन 60 रुपये किलो बिक रहा है। कद्दू 30 रुपये, करैला 60 रुपये, परवल 40, शकरकंद 40, नेनुआ 50, बोदी 40, भिंडी 80 रुपये किलो तक पहुंच गयी है।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में शतरंज चैंपियनशिप

**इंटर-स्कूल शतरंज चैंपियनशिप 2024-25 की मेजबानी की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने 29 और 30 नवंबर, 2024 को विद्यालय परिसर में इंटर-स्कूल शतरंज चैंपियनशिप 2024-25 की मेजबानी की। यह चैंपियनशिप रांची सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स द्वारा आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय और ऑल झारखंड शतरंज एसोसिएशन के संयुक्त सचिव दीपक कुमार उपस्थित थे। प्रतियोगिता का प्रारंभ अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों और प्रतिभागियों के स्वागत में विद्यालय के बच्चों ने मनमोहक ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्या परमजीत कौर ने उपस्थित प्रतियोगियों एवं अतिथियों को संबोधित किया। साथ ही खेलों के नियमों की घोषणा की। प्रतियोगिता में रांची के 18 स्कूलों के 183 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता चार श्रेणियों- अंडर 11, अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 में आयोजित की गयी थी। परिणामों की घोषणा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अंडर-11 (ब्वाय) वर्ग में ब्रिजफोर्ड स्कूल तुपुदाना के उजन मंडल ने पहला स्थान, कैराली स्कूल रांची के श्रेयांश राज ने दूसरा स्थान और कैराली स्कूल रांची के विवान वैदिक ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-14 (ब्वाय) वर्ग में लोयोला कॉन्वेंट स्कूल के जाकी शाद ने पहला स्थान, शारदा ग्लोबल स्कूल के शान जरांग बोरो ने दूसरा स्थान और डीएवी पब्लिक स्कूल गांधी नगर के अपूर्व सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-17 (ब्वाय) वर्ग में शारदा ग्लोबल स्कूल के अक्षर कुमार मिश्रा ने पहला स्थान, जवाहर विद्या मंदिर श्यामली के तेजस राज ने दूसरा स्थान और जवाहर विद्या मंदिर श्यामली के आदित्य कुमार झा ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-19 (ब्वाय) वर्ग में एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल के पीयूष छेत्री ने पहला स्थान, मनन विद्या के ध्रुव कुमार मुंडा ने दूसरा स्थान और एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल के कुमार शाश्वत ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-11 (गर्ल) वर्ग में चिरंजीवी कॉन्सेप्ट स्कूल की दामिनी तिर्की ने पहला स्थान, विद्या विकास पब्लिक स्कूल की यामिनी याशिर ने दूसरा स्थान और विद्या विकास पब्लिक स्कूल की कविका राज ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-14 (गर्ल) वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल गांधीनगर की श्रेया सुमन ने पहला स्थान, डीएवी पब्लिक स्कूल गांधीनगर की अन्विता दास ने दूसरा स्थान और जवाहर विद्या मंदिर की यशिका प्रेरणा दादेल ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-17 (गर्ल) वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल गांधीनगर की मानसी सिंह ने प्रथम स्थान, लोयोला कॉन्वेंट स्कूल की अनन्या चैरसिया ने दूसरा स्थान तथा सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल की सान्या सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या परमजीत कौर ने विजेता टीमों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह खेल नवाचार और रचनात्मकता को भी बढ़ावा देता है जिस पर एनइपी 2020 द्वारा भी जोर दिया गया है।

# महिला सशक्तिकरण के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें : प्रो बिमल प्रसाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** शनिवार को इंडियन एसोसिएशन ऑफ वूमेन स्ट्डीज, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची और गुरुनानक कॉलेज, धनबाद के संयुक्त सौजन्य से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के सभागार में दो दिवसीय मध्य पूर्वी क्षेत्रीय कांफ्रेंस का समापन हुआ। इस दो दिवसीय वर्कशॉप सह कांफ्रेंस का विषय था, जेंडर एंड मार्जिनलाइजेशन इन मिड इस्टर्न इंडिया। शनिवार को समापन सत्र में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इन दो दो दिनों के गहन विचार विमर्श और शैक्षणिक संवाद के परिणामस्वरूप कई ऐसे सार्थक परिणाम आयेंगे जो महिलाओं विशेषकर जनजातीय महिलाओं के लिए कई सकारात्मक पहलुओं को उजागर करेगा। समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ बिमल प्रसाद सिंह, कुलपति, सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका ने कहा कि आदिवासी और ग्रामीण समुदायों की समस्याओं को समझे बिना उनका उचित समाधान संभव नहीं है। विशेष तौर पर यह झारखंड में स्थित सभी विश्वविद्यालयों का सामूहिक प्रयास होना चाहिए कि महिला सशक्तिकरण के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन अपने यहां नियमित अंतराल पर करे। मौके पर डॉ नमिता सिंह, कुलसचिव, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची ने अपने संबोधन में सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन लैंगिक असमानता जैसी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विशिष्ट अतिथि डॉ विभा पांडेय, उपनिदेशक, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार ने स्वास्थ्य और शिक्षा में असमानताओं पर चर्चा की। आइएडब्ल्यूएस की अध्यक्षा डॉ कल्पना करुणाकरण ने अपने संस्थान के महिला सशक्तिकरण पर किये जा रहे प्रयासों की चर्चा की। इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के दौरान कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, डॉ विभा पांडेय, डॉ माया जॉन, डॉ अभय कृष्ण सिंह, डॉ शमा सोनाली, डॉ धनंजय द्विवेदी डॉ शुचि संतोष बरवार की मौजूदगी रही। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# सरला बिरला में एक्सपर्ट टॉक का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** देश के प्रत्येक नागरिक को संविधान की जानकारी होनी चाहिए, क्योंकि संविधान का गहरा प्रभाव देश की शासन व्यवस्था पर पड़ता है। उक्त बातें शनिवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय में सरला बिरला मेमोरियल श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित एक्सपर्ट टॉक के अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश कुमार ने कहीं। वे बतौर मुख्य अतिथि विवि प्रेक्षागृह में उपस्थित श्रोताओं को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन के दौरान न्यायाधीश ने भारतीय संविधान के बुनियादी तत्वों पर भी विस्तार से चर्चा की और इसकी संकल्पना पर प्रकाश डाला। मानवीय जीवन में सादगी और ज्ञान के महत्व पर भी उन्होंने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत संबोधन में विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने सरला बिरला जी की दूरदृष्टि पर अपना विचार प्रस्तुत किया। आज के दौर में भारतीय संविधान की महत्ता और इसकी प्रासंगिकता तथा संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर भी उन्होंने बात की। कार्यक्रम के अंत में इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने न्यायपालिका, इससे जुड़े अवसरों और भारतीय न्यायिक व्यवस्था में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से जुड़े सवाल पूछे। कार्यक्रम में धन्यवाद भाषण प्रभारी कुलपति एसबी डांडीन ने दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता दीनबंधु, विवि के कुलसचिव प्रो. वीके सिंह, लॉ विभाग की इंचार्ज कोमल गुप्ता, श्वेता सिन्हा, डॉ. आरके सिंह, डॉ रश्मि सहाय, राजीव रंजन, डीन डॉ नीलिमा पाठक, डीन डॉ संदीप कुमार, डॉ पंकज गोश्वामी, डॉ सुभानी बाड़ा, प्रवीण कुमार, अनुभव अंकित समेत विवि के अन्य शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति माननीय श्री बिजय कुमार दलान और माननीय सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने इस एक्सपर्ट टॉक के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# सीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** शनिवार को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय, रांची के विभिन्न विभागों में कार्यरत कुल 6 कर्मी श्याम नारायण महतो, महाप्रबंधक (एमएम), एमएम विभाग, रमाकांत पांडेय, महाप्रबंधक (एचआरडी), मानव संसाधन विभाग, प्रफुल्ल नारायण राय, मुख्य प्रबंधक (इएंडएम), जेएसएसपीएस, राकेश कुमार दराद, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), उत्खनन विभाग, महादेव राम, सब. इंजीनियर (इएंडएम); गणेश कुमार तिवारी, वरीय भंडारपाल, टीए विभाग, पुष्पा लकरा, ओएस ए-1, पी एंड आइआर विभाग; राजदेव सिंह, मुख्य फार्मासिस्ट ए-1, गांधीनगर अस्पताल, चंदेश्वर सिंह, ओएस ए-1 एवं जगेश्वर बेदिया, सहायक रिगमैन, लपंगा ड्रिलिंग कैंप को सीसीएल परिवार की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन कर उनके सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गयी। ज्ञात हो कि नवंबर माह, 2024 में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 96 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। अवसर विशेष पर सीएमडी, सीसीएल निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दुहान, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) सतीश कुमार झा सहित अन्य विभागों के महाप्रबन्धक /विभागाध्यक्षगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कायार्नुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) सम्मान समारोह के दौरान प्रदर्शित किया गया। इस फिल्म में सभी सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी निरंतर नयी ऊंचाइयों को छू रही है और हम इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना करते हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमडी, सीसीएल निलेंदु कुमार सिंह ने अपने संबोधन में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों से कहा कि आप सभी लोग अपनी मेहनत, समर्पण और निष्ठा से न सिर्फ कंपनी को ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, बल्कि कंपनी की पूरी तरह से कायाकल्प किया है। सिंह ने कहा कि जीवन की दूसरी पारी में व्यायाम, तीर्थाटन, देश भ्रमण, सामाजिक कार्य के साथ-साथ अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करें। निदेशकगणों ने भी सेवा निवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान को याद करते हुए उनके इस यात्रा के सुखद समापन पे शुभकामनाएं प्रेषित की और दूसरी पारी की बधाई दी।

# डीसी से कैलाश यादव ने शिष्टाचार मुलाकात की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** शनिवार को प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने प्रतिनिधि साथियों के साथ दूसरी बार रांची के नवनियुक्त उपायुक्त बने मंजू भजंत्री से डीसी कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात कर अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर यादव ने उपायुक्त मंजू भजंत्री से कहा कि आपसे रांची वासियों को काफी उम्मीदें हैं क्योंकि आप बाबा नगरी देवघर एवं लौह नगरी जमशेदपुर में पदस्थापित होकर कई कीर्तिमान काम किया है। इसलिए रांची में सामाजिक सौहार्द्र अमन चैन शांति विधि व्यवस्था तथा जनसरोकार के विकास की ओर एक कुशल प्रशासक के तौर पर आप काम करेंगे। रांची उपायुक्त मंजू भजंत्री से कैलाश यादव के साथ मुलाकात करने के दौरान शब्बर फातमी, निर्मल कुमार, सादिक भाई ,अभिजीत सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दी बधाई








मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न जिलों से आये लोगों ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

# झारखंड प्रदेश भाजपा हार के कारणों की समीक्षा में जुटी

## दो दिन की बैठक के बाद तीन दिसंबर को दिल्ली में बैठक होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश भाजपा शनिवार से हार के कारणों की समीक्षा में जुट गयी है। यह सिलसिला रविवार तक जारी रहेगा। जानकारी के अनुसार, हार के कारणों में अंदरूनी कलह और भितरघात की बातें सामने आयीं। देवघर के पूर्व विधायक नारायण दास ने दो टूक कहा कि हमें तो अपनों ने लूटा। वहीं गिरिडीह से उम्मीदवार रहे निर्भय शाहाबादी ने कहा कि मेरे साथ भितघात हुआ।




भाजपा प्रदेश कार्यालय में समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय और अमर बाउरी के अलावा भाजपा के सभी प्रत्याशी एवं सभी जिला अध्यक्ष मौजूद रहे।

समीक्षा बैठक में भाजपा के उम्मीदवारों ने हार की वजह बतायी। कई उम्मीदवारों ने कहा कि मंईयां योजना के प्रति जनता का आकर्षण रहा। वहीं अंतिम समय में मंईयां योजना के तहत राशि बांटी गयी। कई उम्मीदवारों ने चुनाव के दौरान हुई खामियों पर भी जमकर भड़ास निकाली। अंदरूनी कलह को प्रमुख कारण बताया गया। कई उम्मीदवारों ने कहा कि हमें फिर से संगठन के कार्यों में लगे रहना है। जानकारी के अनुसार, हारे हुए उम्मीदवारों से वन टू वन फीडबैक भी लिया जायेगा। जिससे पार्टी यह भी पता करेगी कि कहां चूक हुई। कहां मिस मैनेजमेंट हुआ। सांगठनिक स्तर पर भी चूक के कारणों का पता लगाया जायेगा। समीक्षा बैठक पूरी होने के बाद जो बातें सामने निकल कर आयेंगे, उसे आलाकमान को अवगत कराया जायेगा। इसकी रिपोर्ट सौंपी जायेगी। झारखंड में दो दिन की बैठक के बाद तीन दिसंबर को दिल्ली में बैठक होगी।

# पूर्व तट रेलवे ने उन्नत लिनन धुलाई प्रणालियों के साथ यात्रा को स्वच्छ और आरामदायक बनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे अपने नेटवर्क में उन्नत लिनन धुलाई प्रणालियों के कार्यान्वयन के साथ यात्री आराम और स्वच्छता को प्राथमिकता देना जारी रखा है। रेलवे स्वच्छता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ यह सुनिश्चित कर रहा है कि वातानुकूलित डिब्बों में यात्रा करने वाले प्रत्येक यात्री को ताजा, स्वच्छ और अच्छी तरह से रखा हुआ लिनन मिले। पूर्व तट रेलवे वर्तमान में 2,428 एलएचबी कोच (1,327 एसी और 1,101 नॉन-एसी) और 938 आईसीएफ कोच (239 एसी और 699 नॉन-एसी) यानों का संचालन करता है, जो रेलवे बोर्ड के दिशा-निदेशों के अनुरूप सभी वातानुकूलित डिब्बों में लिनन प्रदान करता है। यात्रियों को दिये जाने वाले बेडरोल सेट में 2 चादरें, 1 कंबल, 1 फेस टॉवल, 1 तकिया कवर और 1 तकिया शामिल हैं।




**मुख्य विशेषताएं: कुशल शिकायत प्रबंधन:** भारतीय रेलवे ने यात्रियों की शिकायतों, विशेष रूप से बिस्तर से संबंधित शिकायतों को शीघ्रता से दूर करने के लिए क्षेत्रीय और मंडल स्तरों पर वॉर-रूम स्थापित किए हैं। शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए रेल मदद पोर्टल के माध्यम से कुशलतापूर्वक प्रबंधन किया जाता है। **कंबल सफाई का समय कम करना:** भारतीय रेलवे ने कंबल धुलाई की आवृत्ति में काफी सुधार किया है। 2010 में, सफाई चक्र हर 3 महीने में था, जिसे 2016 तक घटाकर 2 महीने कर दिया गया था। उच्च मानकों को बनाए रखने के चल रहे प्रयास में, आवृत्ति अब और घटाकर हर महीने एक बार कर दी गई है। **बिस्तर का प्रावधान:** वातानुकूलित कोचों में यात्रा करने वाले प्रत्येक यात्री के लिए भारतीय रेलवे दो बिस्तर चादरें प्रदान करता है यात्रियों को आमतौर पर लगता है कि उपलब्ध कराई गई चादरें आराम के लिए पर्याप्त से अधिक हैं। **कुशल लिनन धुलाई प्रक्रिया:** पूर्व तट रेलवे सुनिश्चित करता है कि सभी लिनन को उच्चतम मानकों के अनुसार साफ किया जाये। धुलाई चक्र में पृथक्करण, धुलाई, हाइड्रो-एक्सट्रैक्शन, सुखाने, कैलेंडरिंग, और पैकेजिंग शामिल है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि लिनन साफ और प्रस्तुत करने योग्य है। धुलाई आवृत्ति उच्चतम स्वच्छता मानकों को बनाये रखते हुए यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन की गयी है। हर यात्रा के बाद चादरें, चेहरे के तौलिये और तकिए के कवर धोए जाते हैं। कंबलों को ड्राई क्लीनिंग मशीनों का उपयोग करके मासिक रूप से धोया जाता है, जिससे गहरी सफाई और ताजगी सुनिश्चित होती है। **लिनन की गुणवत्ता को बनाये रखना:** पूर्व तट रेलवे निरंतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अपने लिनन के जीवनकाल की सावधानीपूर्वक निगरानी करता है। खादी की चादर : 12 महीने, पॉलीवस्त्र की चादरः 24 महीने, तकिया कवरः 9 महीने, तकियाः 24 महीने, कंबलः 24 महीने लिनन की गुणवत्ता का रैंडम जांच के माध्यम से कठोर परीक्षण किया जाता है, और प्रत्येक बैच की सफाई को व्हाइटनेस मीटर का उपयोग करके दैनिक रूप से सत्यापित किया जाता है। **विस्तृत ध्यान:** इस बात की गारंटी देता है कि यात्रियों को हर यात्रा के लिए उच्च गुणवत्ता वाला लिनन मिले। **पूर्व तट रेलवे में लिनन वॉशिंग सिस्टम:** पूर्व तट रेलवे लिनन धुलाई के लिए दो प्राथमिक मॉडल का उपयोग करता है: **बीओओटी (बिल्ड, ओन, ऑपरेट, ट्रांसफर) मॉडल:** विशाखापत्तनम और संबलपुर डिपो में, क्रमशः 8 टन/दिन और 2 टन/दिन की क्षमता के साथ। **आउटसोर्स मॉडल:** आउटसोर्स एजेंसियां पुरी (29 टन/दिन), भुवनेश्वर (13.5 टन/दिन) और विशाखापत्तनम (9.4 टन/दिन) में धुलाई का प्रबंधन करती हैं, जिससे दैनिक मांगों को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता सुनिश्चित होती है। **पूर्व तट रेलवे में लिनन की आवश्यकता और वितरण:** पूर्व तट रेलवे की कुल दैनिक लिनन की आवश्यकता 49.2 टन है, जिसे निम्नानुसार वितरित किया जाता हैः पुरीः 18.5 टन/दिन, भुवनेश्वरः 10.8 टन/दिन, विशाखापत्तनमः 17.9 टन/दिन, संबलपुरः 2 टन/दिन इन-हाउस और आउटसोर्स की गयी सुविधाओं में प्रतिदिन 61.9 टन से अधिक की संयुक्त धुलाई क्षमता के साथ, पूर्व तट रेलवे सभी यात्रियों के लिए स्वच्छ लिनन की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करता है। **यात्री सुविधा और प्रतिक्रिया:** पूर्व तट रेलवे यात्री प्रतिक्रिया, याद्दच्छिक परीक्षण जांच और दैनिक स्वच्छता आकलन के माध्यम से लिनन की गुणवत्ता की सक्रिय रूप से निगरानी करता है। रेलवे यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए स्वच्छता के उच्चतम मानक उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# समाहरणालय में पदाधिकारियों-कर्मियों के कार्यालय पहुंचने की होगी मॉनिटरिंग

## डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने नियुक्त किया नोडल पदाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंजूनाथ भजंत्री रांची का उपायुक्त बनते ही एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। एक दिन पहले जहां जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों की बैठक में सभी को ऑफिस समय से आने और आई कार्ड ऑन डिस्प्ले रखने की हिदायत दी थी।

वहीं, इसके अगले ही दिन शनिवार को समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई समेत पदाधिकारियों व कर्मचारियों के समय पर कार्यालय पहुंचने की मॉनिटरिंग के लिए नोडल पदाधिकारी तक नियुक्त कर दिया है।

### सुबह ही कार्यालय प्रकोष्ठ में की बैठक

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शनिवार सुबह अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक कर रांची समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई के संदर्भ में निर्देश दिये। समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई एवं रखरखाव को और बेहतर बनाने के लिए उपायुक्त द्वारा नोडल पदाधिकारी को नामित किया गया। जिला स्तर पर प्रत्येक कार्यालय में कर्मी समय पर अपने कार्यालय पहुंचे इसके लिए प्रतिदिन की मॉनिटरिंग करने के लिए भी नोडल पदाधिकारी को उपायुक्त द्वारा प्रतिनियुक्त किया गया है।

समाहरणालय के पदाधिकारी एवं कर्मियों के आइडी कार्ड बनाने तथा आम जनों की शिकायतों के निस्तारण हेतु व्हाट्सएप नंबर पर सतत फॉलो अप बनाये रखने हेतु प्रतिनियुक्ति संबंधित कार्य में हुई प्रगति की जानकारी उपायुक्त ने ली। व्हाट्सअप पर जन शिकायतों के समाधान के लिए कर्मी व पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किये। विदित हो कि जिला प्रशासन द्वारा रांची जिला स्तर पर एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया जायेगा, जिसमें आम जन अपनी शिकायतें दर्ज कर सकेंगे। आम लोगों की समस्याओं को तुरंत संज्ञान में लेकर संबंधित विभाग द्वारा उसका समाधान किया जाये, इसके लिए तीन पालियों में दो-दो कर्मियों एवं पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति उपायुक्त द्वारा की गयी है।

पूर्व मध्य रेल
निविदा सूचना
विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना
विद्युत/क०वि० विभाग के लिये खुली निविदायें
मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। ई निविदा सं.–TRD-OT-9-JACKETMAST-24-25, क्र.सं. (1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : Jacketing for protection of Masts/ Portals erected on siding loading platform/ goods Wharf for safety of OHE assets in TRD Dhanbad division कार्य समापन की अवधि – (3) तीन माह (2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : रूपया 88,56,332.40 निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य/– (3) बीड सिक्युरिटि– रू० 1,77,200/– (4) ई निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथि 19.12.2024 को 11.00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि 19.12.2024 को 11.30 बजे। (5) वेबसाईट का विवरण: वेबसाईट www.ireps.gov.in. ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
मंडल रेल प्रबंधक/क०वि०/धनबाद
पीआर/1613/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/24-25/32

# खेलगांव विस्थापित कल्याण समिति ने बिरसा मुंडा जयंती सह जतरा महोत्सव का किया आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खेलगांव विस्थापित कल्याण समिति ने बिरसा मुंडा जयंती सह जतरा महोत्सव का आयोज किया। शनिवार को रांची के खेलगांव में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष राजू कच्छप, उपाध्यक्ष सुनील टोप्पो, सचिव राजू नायक, कोषाध्यक्ष रोहित ठाकुर, संरक्षक रूपक मुंडा और विश्वजीत गोप की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस कार्यक्रम का आयोजन पिछले 10 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। खेल गांव स्टेडियम के निर्माण के पहले से ही यह स्थल सरना स्थल के रूप में पूजा अर्चना के लिए उपयोग किया जाता था।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

# राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ने नक्सल विरोधी जंगल अभ्यास किया

**रांची (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के जरिये नक्सल विरोधी जंगल 'अभ्यास- थंडरबोल्ट', 27 से 30 नवंबर तक रांची में आयोजित किया गया। पुलिस मुख्यालय की ओर से शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि यह अभ्यास रांची के बाहरी इलाकों में विभिन्न नक्सल प्रभावित संवेदनशील क्षेत्रों में आयोजित किया गया था। अभ्यास में नक्सलियों के जरिये अपनायी जा रही नवीनतम कार्यप्रणाली को शामिल करते हुए विभिन्न परिदृश्यों का अनुकरण किया गया, जिसका उद्देश्य प्रतिक्रियाकर्ताओं को यथार्थवादी अनुभव प्रदान करना था। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य संभावित नक्सली खतरों का पूर्वानुमान लगाना तथा मुख्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में एकीकृत मजबूत सुरक्षा ग्रिड को सक्रिय करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं का पूर्वाभ्यास करना था।

झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड
जिला कार्यालय - राँची
पंचम तल्ला, कमरा संख्या-504, ब्लॉक-बी, समाहरणालय भवन, रांची-834001
E-Mail : dmranchi@sfcjharkhand.in

इच्छा की अभिव्यक्ति

झारखण्ड राज्य खाद्य निगम, राँची जिला अंतर्गत प्रखण्डों एवं शहरी क्षेत्र में अवस्थित 19 निगम गोदामों में निम्नांकित समाग्रियों के अधिष्ठापन हेतु इच्छुक स्थानीय प्रतिष्ठान दुकानदारों /उद्यमियों /आपूर्तिकर्ताओं से निम्नलिखित सामग्रियों का आपूर्ति के लिए दो लिफाफा पद्धति के अंतर्गत निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. | विवरण | अभ्युक्ति | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा जारी करने वाले कार्यालय का नाम / पता | जिला प्रबंधक, झारखण्ड राज्य खाद्य निगम,जिला कार्यालय, राँची। रूम न० 504, ब्लॉक बी, समाहरणालय भवन, राँची। | |
| 2. | निविदा प्रकाशन की तिथि | 28.11.2024 | |
| 3. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 05.12.2024 (12:00 बजे मध्याह्) | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 05.12.2024 (04:00 बजे अपराह्) | |
| 5. | सामग्री का विवरण | सामग्री | Specification |
| | | अलमीरा | Company Name - Godrej (Welded Almirah) Warranty 1 Year Size - 78 inch x 36 inch x 18 inch Four Shelf & 1 Locker to Store Files |
| | | तिरपाल | 15 Feet x 18 feet Floor Mat (Heavy Quality) To be used in storage of grains in floors Godowns and prevention from rain. |
| | अग्रधन की राशि | रूपये पचास हजार | |
| 6. | निविदा जमा करने का पता | रूम नं0 504, बलॉक बी, समाहरणालय भवन, राँची। | |

नोट :- विशेष जानकारी के लिए कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।
ह0/-
जिला प्रबंधक
झारखण्ड राज्य खाद्य निगम,
राँची।
ज्ञापांक :- 1016
दिनांक : 27.11.2024

# यूपी पुलिस को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यूपी पुलिस को जैसी कड़ी फटकार लगायी है, उससे जाहिर होता है कि मर्ज पुराना है और गंभीर भी। देश की शीर्ष अदालत को अगर यहां तक कहना पड़े कि पुलिस पावर का आनंद ले रही है और उसे संवेदनशील होने की जरूरत है, तो इसका मतलब कि खाकी उन अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पा रही, जिसके लिए उसे इतनी शक्तियां दी गयी हैं। अदालत की टिप्पणी फिर से याद दिला रही है कि देश में पुलिस सिस्टम में सुधार की कितनी जरूरत है। समाज के एक बड़े तबके में पुलिस के लिए आदर नहीं, डर का भाव है। उसे थाने में जाकर अपनी बात कहने से डर लगता है। हम बात करते हैं कि आम जन पुलिस के साथ सहयोग करें, लेकिन ऐसा कैसे हो सकता है, जब तक कि आम जन का पुलिस पर भरोसा ही नहीं होगा। इसकी वजह है पुलिसिया कार्यप्रणाली, जो अभी तक औपनिवेशिक मानसिकता में जकड़ी दिखायी देती है और इसकी वजह से कानून नहीं, डर का शासन ज्यादा दिखता है। सवाल यह भी है कि पुलिस इस मानसिकता से निकलेगी कैसे, जबकि उसकी बुनियाद में अब भी 1861 का वही पुलिस एक्ट है, जो अंग्रेजों ने हिंदुस्तानियों पर राज करने के लिए बनाया था। डेढ़ सौ बरस से ज्यादा हो गये और इस दौरान देश-समाज ने इतनी तरक्की कर ली, लेकिन उसकी तुलना में पुलिस सिस्टम वहीं ठहरा हुआ लगता है। कहने को सिस्टम में सुधार के लिए 1977 में नेशनल पुलिस कमिशन बना, रिबेरो समिति, पद्मनाभैया समिति, मलिमथ समिति आयी, लेकिन किसी के भी सुझावों पर पूरी तरह अमल नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए 2006 में पुलिस सुधारों के लिए कुछ दिशा-निर्देश दिये थे। इसमें कहा गया था कि स्टेट सिक्यॉरिटी कमिशन का गठन हो और डीजीपी समेत दूसरे अफसरों को भी कम से कम दो साल का मौका मिले। इनका मकसद यह था कि पुलिस को राजनीतिक दबाव से निकाला जाये, ताकि वह स्वतंत्र रूप से काम कर सके। कहने की जरूरत नहीं कि इन पर अमल नहीं हुआ। मार्च 2023 में सरकार ने संसद में जानकारी दी थी कि देश में प्रति एक लाख आबादी पर औसतन केवल 152.80 पुलिसकर्मी हैं। यूपी में तो यह आंकड़ा और भी कम था, महज 133.86। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि पूरे देश की पुलिस दबाव में है। सीनियर्स का प्रेशर, काम के घंटे, छुट्टियों की कमी- कुल मिला कर यह स्थिति उस डिपार्टमेंट के लिए सही नहीं कही जा सकती, जिस पर सुरक्षा जैसी अहम जिम्मेदारी है। हम यह तो सोच रहे हैं कि पुलिस सुधर जाये, लेकिन यह भी सोचना होगा कि उनके काम का माहौल सुधरे। दोनों चीजें साथ होंगी, तभी परिणाम बेहतर मिलेगा।

**इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि पूरे देश की पुलिस दबाव में है। सीनियर्स का प्रेशर, काम के घंटे, छुट्टियों की कमी- कुल मिलाकर यह स्थिति उस डिपार्टमेंट के लिए सही नहीं कही जा सकती, जिस पर सुरक्षा जैसी अहम जिम्मेदारी है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**एड्स जागरूकता दिवस की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि एचआइवी संक्रमण वर्तमान में लाइलाज है, लेकिन इस बीमारी के बारे में उचित जागरूकता से इसे नियंत्रित किया जा सकता है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। यह एक समय में असहनीय पुरानी स्वास्थ्य स्थिति थी, लेकिन अब एचआइवी की रोकथाम, निदान, प्रबंधन और देखभाल में प्रगति के साथ-साथ अवसरवादी संक्रमणों के लिए भी, एचआइवी से पीड़ित लोग लंबा और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।**

# विश्व एड्स दिवस 1 दिसंबर 2024 : थीम, इतिहास और महत्व

शेख राज




विश्व एड्स दिवस पिछले 33 वर्षों (1988 से) से हर साल 1 दिसंबर को मनाया जाने वाला एक वैश्विक रूप से मनाया जाने वाला स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम है। इस दिन, दुनिया भर के कई संगठनों द्वारा बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने वाले विभिन्न जागरूकता अभियान और गतिविधियां आयोजित की जाती हैं, एचआइवी (मानव इम्यूनोडिफिशिएंसी वायरस) से पीड़ित लोगों के लिए एकजुटता दिखाने के लिए एकजुट होते हैं, एड्स से संबंधित बीमारी से मरने वालों को याद करते हैं और वायरस के प्रसार के खिलाफ रैली करते हैं। गतिविधियां मुख्य रूप से महामारी की स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने और दुनिया भर में एचआइवी / एड्स (अधिग्रहित इम्यूनोडिफिशिएंसी सिंड्रोम) की रोकथाम, उपचार और देखभाल में प्रगति को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित थीं।

**एड्स जागरूकता दिवस की आवश्यकता :** एड्स जागरूकता दिवस की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि एचआइवी संक्रमण वर्तमान में लाइलाज है, लेकिन इस बीमारी के बारे में उचित जागरूकता से इसे नियंत्रित किया जा सकता है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। यह एक समय में असहनीय पुरानी स्वास्थ्य स्थिति थी, लेकिन अब एचआइवी की रोकथाम, निदान, प्रबंधन और देखभाल में प्रगति के साथ-साथ अवसरवादी संक्रमणों के लिए भी, एचआइवी से पीड़ित लोग लंबा और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। वर्ष 2023 में भारत में 66,400 नये मामलों की पहचान की गयी है। वर्ष 2023 में दुनिया भर में 13 लाख लोग एचआइवी से नये संक्रमित हुए। यह 2010 से 39% कम है, जब 21 लाख लोग नये संक्रमित हुए थे।

**भारत में एचआइवी /एड्स से निपटने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (एनएसीपी) की स्थापना की।**

वैश्विक स्तर पर, वर्ष 2021 में 14.6 लाख लोगों (13 लाख वयस्क और 15 वर्ष से कम आयु के 1.6 लाख बच्चे) को एचआइवी (नये मामले) हुआ, यह बीमारी जानलेवा है, क्योंकि उसी वर्ष (2021) में 6.5 लाख एचआइवी रोगियों की मृत्यु हुई। लगभग 3.84 करोड़ लोग (3.67 करोड़ वयस्क और 15 वर्ष से कम आयु के 17 लाख बच्चे) एचआइवी संक्रमित बताये गये हैं (2021 तक), जिनमें से 54% महिलाएं और लड़कियां हैं, जिनमें से अधिकांश प्रभावित निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं।

**यूएनएड्स (एचआइवी/एड्स पर संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम) के अनुसार एचआइवी के वैश्विक तथ्य :** 2021 में, लगभग 85% रोगियों को अपनी एचआइवी स्थिति पूरी तरह से पता थी, जबकि बाकी लोग अपने अंदर रोग की उपस्थिति से पूरी तरह अनजान थे। 2021 के अंत में, 75% लोगों के पास एंटीरेट्रोवाइरल थेरेपी (एआरटी) तक पहुंच थी, और एचआइवी से पीड़ित 81% गर्भवती लोगों के पास गर्भावस्था और प्रसव के दौरान अपने बच्चों को एचआइवी संचारित होने से रोकने के लिए एआरटी तक पहुंच थी।

अनुमान है कि 2025 तक वैश्विक स्तर पर नए एचआइवी संक्रमण और एड्स से संबंधित मौतों में प्रति 100,000 जनसंख्या पर क्रमशः 4.4 और 3.9 की कमी आयेगी, जिसके बाद 2030 तक दोनों में 90% की कमी आयेगी। ऐसे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, शिक्षा, उपचार और रोकथाम पर केंद्रित जागरूकता अभियान वैश्विक स्तर पर बड़े पैमाने पर लागू किये जाने चाहिए।

**रेड रिबन की सफलता :** भारत में एचआइवी/एड्स से निपटने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (एनएसीपी) की स्थापना की। 2010 से, जब एनएसीपी ने नए एचआइवी संक्रमण और एड्स से संबंधित मौतों को 80% तक कम करने का लक्ष्य रखा, जिसे हासिल कर लिया गया, तब से एड्स से संबंधित मृत्यु दर में 82% की गिरावट आयी है। हालांकि, नये एचआइवी संक्रमणों की वार्षिक संख्या में केवल 48% की कमी दर्ज की गयी है। वैश्विक स्तर पर, 1988 से जागरूकता अभियानों का अस्तित्व एक बड़ा वरदान रहा है, क्योंकि 2010 से नये रोगियों की संख्या में 32% की गिरावट आयी है, और 2004 से एड्स से संबंधित मौतों में 68% की कमी आयी है।

**विश्व एड्स दिवस 2024 थीम :** इस वर्ष, 2024, विश्व एड्स दिवस की थीम है सही रास्ते पर चलें। यह थीम एचआइवी/एड्स महामारी से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए मानव अधिकारों को बनाये रखने के महत्व पर जोर देती है। यह लोगों के अधिकारों का उल्लंघन करने वाले कानूनी और सामाजिक अवरोधों को हटाने की वकालत करता है, जैसे भेदभावपूर्ण कानून और अपराधीकरण जो एचआइवी से पीड़ित लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक समर्थन तक पहुंच में बाधा डालते हैं। यह अभियान संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार घोषणा के सिद्धांतों के अनुरूप है, जिसमें जोर दिया गया है कि एड्स को समाप्त करने और वैश्विक स्तर पर स्थायी स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने के लिए सभी के अधिकारों की रक्षा करना महत्वपूर्ण है।

यह थीम नेताओं और समुदायों को समावेशी नीतियों को बढ़ावा देने और एचआइवी की रोकथाम, उपचार और बिना किसी कलंक के देखभाल का समर्थन करने वाले कानूनी ढांचे बनाने के लिए भी प्रोत्साहित करती है। यूएनएड्स अभियान इस बात पर प्रकाश डालता है कि एड्स को समाप्त करने का लक्ष्य प्राप्त करना मानव अधिकारों की रक्षा, समान स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच सुनिश्चित करने और दिसंबर और उसके बाद एचआइवी/एड्स से प्रभावित लोगों के लिए सहायक वातावरण को बढ़ावा देने पर निर्भर करता है।

**विश्व एड्स दिवस की वर्ष दर वर्ष थीम**

**विश्व एड्स दिवस 2023 थीम:** समुदायों को नेतृत्व करने दें!

**विश्व एड्स दिवस 2022 थीम:** समानता

**विश्व एड्स दिवस 2021 थीम:** असमानताओं को समाप्त करें। एड्स को समाप्त करें। महामारियों को समाप्त करें।

**विश्व एड्स दिवस 2020 थीम:** वैश्विक एकजुटता, साझा जिम्मेदारी

**विश्व एड्स दिवस 2019 थीम:** समुदाय अंतर लाते हैं

**विश्व एड्स दिवस 2018 थीम:** अपनी स्थिति जानें

**विश्व एड्स दिवस 2017 थीम:** मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार

**विश्व एड्स दिवस का इतिहास**

विश्व एड्स दिवस, जो हर साल 1 दिसंबर को मनाया जाता है, की स्थापना पहली बार 1988 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा एचआइवी/एड्स महामारी पर वैश्विक ध्यान केंद्रित करने, जागरूकता बढ़ाने और एड्स से मरने वालों को सम्मानित करने के लिए की गयी थी। सार्वजनिक सूचना अधिकारियों जेम्स डब्ल्यू. बन्न और थॉमस नेटर द्वारा बनाये गये इस दिवस का उद्देश्य कलंक को कम करना और जनता को शिक्षित करना था। एचआइवी/एड्स पर संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम ने 1996 में कार्यभार संभाला, जिसमें सामान्य जागरूकता से लेकर मानवाधिकार, लैंगिक समानता और सामाजिक कलंक जैसे जटिल मुद्दों पर जोर दिया गया। 1990 के दशक के अंत में एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी की शुरुआत के बाद से, विश्व एड्स दिवस की थीम उपचार और रोकथाम तक पहुंच बढ़ाने पर केंद्रित रही है, खास कर उच्च बोझ वाले, कम आय वाले क्षेत्रों में। हाल के प्रयासों ने 2030 तक एड्स महामारी को समाप्त करने जैसे वैश्विक लक्ष्यों को प्राप्त करने की ओर रुख किया है, जिसमें वैज्ञानिक प्रगति के साथ-साथ सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी असमानताओं से निपटने पर जोर दिया गया है।

## देश-विदेश की खबरें

# महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 5 को होगा

## बावनकुले बोले : पीएम नरेंद्र मोदी होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** एक सप्ताह के लंबे इंतजार के बाद महाराष्ट्र में महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तारीख का एलान हो गया। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह पांच दिसंबर को शाम पांच बजे आजाद मैदान मुंबई में होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। हालांकि अभी महायुति ने मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा नहीं की है।

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजे आए हुए एक हफ्ता हो चुका है लेकिन सरकार गठन को लेकर कवायद नहीं हुई है। पिछले दिनों दिल्ली में अमित शाह ने महायुति नेताओं के साथ बैठक की थी। इसके बाद महाराष्ट्र में महायुति के नेताओं की बैठक होनी थी, लेकिन वह टल गई। उधर, विपक्ष लगातार नयी सरकार के गठन को लेकर सवाल उठा रहा था। इसे लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शपथ ग्रहण समारोह की तारीख का एलान कर दिया।

महाराष्ट्र में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला महायुति और महा विकास अघाड़ी गठबंधनों के बीच था। जिसमें महायुति ने बाजी मारते हुए 288 विधानसभा सीटों में से 230 सीटों पर जीत हासिल की। वहीं इसके उलट महा विकास अघाड़ी को 288 सीटों में से मात्र 46 सीटें ही जीत सकी। महाराष्ट्र में महायुति की ऐतिहासिक जीत के बाद सरकार बनाने की कवायद तेज हो गयी।

नतीजे के अगले ही दिन यानी 24 नवंबर को एनसीपी के विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें अजित पवार को नेता चुना गया। पार्टी के नेता छगन भुजबल ने अजित पवार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की। वहीं, शिवसेना विधायकों ने एकनाथ शिंदे को अपना नेता चुना।

उधर 26 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल खत्म होना था लिहाजा इसी दिन राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही शिवसेना प्रमुख कार्यवाहक मुख्यमंत्री की भूमिका में आ गये।

# शिमला की संजौली मस्जिद की 3 मंजिल गिरानी होंगी



## डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता

**शिमला।** शिमला स्थित संजौली मस्जिद की 3 अवैध मंजिलों को लेकर शनिवार को डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने ऑल हिमाचल मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका को खारिज कर दिया। उन्होंने नगर निगम कमिश्नर के आदेश को चुनौती दी थी। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज प्रवीण गर्ग ने नगर निगम कमिश्नर के फैसले को सही ठहराया। अब 5 दिसंबर तक मस्जिद की 3 मंजिलों को हटाना होगा। मस्जिद कमेटी अपने खर्चे पर तीनों मंजिल तुड़वाने का काम करेगी। हालांकि मस्जिद कमेटी अब तक छत और एक मंजिल की दीवारें हटा चुकी है।

मुस्लिम पक्ष के एडवोकेट विश्व भूषण ने कहा कि अभी हम कोर्ट के ऑर्डर को देखेंगे। इसके बाद आगे का निर्णय लेंगे।

नगर निगम कमिश्नर ने 5 अक्टूबर को 2 महीने में संजौली मस्जिद की अवैध रूप से बनी 3 मंजिलों को तोड़ने के आदेश दिए थे। इसके खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट में दलील दी थी कि मोहम्मद लतीफ नाम के व्यक्ति ने मस्जिद गिराने की सहमति दी है, वह इसके लिए अधिकृत नहीं था।

इस पर कोर्ट ने वक्फ बोर्ड से मोहम्मद लतीफ को लेकर जवाब मांगा। वक्फ बोर्ड ने पिछली सुनवाई में साल 2006 का एक दस्तावेज दिया, जिसमें मोहम्मद लतीफ को संजौली मस्जिद कमेटी का अध्यक्ष बनाने की बात कही गयी थी।

# बांग्लादेश में एक और हिंदू धर्मगुरु श्याम दास प्रभु गिरफ्तार

- भारत में घुसने की कोशिश करते 47 बांग्लादेशी पकड़े गये
- इस्कॉन पर बैन के लिए सड़कों पर कट्टरपंथी

एजेंसी



**ढाका।** बांग्लादेश के चटगांव में इस्कॉन से जुड़े एक और धर्मगुरु श्याम दास प्रभु को गिरफ्तार कर लिया गया। श्याम दास प्रभु जेल में बंद चिन्मय प्रभु से मिलने गये थे, जहां से उन्हें बिना वारंट के गिरफ्तार कर लिया गया। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष और प्रवक्ता राधारमण दास ने शुक्रवार को एक्स पर श्याम प्रभु की गिरफ्तारी के बारे में कहा कि एक अन्य ब्रह्मचारी श्री श्याम दास प्रभु को आज चटगांव पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

वहीं, दूसरी तरफ बांग्लादेश से अवैध तरीके भारत में घुसते हुए पिछले 24 घंटे में 47 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से ज्यादातर हिंदू और मुस्लिम मजदूर बताये जा रहे हैं। इन लोगों ने दलालों की मदद से सीमा पार कर अवैध रूप से भारत में एंट्री करने की कोशिश की थी।

## इस्कॉन पर बैन से इनकार, कट्टरपंथियों का हंगामा



उधर, बांग्लादेश में ढाका हाईकोर्ट के इस्कॉन पर बैन लगाने से इनकार करने के बाद कट्टरपंथी समूहों ने शुक्रवार को भारी हंगामा किया। जुम्मे की नमाज के बाद देशभर की मस्जिदों में लाखों मुसलमानों ने प्रदर्शन किया। सबसे बड़े प्रदर्शन राजधानी ढाका और चटगांव में हुए। प्रदर्शनकारियों ने इस्कॉन को हिंदू उग्रवादी संगठन और कट्टरपंथी व राष्ट्र-विरोधी समूह बताते हुए इस संगठन पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की। इन रैलियों में कट्टरपंथी संगठन हिफाजत-ए-इस्लाम, खिलाफत मजलिस और इस्लामिक आंदोलन सहित कई धार्मिक-आधारित संगठनों और राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया। हिफाजत ने कहा कि देश की पराजित ताकतें हिंदुओं का इस्तेमाल अराजकता फैलाने के लिए कर रही हैं। पिछले मंगलवार को चटगांव कोर्ट परिसर में जिस तरह से वकील सैफुल इस्लाम अलिफ की हत्या की गयी, वह गृहयुद्ध भड़काने की कोशिश थी।

## इस्कॉन से जुड़े 17 लोगों के बैंक अकाउंट सीज

न्यूज एजेंसी के मुताबिक युनूस प्रशासन ने इस्कॉन से जुड़े 17 लोगों के बैंक अकाउंट्स 30 दिनों के लिए सीज कर दिया है। इसमें चिन्मय प्रभु का अकाउंट भी शामिल है। बांग्लादेश फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट ने गुरुवार को अलग-अलग बैंकों को ये निर्देश भेजे। फाइेंशियल इंटेलिजेंस एजेंसी ने सेंट्रल बांग्लादेश बैंक से इन सभी 17 लोगों से जुड़े एकाउंट्स से हुई लेने-देन की जानकारी 3 दिन के भीतर भेजने को कहा है।

## इस्कॉन ने कोलकाता में विरोध कीर्तन किया

वहीं, चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई के लिए इस्कॉन ने कोलकाता में विरोध कीर्तन आयोजित किया। इस्कॉन ने घोषणा की है कि रविवार को दुनिया भर के सभी इस्कॉन मंदिरों में वैश्विक प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें बांग्लादेश में हिंदू भक्तों और धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए प्रार्थना की जायेगी।

# मणिपुर पुलिस और विधायकों के घर हमला करनेवाले 8 उग्रवादी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस और विधायकों के घर तोड़फोड़ और आगजनी के आरोप में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले 16 नवंबर को इंफाल वेस्ट के पटसोई पुलिस ने विधायकों के घर आग लगाने के आरोप में एक आरोपी को पकड़ा था। बाकी को 27 नवंबर को गिरफ्तार किया गया। उधर, मणिपुर में हाल में हुई हिंसक घटनाओं के बाद मैतेई संगठन अरामबाई टेंगोल के सुप्रीमो कोरो नगनबा खुमान और कुकी संगठन के प्रमुख एनआइए की रडार पर हैं। एनआइए मणिपुर में सुरक्षा बलों पर हमलों और आइइडी विस्फोट के चार मामलों की जांच कर रही है। इनमें इंफाल में फर्स्ट मणिपुर राइफल्स कैंपस से हथियार और गोला-बारूद की लूट, मोरेह में चौकी पर हमला और बिष्णुपुर में आइइडी विस्फोट शामिल हैं। गृह मंत्रालय ने हाल ही में एनआइए को चारों मामलों की जांच करने कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इन मामलों को इंफाल की ठक्अ कोर्ट से गुवाहाटी की एनआइए स्पेशल कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया है।

# संभल हिंसा: अखिलेश यादव मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये देंगे

**लखनऊ/संभल। संभल में हुई हिंसा में मारे गये लोगों के परिवार वालों को समाजवादी पार्टी 5-5 लाख रुपये देगी। इसे लेकर सपा ने एक्स पर पोस्ट भी किया। मुरादाबाद से सपा सांसद रुचि वीरा ने कहा- हमारी यूपी सरकार से मांग है कि हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये दे। दरअसल, संभल हिंसा का 7वां दिन है। वहां के हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे, लेकिन लखनऊ में सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। शुक्रवार रात सपा ने एक डेलिगेशन संभल भेजने का ऐलान कर दिया। डेलिगेशन में माता प्रसाद पांडेय समेत 5 सांसद और 4 विधायक शामिल थे। इसके तुरंत बाद देर रात को संभल में डीएम ने धारा-163 लागू कर दी है। यानी, अब 5 लोग बिना अनुमति के इकट्?ठा नहीं हो सकेंगे। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के घर के बाहर फोर्स तैनात कर दी गई। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल को नजरबंद किया गया। मुरादाबाद में सपा विधायक पिंकी यादव समेत 10 नेताओं को हिरासत में ले लिया गया। बरेली में 100 से ज्यादा सपा कार्यकताओं को पकड़ लिया गया। हापुड़ में कैराना सांसद इकरा हसन को पुलिस ने रोक लिया।**

# मझिआंव मोड़ डेढ़ घंटे तक जाम रहने के कारण एंबुलेंस में अस्पताल जा रहे मजदूर की जान गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विजय जुलूस के दौरान पुलिस का अमानवीय चेहरा सामने आया। विजय जुलूस की सुरक्षा और व्यवस्था में व्यस्त पुलिस ने एक घायल मजदूर को समय पर अस्पताल पहुंचाने में सहयोग नहीं किया, जिसके चलते उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार रमना थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव निवासी आनंद कुमार भुईया (22 वर्ष) करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे निजी बोलेरो गाड़ी से गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था।




**जाम के दौरान पुलिस ने एंबुलेंस को आगे जाने में मदद नहीं की**

लेकिन गढ़वा के माझिआंव मोड़ पर विजय जुलूस के कारण सड़क जाम हो गयी। परिजन पुलिस से मदद की गुहार लगाते रहे। लेकिन पुलिस ने कोई सहायता नहीं की। डेढ़ घंटे तक जाम में फंसे रहने के बाद जब बोलेरो अस्पताल पहुंची, तब तक आनंद ने दम तोड़ दिया। आनंद की मां उर्मिला देवी ने बताया कि उनका बेटा केतार थाना क्षेत्र के चौरा गांव स्थित ओम ईंट भट्ठा पर मजदूरी करता था। शुक्रवार को आनंद पंडा नदी में नहाने गया था, जहां एक किसान ने सिंचाई के लिए विद्युत पंप का तार बिछाने में उसकी मदद मांगी। इस दौरान आनंद बिजली के करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। किसान घटना के बाद वहां से भाग गया। आनंद के परिवार ने घायल अवस्था में उसे बोलेरो से अस्पताल ले जाने का फैसला किया, लेकिन विजय जुलूस के चलते माझिआंव मोड़ पर भारी जाम लगा हुआ था। पुलिस की व्यस्तता और असहयोग के कारण गाड़ी आगे नहीं बढ़ पायी। परिजन सड़क पर रोते-बिलखते रहे, लेकिन किसी ने उनकी मदद नहीं की। जब घायल आनंद को गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हृदयविदारक घटना ने पुलिस की संवेदनहीनता को उजागर किया है। लोगों में चर्चा है कि विजय जुलूस के दौरान एक इंसान की जान चली जाना प्रशासन और समाज के लिए गहरी चिंता का विषय है। पुलिस का कर्तव्य केवल जुलूस की सुरक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि हर नागरिक की मदद करना भी है। इस घटना ने दिखा दिया कि कैसे जश्न के शोर में एक परिवार का दर्द और एक जीवन का मूल्य खो गया। आनंद के परिजनों ने इस घटना के लिए जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई और उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है।

# डीएवी में साइंस क्विज प्रतियोगिता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** डीएवी भवनाथपुर में शनिवार को चार हाउस के बीच क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इसमें रिग हाउस, यजुर हाउस, साम हाउस और अथर्व हाउस के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो स्तर जूनियर और सीनियर स्तर पर कराया गया। जिसमें जूनियर स्तर पर कक्षा तृतीय और चतुर्थ तथा सीनियर स्तर में कक्षा पंचम से सप्तम तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जूनियर वर्ग में साम




हाउस ने प्रथम स्थान, यजुर हाउस ने द्वितीय स्थान तथा अथर्व हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि सीनियर ग्रुप में रिग हाउस ने प्रथम यथार्व हाउस ने द्वितीय तथा साम हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल द्विवेदी ने किया, होस्ट पूर्वी रंजन द्वारा किया गया, निर्णायक की भूमिका में शबनम खातून और ऊषा शंकर ने निभाया। इस मौके पर संजय राय भट्ट, शौकत अली, सूरज सिंह,सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

# डोमन यादव की सेवानिवृत्ति पर सेल के प्रशासनिक भवन में सम्मान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** सेल (स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) के विद्युत विभाग कर्मी डोमन यादव के सेवानिवृत्ति पर शनिवार को सेल के प्रशासनिक भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। डोमन यादव जो लगभग चार दशकों से सेल में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान अपनी निष्ठा, मेहनत और लगन से कंपनी और सहकर्मियों के बीच एक विशेष स्थान बनाया। सेल डीजीएम एस यु मेदा ने डोमन यादव को स्मृति चिन्ह और बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सेल के डीजीएम एस यू मेधा, डॉ विजय कुमार यूनिट हेड ने




डोमन यादव की कार्यशैली और उनके नेतृत्व कौशल की प्रशंसा करते हुए कहा, डोमन यादव जैसे कर्मी कंपनी की रीढ़ होते हैं। उन्होंने न केवल अपने कार्य को ईमानदारी से निभाया बल्कि दूसरों के लिए प्रेरणा भी बने। इस मौके पर डोमन यादव ने सभी का धन्यवाद दिया और कहा सेल में बिताए ये साल मेरे जीवन के सबसे यादगार समय रहे। यह मेरे लिए एक परिवार की तरह था, और मैं हमेशा इन पलों को याद करूंगा। कार्यक्रम का संचालन सेल अधिकारी बुलू दीगल ने किया। इस मौके पर सेल के अधिकारी बी पानीग्राही, बी लाल महावार, वैश खान, राजेश कुमार, बुलू मिश्रा, अमित कुमार, डोली रानी, मुकेश दुबे, राजनीति सिंह ,सेवा निवृत कर्मचारी सहित लोग उपस्थित थे ।

# दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में 51 जोड़ों का दहेज रहित गरीब, दिव्यांग का विवाह होगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** आगामी वर्ष 2025 में भी अवधूत भगवान राम सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन वैशाख माह कृष्णपक्ष 21/04/2025 दिन सोमवार को वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा संचालित बाबू दिनेश सिंह विशवविद्यालय, फरठिया, गढ़वा में 51 जोड़ो का दहेज रहित गरीब, दिव्यागजन तथा असहाय वर-वधुओं का विवाह होना निश्चित हुआ है। इस सामूहिक विवाह में वैसे जोड़े जो गरीब, असहाय साथ ही साथ दिव्यागजन है उनका सामूहिक विवाह अवधूत भगवान राम सामूहिक विवाह समिति द्वारा किया जायेगा। विवाह हेतू निबंधन प्रपत्र वनांचल डेंटल कॉलेज और अस्पताल के श्रीमति मीना सिंह, संभू राम और प्रवीण कुमार सिंह के पास उपलब्ध है जिसे दिनांक 02/12/2024 से प्राप्त किया जा सकता है। जिसे पूर्ण रूप से साक्ष्य सहित भरकर दिनांक 28/02/2025 तक निष्चित रूप कार्यालय में जमा करा देगें। गढ़वा, पलामू तथा अन्य जिलो के जनता से अपील है कि इस सामूहिक विवाह में वैसे जोड़े जो गरीब, असहाय साथ ही साथ दिव्यागजन है उनका निबंधन करावे। सामूहिक विवाह वैसे जोड़ो का कराया जायेगा जो अविवाहित हो तथा यह शपथ-पत्र देगें कि वर पक्ष ना तो वधु पक्ष से और ना ही वधु पक्ष वर पक्ष से किसी भी तरह की दहेज या लेन-देन की मांग करेगें। समिति द्वारा सामूहिक विवाह कराने का उद्देष्य ही यही है कि समाज में फैले दहेज जेसै कुरितियों को समाप्त किया जाय। जॉचोपरांत उपरोक्त शर्तो का पालन करने वाले जोड़ो को अवधूत भगवान राम सामूहिक विवाह समारोह जो दिनांक 21/04/2025 को वनांचल डेटल कॉलेज परिसर फरठिया, गढवा में होने जा रहा उसमे सम्मिलित होकर विवाह को सम्पन्न कराया जायेगा। जॉचोपरान्त अगर यह पाया जायेगा कि उपरोक्त शर्तो का पालन वर-वधु या अभिभावक नहीं करते है तो उनका निबंधन निरस्त कर दिया जायेगा जिसके लिए समिति जिम्मेदार नहीं होगा।

## बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग जगहों पर शुक्रवार की रात हुई बाईक दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में चपरी निवासी सह साईकिल दुकानदार विमलेश साह और दूसरा चेरवाडीह निवासी अवधेश बियार पिता रामजी बियार का नाम शामिल है। उक्त दोनों घायलों को ईलाज हेतु स्थानीय सीएचसी लाया गया, जहां डॉ दिनेश कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद विमलेश साह को बेहतर ईलाज हेतु सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। पहली घटना में विमलेश साह बाईक चलाकर सिंघीताली से वापस अपने घर लौट रहा था, तभी भवनाथपुर केतार मुख्य पथ पर मुस्कैनी पहाड़ के समीप एक अज्ञात बोलेरा वाहन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरी घटना में चेरवाडीह निवासी अवधेश बियार अपने घर लौटने के क्रम में बघमनवा गांव के समीप उसकी बाईक अनियंत्रित होकर पलट जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## जंगल से भटक कर एक बारहसिंगा पहुंच गया बरवाडीह टोला



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बलियारी पंचायत और गांव अंतर्गत बरवाडीह टोला पर शनिवार को जंगल से भटक कर एक बारहसिंगा पहुंच गया। जिसे देखने के बाद ग्रामीणों ने उसे पकड़ कर रस्सी से बांध दिया। उसके बाद वन विभाग को इसकी सूचना दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव से पूर्व की ओर पइन में एक जानवर खड़ा है। नजदीक जाकर देखने पर वह बारहसिंगा है। ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से उसे काबू में कर कर रस्सी से बांध दिए।उसके बाद इसकी सूचना भवनाथपुर रेंज के रेंजर प्रमोद कुमार को दी गयी।रेंजर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभाग का रेस्क्यू टीम मौके पर भेजकर बारहसिंगा को रेस्क्यू कर क्षेत्र कार्यालय भवनाथपुर ले जाया गया।

# पेंशनर्स कल्याण समाज की बैठक में लिये गये कई निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गोपाल राम उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा का मासिक बैठक संपन्न किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए गोपाल राम उपाध्यक्ष ने कहा कि आज के बैठक में उपस्थिति काफी कम है। अध्यक्ष और सचिव जिला के बाहर हैं। अंतिम साल अब समाप्ति पर है। कल्याण कोर्स की राशि जो भी साथी जमा नहीं किया है वह शीघ्र जमा कर दें। माह नवंबर और दिसंबर जीवन प्रमाण पत्र जमा करने का समय है। वैसे साथी जो अभी तक अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा नहीं किये हैं, तो वह अपने संबंधित शाखा में जाकर अपना-अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा कर दें। ताकि पेंशन भुगतान में कोई अवरोध न हो ।

आय कर विभाग द्वारा बिगत 2 माह से बगैर पूछे आयकर की कटौती की जा रही है। यहां तक की चौकीदार/अनुसेवको के खाते से




भी आयकर की कटौतियां कर ली जा रही है। जिसके कारण जीवन यापन करना कठिन हो गया है । इस संदर्भ में बैंक मैनेजर से जब पूछताछ किया गया तो उन्होंने बताया कि वैसे पेंशनर जिनके आधार पैन कार्ड से लिंक नहीं है ,उनका ही टैक्स कट रहा है। आतः आप सभी अपना-अपना आधार पैन कार्ड से शीघ्र लिंक करले तथा इसकी सूचना अपने संबंधित बैंकों को दें, ताकि आयकर की कटौती से बच सकें। काटी गयी राशि तभी वापस होगी जब आप अपना रिटर्न दाखिल करेंगे। माह दिसंबर 2024 तक आयकर रिटर्न फाइल करने का प्रावधान रखा गया है, जिसमें 1000 फाइन भी देना पड़ेगा। अतः आप सभी से आग्रह है कि तत्काल अपना आधार पैन के साथ लिंक करा दें और अपना इनकम टैक्स का रिटर्न फाइल कर दें। अंत में सभा की कार्रवाई समाप्त करने की घोषणा कर दी गयी। इस अवसर पर उपस्थित श्री सुरेंद्र चौबे श्रवण कुमार, बृजनंदन प्रसाद श्री कृष्णा प्रसाद, सुदामा राम के अलावा अभियान पेंशन उपस्थित थे।

## सतीश भगत ने लिया बीडीओ और सीडीपीओ का प्रभार



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड विकास पदाधिकारी और सीडीपीओ के रूप में रंका में पदस्थापित कार्यपालक दंडाधिकारी सतीश भगत ने शुक्रवार को प्रभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान बीडीओ जागो महतो से प्रभाव ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण करने के बाद श्री भगत ने कहा कि प्रखंड में विकास की योजनाओं को तेजी के साथ क्रियान्वयन करने का प्रयास स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ मिलकर करेंगे। विदित हो कि बीडीओ जागो महतो का स्थानांतरण के बाद उपयुक्त गढ़वा के निर्देश पर बीडीओ और सीडीपीओ का प्रभार का आदान-प्रदान किया गया। उस मौके पर सीओ यशवंत नायक, थाना प्रभारी विष्णु कांत, मुखिया रामसागर महतो, नजीर सुनील कुमार प्रखंड सहायक रिजवान अख्तर सहित कई अन्य कर्मी और ग्रामीण मौजूद थे।

# एसडी मेमोरियल एकेडमी में रिजल्ट वितरण और शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेराल।** मेराल प्रखंड के एस डी मेमोरियल एकेडमी में शनिवार को एसएटू का रिजल्ट वितरण और शिक्षक अभिभावक गोष्ठी आयोजित की गयी। परीक्षा फल लेने के लिए अभिभावक अपने बच्चों के साथ विद्यालय पहुंचे। इस दौरान बच्चों की पढ़ाई को लेकर अभिभावकों और शिक्षकों के बीच आवश्यक चर्चा की गयी। गोष्टी के दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों को विद्यालय के साथ-साथ घर में बच्चों की क्रियाकलाप को लेकर आवश्यक सुझाव दिये। साथ हीं अभिभावकों ने भी अपने बच्चों की पढ़ाई की समस्या को शिक्षकों के समक्ष रखा। विद्यालय के निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र ने अभिभावकों को बच्चों को मोबाइल से दूर रखने, जंक फूड से बचाने तथा घर की रूटीन को पर विशेष ध्यान देने को




कहा। प्राचार्य अरुण कुमार ने अभिभावकों से विद्यालय में मिलने वाले गृह कार्य को कॉपी में लिखने से पहले याद कराने के लिए बताया।

गोष्ठी में शामिल अभिभावकों में नीतू कुमारी, ममता देव,ी अनीता देवी, पूनम देवी, प्रभा देवी, चंचल सिंह, इंदु देवी, संगीता देवी, नजवी बीबी, सेहरा बीबी नजबुन बीबी, सादिका बीबी, नफीसा बीबी, जुगल किशोर , मनदीप दास, जनाब अली, ओम प्रकाश पटवा, अनुज विश्वकर्मा, अजय विश्वकर्मा, राजेश शर्मा, इरफान अंसारी, विजय कुमार, राजमणि यादव, मकबूल अंसारी , शिक्षक अमरेंद्र कुमार मिश्र, जेपी पांडे, गौतम कुमार, एमके पांडे , रंजीत शाह, अजय कुमार सिंह, निशा सिंह, अंशु कुमारी आदि उपस्थित थे।

# प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक की सेवानिवृत्ति पर दी गयी विदाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रंका।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय दौनादाग के प्रधानाध्यापक सचिन्द्र कुमार तिवारी और सहायक अध्यापक विजय कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया और भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर गढ़वा जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि-शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते हैं। आप अपने जीवन पर्यन्त



परिवार और समाज को सही दिशा देने के लिए मार्गदर्शन करते रहें। इस अवसर पर सीआरपी संजय प्रसाद ने डीइओ कैसर रजा और परियोजना कन्या उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुधीर रजक ने बीइओ रंभा चौबे को अंग वस्त्र और उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर शिक्षक धीरज सिंह सहित काफी संख्या में शिक्षक, सीआरपी, बीआरपी, शिक्षा कर्मी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# डंडई प्रखंड कार्यालय में सार्वजनिक शौचालय की नहीं है सुविधा, लोगों को हो रही परेशानी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**डंडई।** प्रत्येक वर्ष स्वच्छता अभियान को लेकर संकल्प लिया जाता है तथा खुले में शौच से मुक्त व स्वच्छता को लेकर क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाने वाले प्रखंड स्तर के जिम्मेवार पदाधिकारियों के दफ्तर परिसर में सरकारी सार्वजनिक सुलभ शौचालय और मूत्राशय की सुविधा नहीं है। लोग खुले में मल मूत्र विसर्जन करने को मजबूर हैं। जबकि हर दिन करीब हजारों लोग प्रखंड कार्यालय में अपनी जरूरत के लिए अपना कार्यालयिक कार्य करवाने आते जाते हैं। डंडई प्रखंड का दर्जा मिले तीन दशक गुजर गये वहीं 32 बीडीओ बदल गए लेकिन प्रखंड कार्यालय परिसर में महिला-पुरुष ग्रामीणों के लिए सार्वजनिक सुलभ शौचालय का सुविधा मुहैया नहीं कराई गयी। जिससे प्रखंड कार्यालय आने जाने वाले ग्रामीणों को आवश्यक परिस्थिति में शौच और मूत्र से निपटने के लिए सोचना पड़ता है। पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष क्यामुदीन अंसारी ने बताया कि एक तरफ सरकार स्वच्छता को को लेकर काफी प्रचार-प्रसार कर रही है। इसके लिए काफी रुपये भी खर्च कर रही है, लेकिन प्रखंड कार्यालय परिसर में सार्वजनिक सुलभ शौचालय नहीं रहने के कारण लोग खुले में शौच करने को मजबूर हैं। समाजसेवी नकछेदी राम ने बताया कि प्रखंड का प्रखंड कार्यालय सबसे बड़ा सरकारी दफ्तर है। और ऐसे दफ्तरों में सुलभ शौचालय का होना अति आवश्यक है। लेकिन आज तक प्रखंड कार्यालय परिसर में सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निर्माण क्यों नहीं कराया गया यह




**शौचालय का निर्माण क्यों नहीं हो सका, जानकारी लेने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है: बीडीओ**

**मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल करमाली ने बताया कि आम अवाम के लिए प्रखंड कार्यालय परिसर में शौचालय का होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रखंड कार्यालय का संचालन होते इतनी बड़ी अवधि का समय बीत गया लेकिन अभी तक क्यों नहीं शौचालय का निर्माण हो सका। जानकारी लेने के बाद ही उस बारे में कुछ कहां जा सकता है।**

समझ से परे है। इस ओर अधिकारियों को ध्यान देने की आवश्यकता है। मनी पटवा ने बताया कि साल 2 साल पहले एक अभियान के तहत गांव टोला और कसबा में वृहद रूप से शौचालय का निर्माण कराया गया ।लेकिन न जाने किसकी लापरवाही से प्रखंड कार्यालय में शौचालय का निर्माण नहीं हो सका ।

# सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, एक गंभीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बड़गड़** । भंडरिया-टेहरी मुख्य मार्ग पर बाड़ी खजुरी स्थित कैथोलिक आश्रम के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बड़गड़ थाना अंतर्गत सालो गांव निवासी यीशु दास का 30 वर्षीय पुत्र संजीवन लकड़ा अपने एक अन्य साथी के साथ शुक्रवार को शाम लगभग साढ़े छह बजे किसी काम से परसवार की तरफ मोटरसाइकिल से जा रहा था। इस बीच उसकी



मृतक का प्रोफाइल फोटो

मोटरसाइकिल विपरीत दिशा से आ रही रही धान थ्रेशर लगे ट्रैक्टर से जा टकरायी, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना का कारण ट्रेक्टर के बायें साइड हेड लाइट नहीं जलना बताया गया। जिस कारण युवक उक्त ट्रेक्टर की चपेट में आ गया। सूचना पा कर तत्काल बड़गड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य दलबदल के साथ घटनास्थल पहुंच कर दोनों को घायलावस्था में भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां डाक्टरों ने संजीवन लकड़ा को मृत घोषित कर दिया, वहीं रामानुजगंज क्षेत्र के धनपुरही का रहनेवाला घायल युवक इंद्रासन टोप्पो की गंभीरावस्था को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी मौर्य ने बताया कि घटना की जांच में पता चला कि दुर्घटना में शामिल ट्रेक्टर बरकोल निवासी राजू प्रसाद का है। जिसे ट्रैक्टर चालक सह मालिक ने घटनास्थल से भगाकर कहीं अन्य जगह छुपा दिया था। शनिवार को सुबह जब पुलिस बल ट्रैक्टर की बरामदगी के लिए बरकोल गांव स्थित राजू प्रसाद के घर पहुंची तो वहां से ट्रेक्टर गायब था। उन्होंने कहा अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। वही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक अपने पिछे पत्नी सहित दस वर्षीय अनुकृति लकड़ा और पांच वर्षीय आयुषी लकड़ा को छोड़ गया है।

# पिपरवार के कारो में कोल वाहन के धक्के से एक युवक की मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने किया पिपरवार-टंडवा मुख्य मार्ग जाम

आजाद सिपाही संवाददाता





मृतक दीपक उंराव की फोटो

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के सड़को पर कोल वाहनों के कहर से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। कोयलांचल क्षेत्र के पब्लिक रूट से सभी प्रकार के नियमों को ताक पर रखकर ट्रांसपोर्टरो के द्वारा कोल वाहनों का परिचालन कराया जा रहा है, जिसका शिकार गरीब जनता हो रहा है। आम लोगो को कोल वाहन अपनी चपेट में लेकर मौत के घाट उतार रहे है, लेकिन इसके रोकथाम को लेकर किसी भी प्रकार का पहल नहीं किया जा रहा है। बीती रात पिपरवार थाना क्षेत्र के कारो कॉलेज के समीप एक तेज रफ्तार कोल वाहन ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान कारो गांव निवासी 18 वर्षीय दीपक उरांव पिता स्व. परमेश्वर उरांव के रूप में की गयी है। घटना के संबधं मे मिली जानकारी के अनुसार मृतक दीपक उरांव शुक्रवार की शाम करीब सात बजे अपनी बाईक जेएच 01एम-8142 से कल्याणपूर से अपने घर कारो लौट रहा था,इसी बीच विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात कोल वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मारते हुए बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें दीपक उरांव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना को अंजाम देने के बाद उक्त कोल वाहन मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर काफी संख्या में लोगों को भीड़ जमा हो गयी। इस दौरान लोगों ने जमकर अपना आक्रोश प्रकट करते हुए पिपरवार-टंडवा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इस दौरान सभी ग्रामीण सड़क पर ही टेंट लगाकर धरना पर बैठ गये। ग्रामीणों ने सड़क पर शव के साथ अपना विरोध प्रदर्शन जताया। वहीं घटना की सूचना पाकर स्थानीय पिपरवार पुलिस भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। घटना के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पिपरवार टंडवा मुख्य मार्ग के पब्लिक रूट से बेधड़क होकर ट्रांसपोर्टरो के द्वारा ट्रांसपोटिंग का कार्य कराया जा रहा है। टंडवा और चट्टी बरियातु से पिपरवार तक कोयला ढुलाई और टंडवा एनटीपीसी से जहरीले राख की ढुलाई मे लगे हाईवा और ट्रक का परिचालन काफी तेज गति से होती है। जिसका शिकार क्षेत्र के आम जनता हो रही है। स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों के द्वारा पब्लिक रूट से ट्रांसपोटिंग कार्य बंद कराने को लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को आवेदन भी दिया गया, लेकिन इस पर किसी प्रकार का पहला नहीं किया गया। जिसके कारण पब्लिक रूट पर मौत का सिलसिला लगातार जारी है। घटना से आक्रोशित ग्रामीण धरना पर बैठकर एक स्वर में पब्लिक रूट से ट्रांसपोटिंग का कार्य बंद कराने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि जब तक पब्लिक रूट से ट्रांसपोटिंग का कार्य बंद नहीं किया जाता है तब तक ग्रामीणों का आंदोलन जारी रहेगा। वहीं सूचना पाकर टंडवा अंचलाधिकारी बिजय कुमार और पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा सशस्त्र बल के जवानों के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से बात की। इस दौरान ग्रामीण अपनी मांगों पर अडिग रहा। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि जब तक पब्लिक रूट से ट्रांसपोटिंग का काम बंद नहीं होता है तब तक धरना जारी रहेगा। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर टंडवा प्रमुख रीना कुमारी, बहेरा पंचायत की मुखिया रेखा कुमारी, पसंस बंसती देवी, किचटो पंचायत की मुखिया संगीता देवी, जितेंद्र कुमार, विकास कुमार महतो, रामचंद्र उरांव, रमेश मुंडा,कृष्ण यादव,अंगद महतो,कासिम उर्फ मुन्ना, टिकेश्वर महतो, सलीम जावेद, नागेश्वर महतो, फैयाज खान, महेंद्र महतो, अब्दुल अंसारी, अरूण उरांव, धीरेंद्र कुमार शर्मा, रविंद्र कुमार सिंह, दिलीप कुमार महतो, खुर्शीद आलम सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# कोयलांचल में कोल वाहनों से कब तक जारी रहेगा मौत का सिलसिला

## पब्लिक रूट से हो रही ट्रांसपोर्टिंग कार्यों को रोकने वाला कौन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के पब्लिक रूट से इन दिनों हो रही ट्रांसपोटिंग कार्यों का प्रभाव आम जनता पर देखा जा रहा है। कोल वाहनों के परिचालन के कारण आम जनता मौत के गाल में समाते जा रहे हैं। पब्लिक रूट से ट्रांसपोटिंग कार्य होने से यहां पर आम जनता का चलना मुश्किल हो गया है। इस रूट पर चलना मौत का सामना करने जैसा होता है। लोग जान हथेली पर रखकर इस मार्ग पर आवागमन करने के लिए मजबूर है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कोल वाहनों के परिचालन से कब तक मौत का सिलसिला जारी रहेगा और पब्लिक रूट से हो रही ट्रांसपोटिंग कार्यों को आखिर कौन लगाम लगायेगा। यह एक बड़ा सवाल वर्तमान में सभी के दिलों दिमाग में छाया हुआ है। ज्ञात हो कि टंडवा से पिपरवार तक जहां पहले सिर्फ कोयला ढुलाई का काम होता था, लेकिन अब टंडवा के एनटीपीसी से जहरीले राख की ढुलाई इसी पब्लिक रूट से की जा रही है। ट्रांसपोटिंग कार्यों के साथ समय बीता और लोगों का विरोध भी हुआ। ग्रामीणों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक संबंधित कंपनियों को पत्र भी लिखा गया, लेकिन मिला सिर्फ आश्वासन। यही कारण है कि इस दिशा में सकारात्मक पहल नहीं होने के कारण वर्तमान में लोगों की जान जा रही है। जहरीले राख की ढुलाई होने से जहां एक तरफ लोग प्रदूषण जैसी गंभीर समस्या से परेशान हैं वही कोल वाहनों की तेज रफ्तार लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। स्थानीय ग्रामीण बताते हैं कि जब से टंडवा-पिपरवार के पब्लिक रूट से ट्रांसपोटिंग का काम शुरू हुआ है तब से दर्जनों मौत हो चुकी है, लेकिन इसके रोकथाम को लेकर कोई पहल नहीं हुई है। घनी आबादी वाले क्षेत्र मे स्पीड ब्रेकर से लेकर नो इंट्री तक मांगो को भी रखा गया, लेकिन यह सिर्फ कागजों तक सीमित रहा। आये दिन कोल वाहन और जहरीला राख दुलाई में लगे हाइवा और ट्रकों से बेगुनाह ग्रामीण व राहगीरो की दर्दनाक मौत हो रही है। इस मौत पर अधिकारी और ट्रांसपोर्ट कम्पनी मुकदर्शक बनी हुई है। पिपरवार के कारो कॉलेज के पास अज्ञात हाइवा के चपेटे में आने से कारों गांव निवासी दीपक उरांव की मौत के बाद ग्रामीण 24 घंटे से शव को सड़क पर रखकर घटनास्थल पर हक अधिकार और न्याय के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। लेकिन अभी भी ग्रामीणों को आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिल रहा है।

अब सवाल यह उठता है कि आखिर बेकसूर जनता की सड़क दूर्घटन मे जान कब तक जाती रहेगी। वही ग्रामीणों ने बताया इस रूट से केरेडारी टंडवा और एनटीपीसी प्लांट के जहरीला राख का दुलाई बेरोकटोक और बेधड़क होती है। टंडवा एनटीपीसी प्लांट से जहरीला राख दुलाई में लगी सौरभ सागर, इंफ्राटच, आरटीपीएल नोकर्स कंपनी प्लांट से बसेरिया मंडेर कल्याणपुर कारो पिपरवार खलारी के घनी आबादी वाले ग्रामीण सड़क से की जा रही हैं। ट्रक हाइवा में ओवरलोडिंग जहरीला राख से सड़क पर गिरने से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्र में चलना दुर्लभ हो गया है। कई बार ग्रामीणों विरोध भी किया पर कंपनी के लोग। अधिकारियों के मैनेज के नाम पर क्षेत्र में तबाही मचा रखा है। यदि इस गंभीर समस्या पर जल्द ही कोई ठोस निर्णय नहीं निकलता है तो आने वाले दिनों में मौत का सिलसिला और बढ़ने की संभावना है।

### पब्लिक रूट से बंद हो ट्रांसपोर्टिंग का कार्य: ग्रामीण

**पिपरवार थाना क्षेत्र के कारो कॉलेज के समीप शुक्रवार की रात्रि सड़क दुर्घटना में दीपक उरांव नामक युवक की मौत की सूचना पाकर सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी जितेंद्र कुमार राम भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के आंदोलन का अपना समर्थन दिया। इस संबंध में उन्होंने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र के पब्लिक रूट पर ट्रांसपोर्टिंग कार्य स्थानीय ग्रामीणों को मौत के घाट उतारने का काम कर रही है। पब्लिक रूट से कोयला ढुलाई और ट्रांसपोर्टिंग का कार्य होने से लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। कई बार उन्होंने इस मामले को जिला स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों से भी अवगत कराया,लेकिन कोई पहल नहीं हुई।उन्होंने कहा कि जब तक पब्लिक रूट पर ट्रांसपोर्टिंग कार्य को बंद नहीं कराया जाता है तब तक ग्रामीण का आंदोलन जारी रहेगा। इधर घटना की सूचना पाकर कांग्रेस पार्टी के चतरा जिला उपाध्यक्ष और श्रमिक संगठन आरसीएमयू के क्षेत्रीय अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना भी मौके पर पहुंचकर घटना की कड़ी निंदा की,साथ ही मृतक के आश्रित को उचित मुआवजा देने एवं पब्लिक रूट से ट्रांसपोर्टिंग कार्य बंद करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट कंपनी सभी नियमों को ताक पर रखकर ट्रांसपोर्टिंग का कार्य कर रही है,जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देकर इस पर कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है। यदि इसके बाद भी इस पर कोई पहल नहीं की गई तो स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर पब्लिक रूट पर अनिश्चितकाल के लिए कोल वाहनों का परिचालन बंद कराने का काम किया जायेगा।**

## कार की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही युवक की मौत



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू थाना क्षेत्र के रांची टाटा रोड पर टांगर टोली निवासी वीरेंद्र मुंडा उम्र 32 वर्ष पिता सहदेव मुंडा को अज्ञात स्विफ्ट डिजायर कार की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार वीरेंद्र मुंडा बुंडू अनुमंडल के निकट बकरी चरा रहा था। उसी समय टाटा से रांची जा रही एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने अपनी चपेट में ले लिया तथा उसे एक किलोमीटर दूर तक घसीटते हुए ले गया और फ्लाईओवर के ऊपर लाश को फेंक कर गाड़ी लेकर फरार हो गया। आसपास के लोग उसके शव के साथ रोड जाम कर दिया। बुंडू अंचल अधिकारी हंस कुमार हेंब्रोम एवं बुंडू थानेदार रामकुमार वर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के परिजनों को आपदा राहत कोष से 20 हजार रुपये दिया गया और सड़क जाम को हटाया गया। शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर थाना ले आयी है पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा।

## सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग महिला घायल, रिम्स रेफर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पर जरिया गांव के समीप शनिवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे सड़क पार कर रही जरिया डोका टोली बेड़ो निवासी एक 60 वषीर्या महिला गीता देवी पति स्व शंकर महतो को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे पीसीआर पुलिस ने स्वजनों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डॉ मेघा भगत ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इधर घायल महिला की बड़े बेटे वीरेन महतो ने बताया कि मेरी मां प्रतिदिन जरिया गांव में सड़क के किनारे सब्जी बेचती है। जो शाम में सब्जी बेचकर घर जा रही थी।इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

## चार सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गयी विदाई




**खलारी (आजाद सिपाही)।** एनके एरिया ऑफिसर्स क्लब में चार सेवानिवृत्त कर्मचारियों को विदाई दी गयी। क्लब के सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित की गई और एनके एरिया के विभिन्न परियोजनाओं से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को सम्मानित कर विदाई दी गयी। मुख्य अतिथि एरिया सेफ्टी ऑफिसर राजेंद्र प्रसाद ने सेवानिवृत्त कामगारों डकरा परियोजना के देव जैना, केडीएच से अनुज कुमार सिन्हा, रोहिणी के देवनंदन लोहार और डकरा अस्पताल के सुशील उरांव को अंग वस्त्र, सेवा प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त सभी कामगारों के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनके सुख में जीवन की कामना की। इस मौके पर एसओपी ज्योति कुमार,प्रेम कुमार, डीपी सिंह, शैलेश कुमार, सुनील कुमार सिंह, ध्वजा राम धोबी, अमर भूषण सिंह, उदय सिंह, नवनीत शेखर, निखिल अखौरी, उदय सिंह, रामसेवक प्रसाद साहू,भीम प्रसाद,ओमप्रकाश सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

# सरना एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सरना एकेडमी कुसुम टोला पुरनाडीह में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन किया गया। समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि विस्थापित नेता बहुरा मुंडा, ग्राम सभा अध्यक्ष झुलंडिया झुबा उरांव, ग्राम सभा अध्यक्ष लुकैया के रामकुमार उरांव और विस्थापित नेता बालेश्वर उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इससे पहले अतिथियों को पारम्परिक तरीके से स्वागत गान के साथ माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं सरना एकेडमी परिसर में लगाए गये साइंस एग्जीविशन और बाल मेले में लोगों की काफी भीड़ हुई। स्कूल की छात्र-छात्राएं अपने प्रोजेक्ट के साथ विज्ञान के क्षेत्र में नये-नये प्रयोग कर लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। वहीं बच्चों द्वारा लगाये गये प्रोजेक्ट को खूब सराहा गया।

प्रदर्शनी में एक सौ मॉडल बच्चों के द्वारा बनाए गये थे। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक महेंद्र उरांव, प्रधानाचार्य गोपाल सिंह, उप प्रधानाचार्य ओम प्रकाश गुप्ता, शिक्षक रतन सिंह, बलबीर यादव, पवन सिंह, रोहित साहू, बिलेंद्र उरांव, सुरेंद्र चौहान, रोस्ट मिंज, रिया शर्मा, सुनीता कुमारी, संगीता उरांव, सगुप्ता परवीन, नीलू मिंज, खुशी झा, अनिशिखा कुमारी, गुनगुन कुमारी, प्रिया रौंदा, क्रांति हैंशाला, दिव्या कुमारी के अलावा विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित थे।

# प्रखंडकर्मी इरेनयुस टोप्पो के आकस्मिक निधन पर शोक



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो ।** प्रखंड कार्यालय में कार्यरत जनसेवक इरनुस टोप्पो के आकस्मिक निधन पर शनिवार को उनके आत्मा की शांति के लिए बीडीओ राहुल उरांव की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में शोक संवेदना रखा गया। शोक संवेदना सभा में उपस्थित सभी कर्मियों और पदाधिकारियों द्वारा मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। मृतक के लिए प्रार्थना की गयी और उनके परिवार के प्रति संवेदना भी व्यक्त की गयी। इरेनयुस टोप्पो प्रखंड कार्यालय बेड़ो में विगत 3 साल से डोरंडा और करकरी पंचायत के जनसेवक के पद पर कार्यरत थे। इधर इनके शोक सभा के बाद प्रखंडकर्मी इनके अंतिम संस्कार में बूढ़ा खुखरा पहुंचे और स्वजनों को ढांढस बंधाया। शोक संवेदना के अवसर पर बीपीओ संजय तिर्की, जेई सद्दाम अंसारी, रामनाथ लोहरा, अभय खलखो, दशरथ महतो, भरत स्वांसी, संतोष तिवारी, संजीव कुमार दुबे, पंकज कुमार, निरोज लकड़ा, सोनू कुमार, अनिता केरकेट्टा, रूपी कुमारी, पूजा कुमारी, बिरसमुनी कुमारी, दीप्ती बाड़ा, सहाबुद्दीन अंसारी, राजेश कुमार, अमित केरकेट्टा, करमु कंडीर, सौरभ कुमार महली, राजेश नायक,चंद्र लोक उरांव जनार्दन दास सहित प्रखंड के कर्मी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना में एसीसी उच्च विद्यालय के 11 विद्यार्थियों को मिली सफलता

आजाद सिपाही संवाददाता




**खलारी।** झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना 2024 में एसीसी उच्च विद्यालय खलारी के 11 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना 2024 का परीक्षाफल 27 नवंबर को घोषित किया गया है। इस परीक्षा में पूरे राज्य में कुल 2727 विद्यार्थी सफल हुए हैं। जिसमें खलारी प्रखंड के अंतर्गत 14 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। इन विद्यार्थियों में एसीसी उच्च विद्यालय खलारी के 11 विद्यार्थी शामिल हैं। सभी सफल विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह और प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# डीएवी स्कूल में कला, शिल्प और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

## ऐसे कार्यक्रम से निखरती है बच्चों की प्रतिभा : प्रदीप अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के परिसर में शनिवार को कला, शिल्प व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यर्थियों ने बेकार वस्तुओं का पुनः उपयोग कर विज्ञान और हस्तकला के मॉडल तैयार किया। विद्यार्थियों ने ड्रोन, जेट फाइटर, रोबोट, कार्बन प्यूरीफायर, हाइड्रो इलेक्ट्रिक डेम, स्मार्ट डस्टबिन, लेजर सिक्यूरिटी, ब्लड टेस्ट, डालेशिश मशीन,विंड मिल,कृषि एवं खाद्य सुरक्षा,पानी बचाओ, आपदा प्रबंधन, प्राकृतिक संसाधन, एसिड रैन, वर्किंग मॉडल ऑफ हार्ट, इलेक्ट्रो मैग्नेट, टेरिस फार्मिंग, चंद्रयान 3, पॉल्यूशन, सस्टनेबल एनर्जी, और प्रबंधन समेत हस्तकला औरं सभी राज्यों के वेशभूषा, मधुबनी आर्ट, सूप आर्ट, के विषयों पर अपने मॉडल तैयार किए थे। इसका उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि करमचंद भगत महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रदीप कुमार अधिकारी व विद्यालय के निदेशक कैलाश कुमार ने फीता काटकर एवं दीप जलाकर किया। वहीं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यालय के बाल वैज्ञानिक अपने मॉडल के साथ प्रदर्शनी में शामिल हुए। जहां बाल वैज्ञानिकों द्वारा बनाये गये मॉडल में विज्ञान विषय के प्रति रुचि और सोच की झलक दिखाई पड़ी। प्रतियोगिता में शामिल सभी बाल-वैज्ञानिक अपने विज्ञान मॉडल व हस्तकला की प्रस्तुति ज्ञानवर्धक तरीके से किया। जिसका अवलोकन मुख्य अतिथि और बच्चों के अभिभावकों ने किया।और विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये मॉडलों की सराहना किया और बच्चों से जानकारी ली और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार अधिकारी ने विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों की प्रतिभा में निखार आयेगा। आज विज्ञान का युग है और विद्यार्थियों की इसमें रुचि बच्चों को आगे बढ़ने में सहायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि डीएवी विवेकानंद विद्यालय आने वाले दिनों में अपना नाम और रोशन करेगा। सफलता से शिखर को छुयेगा। वही निदेशक कैलाश कुमार ने कहा इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों के अंदर रचनात्मक शैली का विकास करना है। साथ ही वैज्ञानिक उत्सुकता बढ़ाना और उनके अंदर आत्मविश्वास को मजबूत करना और कुछ नया करने के लिए उन्हें प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में प्रत्येक वर्ष विज्ञान व हस्तकला आयोजन किया जाता हैं। जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थी शामिल होते है। विजेता मॉडलों में जूनियर और सीनियर में बच्चों को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया। सभी मॉडलों के जजमेंट के लिए डॉ मोहन प्रकाश और रणजीत कुमार ने किया । मौके पर मुखिया सुशांति भगत पंसस राखी भगत, करमा उरांव एचएम पब्लिक स्कूल चुटिया के निदेशक अरविंद कुमार होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के निदेशक आलोक बिपिन टोप्पो आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल चान्हो के निदेशक अमीन अंसारी, साइन पब्लिक स्कूल नागजुआ के निदेशक माजिद आलम, बुद्ध पब्लिक स्कूल के निदेशक रणधीर कौशिक झारखंड पब्लिक स्कूल के निदेशक राहुल प्रसाद,सहित सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद थी।

## गरीब-असहाय लोगों को ठंड से बचाने के लिए डालसा ने कंबल बांटा

# जहां आश्रयगृह नहीं, वहां टेंट लगाकर निगम करे राहगीरों को रखने की व्यवस्था : डालसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** न्यायामूर्ति सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजित नारायण प्रसाद के निर्देश एवं रांची न्यायायुक्त दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन में डालसा की ओर से शनिवार को बढ़ती ठंड में ठिठुर रहे गरीब लोगों को राहत देने के लिए अभियान चलाया गया। खुले आसमान के नीचे सो रहे लोगों को निगम की ओर से संचालित आश्रयगृह में रात गुजारने के लिए निवेदन किया। इस दौरान डालसा सचिव एवं उनकी टीम में शामिल डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा एवं पीएलवी विक्की चौधरी ने नगर निगम के मनीकांत सिन्हा के सहयोग से देर रात तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर निगम की ओर से संचालित आश्रयगृह का निरीक्षण किया। खादगढ़ा बस स्टैंड स्थित आश्रयगृह के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शौचालय की साफ-सफाई ठीक नहीं हैं। इसके बाद उन्होंने आश्रयगृह के इंचार्ज को अविलंब शौचालय की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। कहा कि निरंतर यह अभियान झालसा के निर्देश पर चलेगा। उन्होंने उपस्थित आश्रयगृह के इंचार्ज से कहा कि ठंड से बचाव और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। इसके अलावा जागरूकता के लिए जगह-जगह पोस्टर लगाये और उसमें संपर्क नंबर भी दें, ताकि लोगों को आश्रयगृह पहुंचने में परेशानी ना हो। इस अभियान के तहत मेन रोड में खुले आसमान के नीचे सो रहे पांच गरीब लोगों को रेस्क्यू कर बकरी बाजार स्थित आश्रयगृह में दाखिला कराया गया। वहीं, खादगढ़ा बस स्टैंड के आस-पास खुले आसमान के नीचे सो रहे 15 असहाय लोगों को खादगढ़ा बस स्टैंड स्थित पुरूष एवं महिला आश्रयगृह में दाखिला कराया गया। उनके बीच कंबल का भी वितरण किया गया। इसके अलावा निगम के कर्मचारियों से निवेदन किया गया कि जहां आश्रयगृह नहीं हैं, वहां टेंट लागकर राहगीरों को रखने की उचित व्यवस्था करें। दूसरी ओर, निगम की ओर से संचालित सभी आश्रयगृह की सूची निगम से मांगी गयी है। ठंड से बचाव अभियान के तहत सभी क्षेत्रों में आसमान के नीचे सो रहे लोगों को उस क्षेत्र के आश्रयगृह में दाखिला दिलाया जायेगा। इसके अलावा जरूरतमंदों को राहत सामग्री एवं कम्बल का वितरण झालसा के निर्देश पर किया जायेगा। ज्ञात हो कि डालसा सचिव ने कार्यरत सभी पीएलवी से भी कहा हैं कि अपने क्षेत्र में बढ़ती ठंड के कारण गरीब व असहाय लोगों को चिन्हित कर जिला प्रशासन के सहयोग से उन्हें राहत पहुंचाये।



गरीब-असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण करती डालसा की टीम।

## हत्या के प्रतिवाद में ग्रामीणों ने डेढ़ घंटे तक किया एनएच जाम

**मांडर (आजाद सिपाही)।** विसाहाखटंगा निवासी एरेनियुस टोप्पो नामक 56 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की शुक्रवार को उनके घर के पास ही हत्या कर दिये जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 75 को करीब डेढ़ घंटे तक जाम कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग करहे थे। विसाहाखटंगा के मुखिया स्नेहा एक्का के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सड़क जाम किया। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच वार्ता के बाद करीब डेढ़ घंटे बाद सड़क से खोल दिया गया। ग्रामीणों ने मांग की कि मृतक के आश्रित परिवार को नौकरी और 50 लाख रुपए की मुआवजा दी जाए। साथ ही परिवार समेत ग्रामीण को सुरक्षा दी जाए। मृतक रांची जिले के बेड़ो प्रखंड में वीएलडब्लू के पद पर कार्यरत था। इस पर मांडर पुलिस ने अपराधियों के जल्द ही गिरप्तार करने का आश्वासन दिया।



## जशपुरिया बीएड कॉलेज में गायन और नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** जशपुरिया बीएड कॉलेज बीसा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की ओर से शनिवार को गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जशपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशन के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण बताया और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का नेतृत्व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की को-ऑर्डिनेटर सरिता कुमारी ने किया।

इस दौरान गायन प्रतियोगिता में प्रशिक्षुओं ने समूह गायन के माध्यम से अपनी मधुर आवाज और टीम वर्क का प्रदर्शन किया। इसमें अनुपमा ग्रुप (बैच 2024-26) प्रथम, रोज ग्रुप (बैच 2024-26) द्वितीय और पूजा ग्रुप (बैच 2024-26) तीसरे स्थान पर रही। वहीं, नृत्य प्रतियोगिता में नीलिमा ग्रुप प्रथम, निशा ग्रुप द्वितीय और राहुल ग्रुप (बैच 2024-26) तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय की निदेशक डॉ शालिनी प्रिया ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। उनकी सृजनात्मकता को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने सांस्कृतिक प्रकोष्ठ को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक सजीव कुमार, डॉ प्रियंका शर्मा, रीमा उपासना कच्छप, गीता महाराज, सरिता कुमारी, विभा कुमारी, रंचन कुमारी, हर्ष राज और महफूज अंसारी आदि उपस्थित थे।



## इटकी के कांग्रेस ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष बलराम गोप का निधन

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी बनिया टोली निवासी समाजसेवी सह कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष बलराम गोप (53) का रिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया है। बताया जा रहा कि शनिवार की सुबह सात बजे दिल का दौरा पड़ने पर आनन फानन में परिवार के सदस्य रिम्स अस्पातल ले गये ते। जहां इलाज के दौरान शाम छह बजे उनकी मौत हो गई। इस खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। वे पांच पुत्र के अलावे भरा पूरा परिवार छोड़ गये। बलराम गोप की मौत पर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, प्रखण्ड अध्यक्ष रमेश महली, मुखिया राजन किस्पोट्टा, उप प्रमुख परवेज राजा, भाजपा के कृष्णा राम तिवारी, यादव अहीर उत्थान समिति अध्यक्ष बैजू गोप, अबू माज और बबलू गोप ने शोक व्यक्त किया है।



## किसान मड़ुवा की खेती पर जोर दें: मदुवा कच्छप

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में कृषि प्रद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण की ओर से जैविक खेती विषय पर पांच जिला स्तरीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ है। मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान स्थिति में जैविक खेती के सहारे ही किसान अपनी दशा और दिशा को निखार सकते हैं। हमारे पूर्वज भी जैविक खेती पर अपना जीवन व्यतीत करते थे। जैविक खेती में ना तो कोई रासायनिक खाद ना दवा की जरूरत है। उन्होंने मोटा अनाज जैसे मडुवा की खेती करने का किसानों को सलाह दी। वहीं, जिला के प्रशिक्षण प्राप्त किसान सह प्रशिक्षक गनसु महतो ने जैविक खेती के विषय में विस्तृत जानकारी दी। जीवामृत, मटक खाद, घनाजीवामृत खाद का उपयोगिता बताने के साथ इनको बनाने की विधि भी बताया। वहीं, अशोक ठाकुर ने वर्मी कंपोस्ट, नाडेप फास्पो कंपोस्ट एवं मृदा जांच के विषय किसानों को विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर किसान चूड़ामणि महतो, राम महतो, हाजी कादिर अंसारी, नीरज महतो, बलराम महतो संजीत महतो, अनिल महतो, पवन विरेंद्र और प्रदीप महतो आदि उपस्थित थे।



## नवनिर्मित हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के साथ भव्य भंडारा का हुआ आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम थाना परिसर में नवनिर्मित श्रीश्री देव हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शनिवार को भव्य नगर भ्रमण और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों महिलाएं और पुरुषों ने भाग लिया। नगर भ्रमण के बाद प्राण प्रतिष्ठा के लिए वेदी पूजन, हवन और आरती का आयोजन किया गया। यह अनुष्ठान पुजारी आचार्य पंडित मुकेश भास्कर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद, रमेश पांडेय, मनोज सिंह, मीनू सिंह, संजीव सिंह, जितेंद्र सिंह, फुलकुमारी देवी, काशीनाथ महतो, देवेंद्र सिंह, रामानंद पांडेय, कृष्णा गोप, भानुमती देवी, अरुण झा, बिनोद सिंह, राजू गोप, शंकर पांडेय, अनिल सिंह, अमित दास, रंजीत कुमार, रीमा देवी, पुष्पा देवी, ललन ठाकुर, कृष्णा कुमार, आनंद कुमार, विकास भगत और मनोरम देवी का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## सेवानिवृत्ति पर लिपिक को दी गयी विदाई

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी अंचल कार्यालय में शनिवार को कार्यरत लिपिक संगीता थापा के सेवानिवृत्त होने पर समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। मौके पर उपस्थित सीओ राजेश कुमार ने उन्हें बुके और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कहा कि हर प्रशासनिक अधिकारी के जीवन में यह पल एक दिन जरूर आता है, लेकिन वह अपने कार्यों से हमेशा याद किए जाते हैं। उन्होंने लिपिक संगीता थापा को उसके उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। मौके पर अंचल उप-निरीक्षक अशोक सिंह ने सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी लिपिक संगीता थापा के कार्यों की सराहना की और उन्हें बुके उपहार देकर सम्मानित किया।

## राजेश कच्छप को हेमंत सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग

**बीस सूत्री समिति एवं बोर्ड-निगम का गठन शीघ्र किया जाये : मुस्तफा अंसारी**



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अंजुमन कमेटी रांची ग्रामीण ज़िला के अध्यक्ष मुस्तफा अंसारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से खिजरी विधायक राजेश कच्छप को कांग्रेस कोटे से नए मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि राजेश कच्छप दूसरी बार शानदार जीत हासिल किए हैं। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को एक नई दिशा दी है और जनता के बीच काफी लोकप्रिय हैं। वहीं, मुस्तफा अंसारी ने मुख्यमंत्री से प्रदेश में बीस सूत्री समिति, निगरानी समिति, बोर्ड, निगम सहित अन्य रिक्त समितियों का गठन शीघ्र कराने का भी आग्रह किया। कहा कि पिछले कार्यकाल में उक्त समितियों का गठन नहीं हो पाने की वजह से झारखंड की जनता इसका लाभ लेने से वंचित रही। उन्होंने मुख्यमंत्री से जनादेश का सम्मान करते हुए जनता से किए गए वायदों को शीघ्र पूरा करने और लोगों की आकांक्षा व अपेक्षाओं के अनुरूप योजना बनाकर जमीन पर उतारने की भी मांग की।

## अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी के कुदलुम स्थित आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ आईक्यूएसी के तत्वावधान में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में बीएड सत्र 2023-25 प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं के अभिभावकों के साथ शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ रामकेश पांडेय ने किया. कार्यक्रम की प्रस्तावना वागीश दुबे ने देते हुए कहा कि अभिभावक-शिक्षकों का एक-दूसरे के साथ आपसी सामंजस्य स्थापित करके प्रशिक्षुओं का उत्तरोत्तर विकास किया जा सकता है। वहीं, डॉ रामकेश पाण्डेय ने बताया कि सृजन और उतरोतर विकास के लिए धैर्य, लगन और परिश्रम की जरूरत होती है। रातों-रात चमत्कार नहीं होता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ हरीश पाण्डेय ने किया।

## हेमंत सरकार बनने से झारखंडियों में खुशी: अजीजुल अंसारी व मो फुरकान





**कांके (आजाद सिपाही)।** झामुमो के पूर्व रांची जिला उपाध्यक्ष अजीजुल अंसारी व झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व रांची जिला उपाध्यक्ष मो फुरकान ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन की अबुआ सरकार बनने से झारखंडियों में खुशी की लहर है। इससे राज्य के आदिवासी मूलवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े सभी लोगों में खुशी है। अजीजुल अंसारी और मो फुरकान ने बताया कि हेमंत सरकार के नेतृत्व में झारखंडियों की अपनी सरकार बनी है, जो राज्यवासियों के हित में अच्छे काम करेगी। इससे झारखंड के मूल निवासियों का विकास होगा। लोगों को रोजी रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन नहीं करना पड़ेगा। सरकार पढ़े लिखे बेरोजगारों को भी राज्य में खाली पड़े पदों नियुक्तियां करेगी। स्थानीयता नियोजन नीति से भी राज्य के मूल निवासियों का भला होगा। 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति भी सरकार लागू करेगी। नेताद्वय ने कहा कि सरकार के ब्यूरोक्रेट्स, अधिकारी और सरकारी कर्मचारी सरकार और जनता हित में कार्य करें। कहा कि भ्रष्टाचार को बढ़ावा नहीं दे। जनता का विश्वास जीते। ताकि राज्य और जनता का कल्याण हो।

## सीआइटी में एक्सपर्ट टॉक का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में रिसर्च एथिक्स एन इनोवेटिव पर्सपेक्टिव विषय पर एक दिवसीय एक्सपर्ट टॉक का आयोजन हुआ। रिसोर्स पर्सन के रूप में एनआईटी जमशेदपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के व्याख्याता डॉ सतीश कुमार ने सत्र को संबोधित किया। उन्होंने रिसर्च कार्य में ईमानदारी, मौलिकता और नैतिक सिद्धांतों के पालन के महत्व पर जोर दिया। कहा कि शोध कार्य में विश्वसनीयता के लिए जिम्मेदार डेटा हैंडलिंग और साहित्यिक चोरी से बचें। उन्होंने नैतिक मानकों को बनाए रखते हुए रिसर्च में इनोवेशन को बढ़ावा देने के व्यावहारिक रणनीतियों को भी साझा किया। वहीं, प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने भी अपने विचार रखे। बताते चलें कि सत्र का आयोजन संस्थान के इनोवेशन एंड स्टार्टअप सेल के तत्वाधान में आयोजित किया गया। मौके पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के निदेशक डॉ ए भट्टाचार्य, आईआईसी के प्रेसिडेंट प्रो दीपक कुमार वर्मा, कन्वेनर प्रो विनीत कुमार, डीन (आईक्यूएसी) डॉ नवीन कुमार सिन्हा, डॉ डीके सिंह आदि मौजूद थे। इस दौरान मंच संचालन टेक्निकल इंग्लिश विभाग की सहायक प्रोफेसर और आईआईसी की सदस्य प्रो रिया सिंह ने किया।

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची में आयोजित सीबीएसइ इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में अनगड़ा के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए दो कांस्य पदक अपने नाम किये। इस प्रतियोगिता में रांची जिले से करीब 200 प्रतिभागी बच्चों ने भाग लिया। आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा की रेणुका मुंडा ने 32 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किए वहीं संत अलॉयसिस स्कूल के अंकुश कुमार साहू ने 35 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। विजेता दोनों बच्चे स्टार क्लब गोंदलीपोखर में प्रशिक्षित हुए हैं। इनके कोच संजय मुंडा ने बच्चों के प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त किया तथा उन्हें बधाई दी।

## चिंता : इटकी के धान क्रय केंद्र में लटका ताला

# उपज धान की खरीदारी नहीं होने से किसान निराश-परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** विभागीय लापरवाही का खामियाजा इटकी के गरीब किसान भुगत रहे हैं। क्षेत्र के किसान सरकार और संबंधित विभाग की ओर से अबतक धान क्रय का निर्देश जारी नहीं किये जाने से परेशान हैं। क्योंकि प्रखंड के धान क्रय केन्द्रों पर ताला लटका हुए है। मौसम अनुकूल होने के कारण इस बार धान की अच्छी फसल हुई है। जिससे किसान काफी खुश है, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण उनकी उम्मीदों पर पानी फिरने लगा है। अधिप्राप्ति धान क्रय केन्द्रों में अबतक किसानों के उपज धान की फसल की खरीदारी शुरू नहीं हुई है जिस कारण किसान विचौलियों के हाथों औने पौने दाम पर धान बेचने को विवश हैं। इटकी प्रखंड के किसानों ने लगभग 1, 801. 42 हेक्टयर से अधिक भूमि पर धान की फसल लगायी थी। क्षेत्र में करीब 95 फीसदी धान की कटाई कर किसान मिसाई भी कर चुके है। पर समय पर धान की खरीदारी नहीं होने के कारण खलिहान और घर धान से अटे परे हैं। किसान परेशान है कि वे क्या करें। व्यापारियों ने सरकार की मानक धान क्रय के मुल्य से करीब चार से पांच रुपया प्रतिकिलो कम में खरीदारी शुरू कर दिया है। सरकार की पूर्व से धान क्रय केन्द्रों में 23 रुपया प्रति किलो की दर से खरीदारी निर्धारित है। क्षेत्र के उन्नत किसान ने कहा कि समय रहते अगर क्रय केन्द्रों में धान की खरीदारी शुरूआत नहीं की गई तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।



### धान क्रय को लेकर किसी प्रकार का विभागीय निर्देश नहीं मिला है : हेमंत

प्रखंड के प्रभारी कृषि पदाधिकारी हेमंत एक्का ने बताया कि सरकार की ओर से धान क्रय का मूल्य निर्धारण नहीं की गई है। ना ही धान क्रय केंद्रों में धान की खरीदारी का किसी प्रकार का निर्देश मिला है। इसी कारण अधिप्राप्ति धान केंद्र बंद है। प्रखंड में मात्र एक कुर्गी लैंपस भवन में धान की खरीदारी की व्यवस्था उपलब्ध है। विभाग की ओर से निर्देश मिलते ही केंद्रों में धान खरीदारी की शुरूआत की जायेगी।

## इरेनयुस टोप्पो के निधन पर शोक



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में कार्यरत जनसेवक इरनुस टोप्पो के आकस्मिक निधन पर शनिवार को शोक सभा आयोजित की गयी। जिसमें बीडीओ राहुल उरांव सहित उपस्थित सभी कर्मियों व पदाधिकारियों ने मृत आत्मा की शांति की कामना की। साथ ही उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। इरेनयुस टोप्पो प्रखंड कार्यालय बेड़ो में विगत तीन साल से डोरंडा व करकरी पंचायत के जनसेवक के पद पर कार्यरत थे। इधर, सभा के बाद प्रखंड कर्मी अंतिम संस्कार में बूढ़ा खुखरा पहुंचे और स्वजनों को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर बीपीओ संजय तिर्की, जेई सद्दाम अंसारी, रामनाथ लोहरा, अभय खलखो, दशरथ महतो, भरत स्वांसी, संतोष तिवारी, संजीव कुमार दुबे, पंकज कुमार, निरोज लकड़ा, सोनू कुमार, अनिता केरकेट्टा, रूपा कुमारी, पूजा कुमारी, बिरसमुनी कुमारी, दीप्ती बाड़ा, सहाबुद्दीन अंसारी, राजेश कुमार, अमित केरकेट्टा, करमु कंडीर, सौरभ महली, राजेश नायक आदि मौजूद थे।

## मांडर ऑक्सब्रिज स्कूल के बच्चों ने जीता पदक

**मांडर (आजाद सिपाही)।** ऑक्सब्रिज स्कूल में शनिवार को 20वां राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले विद्यार्थियों को इवोन एंवेजलिन एक्का एवं कराटे प्रशिक्षक द्वारा सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता 23 एवं 24 नवंबर को सिल्ली में रांची वुशु संगठन की ओर से आयोजित किया गया था। जिसमें ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर की विद्यार्थी कोमल सिंह ने सिल्वर और अनिशा तिग्गा ने ब्रोंज मेडल जीता था।

## 100 मीटर बाधा दौड़ में दिया, दिपिका सुदेश और हिमांशु ने जीता स्वर्ण पदक



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** जनकल्याण समर्पण संस्थान के तत्वाधान में सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में चल रहे खेल महोत्सव 2024 के सातवें दिन 100 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा के बालिका सीनियर वर्ग में दीया थापा क्षेत्री ने स्वर्ण, लतिका सपवार ने रजत और आंचल कुमारी ने कांस्य पदक जीता। वहीं, जूनियर दीपिका कुमारी स्वर्ण, प्रियंका कुमारी रजत और श्रेया कुमारी कांस्य पदक, बालक जूनियर वर्ग में सुदेश महतो स्वर्ण, अंश महतो रजत, निखिल करमाली कांस्य पदक, सब जूनियर हिमांशु बेदिया स्वर्ण, सुधांशु मेहता रजत, सुमित कुमार कांस्य पदक जीता। सभी विजेता खिलाडियों को मुख्य अतिथि भाजपा एसटी मोर्चा रांची ग्रामीण के जिलाध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि अजगूत करमाली ने पदक एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। नेताद्वय ने अपने संबोधन में कहा कि निश्चीत रूप से इस आयोजन से क्षेत्र के बच्चों को खेल के क्षेत्र में आगे बढने में एक मंच मिलेगा सभी खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की मंगल कामना सहित ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष सुजीत कुमार एवं संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार ने किया। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष कुंती देवी, महासचिव सत्यपाल राउत, सचिव राजकुमार, मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार दीपू, सक्रिय सदस्य विजय सिंह, राष्ट्रीय तैराकी कोच पिंकी कुमारी, गोविंदा कुमार, कमलेश पाहन, संदीप कुमार वर्मा, ओम प्रकाश कुमार, सुरेंद्र लोहार, ब्रज किशोर बेदिया, नागेश्वर महतो, संजू गोस्वामी, कृष्ण गोपाल भद्र पोप, ब्रजकिशोर प्रसाद, माघु करमाली, प्रदीप कुमार, निर्णायक मंडली के संजय राणा, टिकेश्वरी पांडेय, ऋषि सिंह, नागेश्वर सिंह, विजय रजवार, विवेक बेदिया, राजेश मुंडा, बबलू मुंडा, सोनू साहू और सिकंदर आलम आदि मौजूद थे।

# चांदो स्टोन माइंस में बदमाशों का धावा की ताबड़तोड़ फायरिंग, पांच गिरफ्तार

## पकड़े गये सभी बदमाश सुजीत सिन्हा गिरोह के, ओरमांझी में भी कर चुके हैं फायरिंग

**बदमाशों के पास से चार हथियार बरामद, उनसे पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों का पता लगा रही पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर/पलामू।** चैनपुर थाना क्षेत्र के चांदो में शनिवार की सुबह स्टोन माइंस में अपराधियों ने धावा बोल दिया। बदमाशों ने ताबड़तोड़ कई राऊंड फायरिंग कर दी, जिससे दहशत फैल गयी। हालांकि चांदो पिकेट पुलिस ने फायरिंग कर भाग रहे पांच बदमाशों को खदेड़ कर पकड़ लिया। उनके पास से चार हथियार भी बरामद किये गए हैं। बतातें चलें कि कुछ दिनों पहले ही स्टोन माइंस के बाहर फायरिंग कर भाग रहे अपराधियों ने रांची के ओरमांझी में भी गोलीबारी की थी। जानकारी के मुताबिक चांदो में स्टोन माइंस में गोलीबारी करने वाले अपराधी बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे। माइंस में घुसते ही ताबड़तोड़ सात राउंड फायरिंग की और फरार हो रहे थे। इस दौरान चांदो पिकेट की पुलिस ने उनका पीछा किया और सभी को धर दबोचा। इस संदर्भ में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से हथियार भी बरामद किये गए हैं। पुलिस की मानें तो पकड़े गये बदमाशों का संबंध सुजीत सिन्हा गिरोह से है। पुलिस उनसे पूछताछ कर गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही है।



चांदो स्टोन माइंस की तस्वीर।

# जनता की सेवा पहली प्राथमिकता : विधायक

**हुसैनाबाद के नवनिर्वाचित विधायक ने समर्थकों के साथ निकाला विजय जुलूस**



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज के नवनिर्वाचित राजद विधायक संजय सिंह यादव ने शनिवार को अपने हजारों समर्थकों के साथ विजय जुलूस निकाला। शहर के पुरंदर बीघा स्थित अपने आवासीय परिसर से विजय जुलूस की शुरूआत की, जो जेपी चौक, पटेल चौक, अंबेडकर चौक और गांधी चौक होते हुए मुख्य बाजार का भ्रमण करने के बाद दाता साहब के मजार पर जाकर चादरपोशी की। इसके बाद जुलूस हैदरनगर पहुंचा जहां देवी धाम में पूजा के बाद हैदरनगर बाजार क्षेत्र पहुंचा। इस दौरान सभी चौक - चौराहों पर कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने विधायक का जोरदार स्वागत किया। वहीं, विधायक ने सभी महापुरुष के चौक पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस उम्मीद के साथ मतदान के रूप में अपना आशीर्वाद देकर विजयी बनाया है उसपर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। जनता की सेवा ही हमारी पहली प्राथमिकता होगी। सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाऊंगा। इस मौके पर एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, नपं अध्यक्ष सह राजद नेता शशि कुमार, युवा नेता रवि कुमार यादव, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, विनय सिंह यादव, राजकुमार, राजेश सिंह, डॉ एजाज आलम, कलामुदिन खान, जाकिर अली उर्फ राज अली, देव कुमार बोस, विजय गुप्ता, रामकुमार, सुदेश्वर पासवान, बिमलेश पासवान आदि मौजूद थे।

# हमारी परंपरा को सहेज रही बेटियों का लोक एवं साहित्यिक नृत्य : अविनाश



**नृत्य प्रतियोगिता में संत मरियम के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन**

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में उच्चतम कक्षाओं के छात्रों के लिए नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक के रूप में मौजूद पलामू के नृत्य जगत को नई ऊंचाई देकर नई कीर्तिमान स्थापित कर चुके निदेशक सुजीत कुमार, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, संगीत प्रशिक्षक श्याम किशोर पांडे, समन्वयक रिजवाना परवीन, विकास विश्वकर्मा, नृत्य शिक्षिका पूजा चंद्रवंशी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने लोक नृत्य, साहित्यिक नृत्य, पारंपरिक मैथिली नृत्य जैसे कई नृत्य का प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रीति कुमारी प्रथम, सोनी कुमारी द्वितीय और व रिया कुमारी तीसरे स्थान पर रही। वहीं, आदित्य कुमार के नृत्य करने के अंदाज ने लोगों का मन मोह लिया। वहीं, अविनाश देव ने सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह और समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देखकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बदलते वक्त में जिस तरह से लोग सस्ती लोकप्रियता, क्षणिक उपलब्धियों का ताज अपने माथे सजाने के लिए हमारी परंपरा को भूल कर अश्लीलता परोसने के लिए व्याकुल है, ऐसे में हमारे समाज की बेटियों ने लोक, साहित्य व पारंपरिक नृत्य का प्रदर्शन बहुत सराहनीय रहा। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि इस विद्यालय के बच्चे शिक्षा के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उच्चतम स्तर के उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। निश्चित रूप से आने वाले कल को अपनी कला के माध्यम से विद्यालय व जिले को एक नया आयाम देंगे। इस मौके पर कार्यक्रम के संचालक रूपम कोसनम, समन्वयक रोशन राज और दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

# पलामू व गढ़वा जिले के छूटे हुए गांव भी अब बिजली की रौशनी से जगमग होंगे

**रंग लाया पलामू सांसद का प्रयास**



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के चलते पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत दोनों जिले पलामू एवं गढ़वा के छूटे हुए गांवों-टोलों में शीघ्र बिजली आपूर्ति शुरू करने की व्यवस्था की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। ऐसे टोलों एवं गांवों के सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसके लिए सांसद ने लोकसभा के शून्य काल में मामले को उठाया था एवं केंद्रीय विद्युत मंत्री आरके सिंह को पत्र लिखकर एवं व्यक्तिगत रूप से मिलकर तत्कालीन सेवा बहाल करने की अपील की थी। विदित हो कि गढ़वा, मेदिनीनगर शहर के अलावा भी छोटे-छोटे शहरों में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था भारत सरकार की ओर से संचालित आरडीएसएस के अंदर की जा रही है। साथ ही दोनों जिलों के प्रखंड़ों एवं गांवों में मुख्यमंत्री उज्जवला योजना के तहत बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है। इसे लेकर सांसद ने कहा कि उम्मीद है कि उक्त बिजली योजनाओं के कार्य के पूर्ण होते ही बहुत जल्द ही छूटे हुए गांवों एवं टोलों में भी निर्वाध रूप से बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

# शहर को फुटपाथ मार्केट एवं प्रदर्शनी हाल की आवश्यकता: अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शहर के बेलवाटिका चौक पर पर कश्मीरी वुलेन मार्केट का शुभारंभ मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने की। कहा कि एक समय था जब हम कश्मीर जाते थे तो वहां से कश्मीरी कपड़ा खरीद कर अपने पारिवारिक एवं मित्रों को उपहार देने के लिए लाते थे। आज हमारा शहर इतना बड़ा हो चुका है की कश्मीरी एवं भूटानी लोग आकर कश्मीर और भूटान का कपड़ा हमारे शहर में बेचकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। यह खुशी की बात है। अरुणा शंकर ने कहा कि इस बार मुझे जनता ने आशीर्वाद दिया और मैं महापौर बनी तो फुटपाथ व्यवसाईयों के लिए शहर के बीच स्टेट बस डिपो के बगल में जहां खाली जमीन है वहां फुटपाथ व्यवसायों के लिए एक शानदार मार्केट बनाऊंगी। वहीं, दूसरे राज्य से आकर हम सभी के बीच अच्छे-अच्छे वस्तुएं बेचने या प्रदर्शनी लगाने वाले व्यवसायियों के लिए प्रदर्शनी हाल भाड़े पर दी जाएगी। जिसमें उन छोटे व्यवसाईयों को रहने की भी व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में पारित हुआ फुटपाथ एवं नालियों पर बैठकर व्यवसाय करने वाले सब्जी विक्रेताओं के लिए बड़ा तालाब के समीप सब्जी मार्केट का जिसका टेंडर हो चुका है। उम्मीद है निगम वासियों को जल्द नगर निगम की ओरर से तोहफे में दिया जाएगा। इस मौके पर पार्षद प्रदीप अकेला, पूर्व सैनिक बृजेश शुक्ला, संजू शुक्ला, विराज अहमद, सबज्रर अहमद मल्लिक, जावेद अहमद, धीरज चंद्रवंशी और सुनील गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद के निर्दलीय प्रत्याशी रहे विनोद ने कार्यकर्ताओं के साथ की समीक्षा बैठक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी रहे विनोद कुमार सिंह ने शहर के रिद्धि-सिद्धि होटल में शनिवार को अपने कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें 342 बूथ से आए बूथ स्तर के सभी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में बूथ स्तरीय सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी-अपनी बात रखी। वहीं, विनोद सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज विस क्षेत्र में अपनी सेवा निरंतर जारी रखूंगा। कार्यकर्ताओं व लोगों के लिए हर दुख-सुख में खड़ा रहूंगा। इस मौके पर हैदरनगर के मुखिया संतोष सिंह, योगेंद्र सिंह, प्रशांत सिंह, लाल सिंह, सनोज गुप्ता, संतोष राम, अजित सिंह, नागेन्द्र उपाध्याय, राजेश कर्ण, संजय मेहता, पूर्व मुखिया रघुनंदन साव, गुनगुन सिंह, पूर्व मुखिया शिवलाल राम, पूर्व मुखिया बिपिन सिंह, मनदीप राम, भीषम सिंह, राकेश यादव, संजय यादव, धनजय गुप्ता, शिव मेहता, रवि चंदेल और सिकेश सिंह आदि मौजूद थे।

# हथियार लहराते दो युवकों को पुलिस ने दबोचा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सदर थाने को गुप्त सूचना मिली ती कि डालटनगंज-पांकी रोड में बड़कागांव निवासी आर्यन चौबे नाम युवक अपने दोस्त के साथ पोखराहा पेट्रोल पंप के पास हथियार लहरा रहा है। जिसके बाद पलामू एसपी के निर्देशन में एक टीम गठित कर छापामारी की गयी और पोखराहा से पांकी के सगालीम आसेहार निवासी सत्यम कुमार (19) और बड़कागांव के रहने वाले आर्यन चौबे (19) को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक बंदूक भी जब्त किया गया। इस संबंध में सदर थाना कांड संख्या 121/2024 के भादवि की धारा 25 (1-इ), 26 व 35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरसात में भेजा दिया है। वहीं, छापामारी दल में सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, पुअनि रंजीत कुमार, सअनि नबी अंसारी, निरंजन कुमार, राजेश उरांव आदि शामिल थे।

## डीसी ने बैठक कर संलग्न पदाधिकारी को दिया निर्देश

# पलामू जिले में 15 दिसंबर से होगी धान अधिप्राप्ति

## दो लाख क्विंटल धान क्रय का लक्ष्य, 38 पैक्सों के जरिये होगी खरीदारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति किया जाना है। शत-प्रतिशत धान अधिप्राप्ति को लेकर डीसी शशि रंजन गंभीर हैं। उन्होंने अपने कार्यालय कक्ष में शनिवार को जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की, जिसमें जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी को धान अधिप्राप्ति को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को किसानों का निबंधन 'ईउपार्जन' पोर्टल पर सुनिश्चित करने पर बल दिया।

खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में राज्य मुख्यालय की ओर से जिला के लिए दो लाख क्विंटल धान क्रय का लक्ष्य निर्धारित है। इसके लिए अधिकतम सीमा प्रति किसान 200 क्विंटल तक निर्धारित है। अबतक ईउपार्जन पोर्टल पर 12 हजार से अधिक किसानों ने अपना निबंधन कराया है। जिले के कुल 38 पैक्स केंद्रों पर धान अधिप्राप्ति की जायेगी। डीसी ने संलग्न पदाधिकारी को कृषक मित्र सहित कृषि विभाग के अन्य क्षेत्रीय कर्मियों के माध्यम से किसानों के बीच धान अधिप्राप्ति से संबंधित पूरी जानकारियों का प्रचार करने, संबंधित पोर्टल पर अधिक से अधिक किसानों का निबंधन सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने किसानों को पैक्स में ही धान बिक्री करने के लिए प्रेरित करने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। बतातें चलें कि विश्रामपुर पैक्स, चैनपुर व्यापार मंडल, चैनपुर सलतुआ पैक्स, चैनपुर पैक्स लिमिटेड, मुनकेरी पैक्स लिमिटेड छतरपुर, उदयगढ़ पैक्स छतरपुर, तेलाड़ी पैक्स छतरपुर, लोहरपुरवा बरैवा पैक्स हैदरनगर, सेमरवार पैक्स हरिहरगंज, अररूआ पैक्स हरिहरगंज, खापकटैया पैक्स हरिहरगंज, विकेएस एग्री फार्म एफपीओ हुसैनाबाद, हुसैनाबाद व्यापार मंडल, कोटखास पैक्स लेस्लीगंज, लेस्लीगंज पैक्स , मनातु पैक्स मनातू, मोहम्मदगंज पैक्स मोहम्मदगंज, कंडा पैक्स नावाबाजार, चेराई 2 पैक्स नौडीहा बाजार, सरईडीह पैक्स नौडीहाबाजार, कुटमु पैक्स पांडू, तिसीबार कला पैक्स पांडू, छिछौरी पैक्स पंडवा, ताल पैक्स पांकी, अम्बाबार पैक्स पांकी, नुरू पैक्स पांकी, पाटन व्यापार मंडल, पाटन, पंचकेड़ीया पैक्स पाटन, सेमरी पैक्स, ढाबकला पैक्स पिपरा, मधुबाला पैक्स पिपरा, मायापुर हुटार पैक्स रामगढ़, जमुने पैक्स मेदिनीनगर, झाबर पैक्स मेदिनीनगर, सतबरवा पैक्स सतबरवा, सेलारी पैक्स तरहसी, उदयपुरा दो पैक्स तरहसी, करकट्टा एफपीओ ऊंटारी रोड शामिल है।


**समाहरणालय, सिमडेगा।**
(जिला समाज कल्याण शाखा)
अति अल्पकालिन निविदा आमत्रंण

परियोजना निदेशक, झारखंड महिला विकास समिति के पत्रांक –1580/JWDS–328, दिनांक– 19.09.2024 के आलोक में "महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु केन्द्र" योजना अन्तर्गत जिले में संचालित DHEW (District Hub for Empowerment of Women) केन्द्र, सिमडेगा के मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत संचालित योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन एवं योजना के पर्यवेक्षण तथा अनुश्रवण के लिए एक चारपहिया वाहन (बोलेरो/मारूती इको) ड्राईवर सहित बाहय् स्रोत के माध्यम से किराये पर प्राप्त करने हेतु निदेश प्राप्त है। उक्त संबंध में उपायुक्त महोदय, सिमडेगा का अनुमोदन प्राप्त है।

इच्छुक व्यक्ति/बाहय् स्रोत संस्था दिनांक : 07/12/2124(अप0 1.00 बजे) तक कार्यालय अवधि में जिला समाज कल्याण कार्यालय, सिमडेगा में अपना निविदा बन्द लिफाफा में जमा कर सकते हैं।

नोटः– नियम एवं शर्तें वेबसाईट https://simdega.nic.in से प्राप्त कर सकते हैं।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 340909 Simdega(24-25)D



**Jharkhand Industrial Area Development Authority (JIADA)**
(A Govt. of Jharkhand Undertaking)
Regd. Off: 3rd floor, JIADA building, Namkum Industrial Estate
Namkum, Ranchi, Jharkhand – 834010
E-mail-mdjiada@gmail.com, web-jiada.co.in

Letter No:- 859 Date.29.11.2024

**e- Procurement Notice**
Ref. No. - **JIADA/16/Lohardaga/2024-25**

JIADA invites separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for **Construction of Road Widening , Bituminous Layer Over PCC Road , Cross Drain and Drain at Lohardaga Industrial Area JIADA, Ranchi** Interested eligible bidders are requested to submit their proposal through e-procurement portal latest by 3.00 PM on 21.12.2024.

The details of Tender Documents can be seen and applied through website http://Jharkhandtenders.gov.in only. Tender notification and Tender Document can also be seen (read only purpose) from departmental website http://Jiada.co.in.

Sd/-
Secretary
JIADA, Ranchi.

PR 340841 RIADA (JIADA) (24-25)_D



**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Medininagar Municipal Corporation**

e-Procurment Tender Notice

| Sl. No.. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Part – A | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/ 17/2024-25 | Renovation of Community Toilet under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar Palamau Jharkhand. | 72,18,998/- | 1,44,500/- | 10,000/- | 12 माह |

| Sl. No. | Part – B | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 30/11/2024 At 10:00 AM |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 30/11/2024 At 10:00 AM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.in |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 30/11/2024 At 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 21/12/2024 AT 05:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 23/12/2024 AT 11:00 AM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 340862 District(24-25).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़
रामगढ़ थाना के सामने, थाना चौक/गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला-रामगढ़, झारखण्ड- 829122
ई.मेल- eercdramgarh-jhr@nic.in

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05 वर्ष–2024–25 दिनांक– 29.11.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 2. | परिमाण विपत्र विक्री की तिथि | दिनांक 18.12.2024 को 03.00 बजे अपराहन् तक। |
| 3. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 19.12.2024 को 03.00 बजे अपराहन तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 19.12.2024 को 03.30 बजे अपराहन से। |
| 5. | परिमाण विपत्र की विक्री की स्थान | 1. मुख्य अभियंता(या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०–2, धुर्वा, झारखण्ड, राँची<br>2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ अंचल, हजारीबाग।<br>3. कार्यपालक अभियंता,पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०–2, धुर्वा, झारखण्ड, राँची<br>2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ अंचल, हजारीबाग।<br>3. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |

7. कार्य की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारीबाग | रामगढ़ | Road Safety Work at Black Spot/Vulnerable Points in Different Roads under Road Division, Ramgarh for the year 2024-25 | 40.00 | 80,000/- | 5,000/- | 01 (एक) माह |
| 2 | | | Housekeeping work of Divisional Office at Ramgarh and Inspection Bunglow at Naisarai under Non-Plan Head for the year of 2024-25 | 05.00 | 10,000/- | 750/- | 31.12.2025 तक |

- निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।
- परिमाण विपत्र का मूल्य बैंक ड्राफट या बैंकर्स चेक के रूप में मान्य होगाजो कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल रामगढ़ के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, रामगढ़ कैन्ट, जिला–रामगढ़ शाखा की मुख्य शाखा, रामगढ़ (कोड–SBIN0000164) में भुगतेय होगा।
- प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
- कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण–पत्र, GSTiN से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
- PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10% प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०पथ प्रमण्डल, रामगढ़

PR 340889 Road (24-25)_D

# अंचल अधिकारी अपना काम करें : ब्रजेंद्र प्रसाद



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड कांग्रेस के अनुशासन समिति के अध्यक्ष सह बीस सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि धनबाद में आए दिन यहां के सीओ और बीडीओ का बालू तस्करों के साथ कई बार भिड़ंत हो चुकी है। गोविंदपुर इलाका इसके लिए प्रसिद्ध है। सीओ अपने कार्यालय का काम कम और अन्य कामों में ज्यादा रुचि लेते हैं। इसका कारण सभी लोग समझते हैं। कहने की आवश्यकता नहीं कि जिस अधिकारी के कार्यालय में जाइए सैकड़ो फाइल छह से आठ महीनों से लंबित पड़े हैं। उस पर आवश्यक आदेश नहीं पारित होता है, जबकि अपना समय वैसे अधिकारी सड़क पर ज्यादा व्यतीत करते हैं। हाल के दिनों में गोविंदपुर इलाके में हुई घटना में ना तो उनको उच्च अधिकारी से किसी तरह का आदेश मिला था ना ही किसी सक्षम पदाधिकारी ने उनको अधिकृत किया है। यह भी देखा जाता है की गरीब चालक पर झूठा आरोप लगाकर प्राथमिक दर्ज कराई जाती है और उन्हें जेल भिजवाया जाता है। उन्होंने डीसी से मांग की कि वैसे अधिकारियों पर अंकुश लगाया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री को अलग से पत्र लिखकर बालू घाटों पर अविलंब निर्णय लेने की अपील की है, ताकि झारखंड में विकास का काम आगे बढ़ सके और बालू तस्करों पर भी लगाम लगाया जा सके।

# दुष्कर्म के दोषी को 12 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

## पीड़िता को गर्भवती बनाने और जबरन उसका गर्भपात भी करवाने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**तेनुघाट।** व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी ने दुष्कर्म के आरोप का दोष सिद्ध होने पर रंजीत कुमार चौधरी को 12 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। बतातें चलें कि सूचिका ने तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम की अदालत में एक परिवाद पत्र दाखिल किया था। उसके अनुसार बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के जारंगडीह निवासी रंजीत चौधरी ने घर बेचने के नाम पर बहला फुसला कर लेजाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। सात ही उसके आभूषण और रुपए भी छीन लिये। पीड़िता वे बताया कि उसे गाड़ी से धनबाद ले जाया गया। जहां पर उसके साथ लगातार दुष्कर्म किया गया। जब वह गर्भवती हो गई तो उसका गर्भपात भी कराया गया। उक्त परिवाद पत्र को जांच के लिए थाना भेजा गया। आरोप पत्र समर्पित होने के बाद मामला स्थानांतरण होकर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी की न्यायालय में आया। न्यायालय में उपलब्ध गवाह एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश सूर्य मणि त्रिपाठी ने दोषी पाये जाने पर रंजीत कुमार चौधरी को 12 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साहू ने बहस किया ।

# लोक अदालत का आयोजन 11 मामलों का हुआ निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** रांची झालसा व बोकारो प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष के निर्देश पर शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने बताया कि रांची झालसा के निर्देश पर बोकारो जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मासिक लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित सभी प्रकार के सुलहनीय आपराधिक मामलों, सिविल वाद, क्लेम वाद, एनआई एक्ट वाद एवं बिजली विभाग, वन विभाग, उत्पाद विभाग, श्रम विभाग, माप-तौल विभाग, टेलीफोन विभाग से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन किया जाता है। इस मासिक लोक अदालत के सफल संचालन के लिए तीन बेंच का गठन किया गया था। जिसके पहले बेंच पर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी और अधिवक्ता मो सबीर, दूसरे बेंच पर एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल और अधिवक्ता कल्याणी और तीसरे बेंच पर मुंसिफ शिवराज मिश्रा व अधिवक्ता नरेश चंद्र ठाकुर मौजूद थे। इस मासिक लोक अदालत में सुलहनीय आपराधिक वाद के 11 मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमें 500 रुपए सुलहनीय राशि प्राप्त हुआ। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण, विद्वान पैनल अधिवक्तागण, न्यायालय कर्मियों एवं पारा लीगल वालंटियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बीमार महिला से मिले अजय कुमार, की इलाज की व्यवस्था



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह धनबाद विस से कांग्रेस प्रत्याशी अजय दुबे ने शनिवार को माडा कॉलोनी स्थित प्रेम नगर में जाकर बीमार धर्मी देवी (86) से मुलाकात की और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। उन्हें कान से सुनने व आंख से देखने में कठिनाई है। अजय दुबे ने बताया कि विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान बीमार धर्मी देवी ने उनसे मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया था। तभी मैंने उन्हें आश्वस्त किया था कि मेरी जीत हो या हार, चुनाव के बाद जरूर उनसे मिलने आयेंगें। उसी वादे को पूरा करने शनिवार को वे प्रेम नगर निवासी धर्मी देवी से मिलने पहुंचे हैं। कांग्रेस नेता ने वृद्ध महिला और उसके परिजनों से मुलाकात कर स्वास्थ्य की जानकारी ली और बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों से वार्ता की। कहा कि जल्द ही उनका इलाज शुरू हो जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि बेहतर इलाज के लिए यथा संभव मदद करेंगें। इस मौके पर झारखंड कांग्रेस के महामंत्री मदन महतो, लल्लु तिवारी, गुड्डू तिवारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# पीडीए दुकानदार नियमित रूप से अपनी दुकानें खोलें और उपभोक्ताओं को समय पर राशन उपलब्ध करायें

## गोमिया बीडीओ ने पीडीएस विक्रेताओ के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**आइइएल।** गोमिया प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को बीडीओ महादेव कुमार महतो ने प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ बैठक की। बीडीओ ने डीलरो को निर्देश देते हुए कहा कि सभी नियमित रूप से अपनी दुकानें खोलें और उपभोक्ताओं को समय पर राशन उपलब्ध कराएं। संबंधित डीलर अपनी दुकानों में विभाग की ओर से दिए गए दिशा निर्देश का पालन करें। बीडीओ ने कहा कि दुकान में भंडार पंजी, वितरण पंजी, निरीक्षण पंजी एवं निगरानी पंजी को दुरुस्त रखें। इसी तरह दुकानों में सूचना पट जैसे लाभुक प्रदर्शन पट, निगरानी समिति का बोर्ड, अनुज्ञप्ति बोर्ड, रेट-भंडार बोर्ड भी लगाकर रखना है। वहीं, बैठक में उपस्थित डीलरों ने भी अपनी समस्याओं से बीडीओ को अवगत कराया। इस पर बीडीओ ने समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर एमओ विजेंद्र कुमार, मुरली रविदास, राजेंद्र रजक, भीमसेन पासवान, बद्री पासवान, प्रकाश गंझू, शशिकांत, चंद्रशेखर पांडेय, लालू जायसवाल, दरबारी मांझी, सत्येन्द्र सिन्हा, जयनारायण गोप, सुनीता देवी, निर्मला देवी, सुंदर रविदास, कोलेश्वर रविदास, बाबू जायसवाल, अटल हलधर, माधव रिकी और राजेंद्र रवानी आदि उपस्थित थे।

# मुखिया ने किया पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास



**चंद्रपुरा/बेरमो (आजाद सिपाही)।** चंद्रपुरा प्रखंड के तेलो पश्चिमी पंचायत के मिचार्टांड गांव में 15वें वित्त आयोग मद से इनुश अंसारी के घर से 200 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास तेलो पश्चिमी के मुखिया जितेंद्र शर्मा और पंसस राजेंद्र महतो ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन कर किया। मुखिया ने कहा कि इस गांव में कुछ दूर तक ही सड़क बनी थी। जिस कारण यहां के लोगों को काफी परेशानियों का समाना करना पड़ रहा था। जिसे देखते हुए 15वें आयोग आयोग योजना से फिलहाल 200 फीट पीसीसी सड़क निर्माण कराया जा रहा है। बचे हुए रास्ता को भी जल्द निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि पंचायत के सभी वार्डों में विकास कार्य किया जा रहा है। लोगों की जो समस्याएं हो उसे बतायें, हरहाल में समस्याओं का समाधान किया जायेगा। इस मौके पर सरफराज अंसारी, सुल्तान अंसारी, जेबरेल अंसारी, इशरफिल अंसारी, इतवारी अंसारी, कादिर मियां, चरकु अंसारी और अकबर अंसारी आदि मौजूद थे।

# बालू ढो रहे तीन वाहन जब्त



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने शनिवार की सुबह सरायढेला थाना क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान बिना चालान के बालू की ढुलाई कर रहे तीन वाहनों को जब्त किया गया। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने बताया कि शनिवार तड़के 4.30 बजे खान निरीक्षक विजय करमाली, सुमित प्रसाद एवं आवंटित सशस्त्र पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से सरायढेला थाना क्षेत्र में खनिजों के अवैध खनन व परिवहन के विरूद्ध जांच अभियान चलाया गया। इ दौरान सरायढेला थाना अंतर्गत पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज के गेट के पास तीन टाटा 407 की जांच की गई, जिसपर बालू लदे थे। जांच में पाया गया कि तीनों बिना चालान के बालू का परिवहन कर रहे थे। जिसके बाद तीनों वाहनों को पकड़कर सरायढेला थाना में लाया गया और सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# बैकवर्ड क्लास ओबीसी कोल इम्प्लाइज वेलफेयर संगठन की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गयी चर्चा



**झरिया (आजाद सिपाही)।** बैकवर्ड क्लास ओबीसी कोल इम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के केंद्रीय महासचिव जय बहादुर सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को लोदना एरिया सभागार में सदस्यों के साथ बैठक हुई। इसके बाद संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि कोल इंडिया मुख्यालय में ओबीसी एसोसिएशन की कोल इंडिया स्तरीय बैठक गौतम बनर्जी महाप्रबंधक श्रम शक्ति एवं औसंसीआईएल, फनेन्द्र कोराडा (वरिष्ठ प्रबंधक श्रम शक्ति) लाइजन अधिकारी की उपस्थिति में हुई। सभी कंपनियों में ओबीसी एसोशिएशन के पदाधिकारियों को ओबीसी आरक्षण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराया जाए। डब्ल्यू ओटी वेलफेयर ऑफिसर ट्रेनिंग पर्सनल कैडर की वैकेंसी चालू कर सीट भरने, स्टाफ और टीएडएस ग्रेड या ऊपर ग्रेड के कर्मचारियों को रेफरल अस्पताल में भर्ती होने पर सेमी प्राइवेट वार्ड की सुविधा प्रदान करने, कोल इंडिया के कर्मचारियों के आश्रित बच्चों की मेडिकल सुविधा की उम्र 30 वर्ष करने, मेडिकल रेफर होने पर कर्मचारियों को होटल और दैनिक भत्ता देने आदि की मांग की गयी है। इसके अलावा मेडिकल में रेफर होने पर सहकर्मी को उसी श्रेणी में यात्रा करने की अनुमति देने, कोल इंडिया के 40 वर्ष पूर्ण होने पर अधिकारियों की भांति कर्मचारियों को भी राशि या सम्मान देने, मेडिकल अनफिट लोगों को मेडिकल अनफिट करके आश्रित को नौकरी देने, समयबद्ध पदोन्नति देने, ओबीसी कर्मचारियों को नौकरी एवं पदोन्नति में 27 प्रतिशत आरक्षण देने, ओबीसी कर्मचारियों के जो बच्चे बाहर पढ़ रहे हैं, उन्हें बड़े शहरों में हास्टल की सुविधा मुहैय्या कराने सहित अन्य कई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा भी हुई। उन्होंने बताया कि कोल इंडिया मुख्यालय की बैठक में ओबीसी एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलाब सिंह, राष्ट्रीय महासचिव जय बहादुर सिंह यादव, एसईसीएल से केंद्रीय अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार चंद्रा, मीडिया प्रभारी राम नारायण, सीसीएल के अध्यक्ष दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

# जैनामोड़ बाजार के चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण का काम जोरों पर




**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत घनी आबादी वाले क्षेत्र जैनामोड़ स्थित विभिन्न चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण का काम जोरों पर है। यह काम डीएमएफटी (सीएसआर) मद से कराया जा रहा है। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने से पहले ही योजनाओं का शिलान्यास किया था। उन्होंने कहा था कि जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया है, उसका काम समय पर काम पूरा भी होना चाहिए। अधूरा काम करने वाले संवेदकों का डीएमएफटी (सीएसआर) मद का दूसरी काम आबंटित नहीं किया जायेगा। इसके बाद से ही संवेदकों के बीच जल्द काम कराने की होड़ मची है। बताते चलें कि पुनः कुमार जयमंगल सिंह भारी मतों से जीत कर विधायक बन चुके हैं। जिस कारण पूरे क्षेत्र में एक साथ कई योजनाओं का काम शुरू कर दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में बेरोजगार कुशल मजदूर की कमी हो गई है। विधायक ने कहा था कि विधानसभा चुनाव में जीत के बाद इतना योजनाओं के साथ काम एक साथ शुरू हो जायेगा कि काम करने वाले मजदूर की कमी हो जायेगा। उनकी बातें सच साबित हुई है। जैनामोड़ बाजार के सौंदर्यीकरण करने वाले संवेदक लक्ष्मी नारायण सिंह ने कहा कि क्षेत्र में गुणवत्ता पूर्ण स्थिति में काम कराया जा रहा है। वहीं समसूल अंसारी ने कहा कि जल्द ही सभी काम को पूरा कर लिया जाएगा।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में हर्षिता महतो और हर्ष प्रथम



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** टाटा सिजुआ में शाहिद शक्ति नाथ महतो स्मारक कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने आकर्षक और मनमोहक गीत, संगीत व नृत्य प्रस्तुत किया। इसमें धनबाद मनईटांड़ बैंक कालोनी निवासी मनोज महतो की पुत्री हर्षिता महतो और पुत्र हर्ष राज महतो ने बेहतर प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पिता मनोज महतो में बताया कि दोनों बच्चों को बचपन से ही पढ़ाई के साथ गीत, संगीत न नृत्य करने का शौक है। स्कूल के साथ कई और प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके हैं।

# प्रधानाध्यापक को दी गयी विदाई



**कतरास (आजाद सिपाही)।** पचगढ़ी बाजार स्थित गुजराती हिंदी मध्य विद्यालय में शनिवार को प्रधानाध्यापक बृजमोहन मिश्रा के सेवानिवृत होने पर विद्यालय समिति व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने समारोह आयोजित कर विदाई दी। इस अवसर पर विद्यालय में मां शारदे की मूर्ति प्रतिष्ठित की गई और वरीय शिक्षकआशुतोष पाण्डेय को प्रधानाध्यापक के रूप में नियुक्त किया गया। इस मौके पर अल्पसंख्यक प्राथमिक विद्यालय के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह, जिला सचिव दीपक सिंह, राकेश कुमार, नवनीत पांडे, चंदन सिंह, कतरास गुजराती समाज के अध्यक्ष जयेश चावड़ा, विजय ठक्कर और हंसमुख ठक्कर आदि उपस्थित थे।

# बाघमारा में कोयला तस्करों का बोलबाला दर्जनों अवैध माइंस का हो रहा संचालन

## एम ग्रुप ने माटीगढ़ा डैम के पास खोला दर्जनों माइंस

### धनबाद एसएसपी की सख्ती का बाघमारा में नहीं कोई प्रभाव, लोग परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** झारखंड विधानसभा चुनाव समाप्त होते ही बाघमारा में कोयले का अवैध कारोबार एकबार फिर से खुलेआम शुरू हो गया है। आरोप है कि धंधेबाज स्थानीय थाना प्रभारी व बाघमारा सीओ की सह पर अवैध उत्खनन करने में लगे हैं। सूत्रों की मानें तो बाघमारा थाना अंतर्गत माटीगढ़ा डैम के समीप नदी के किनारे अवैध कोयला कारोबारियों ने एक दर्जन से अधिक अवैध मुहाना खोल दिया है। स्थानीय और बाहरी मजदूरों की मदद से तीन सिप्ट में धड़ल्ले से कोयला की कटाई चल रही है। जिससे सरकार को भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है। अवैध मुहाने के पास पड़े हजारों कोयला भरी बोरियां चीख-चीख कर बता रही कि कोयला के अवैध कारोबारियों को किसी का भय नहीं है। उक्त मुहाने से महज कुछ ही दूरी पर बाघमारा थाना एवं अंचल कार्यालय है। बावजूद इसके पुलिस और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को इस अवैध कोयला कारोबार की भनक तक नहीं है। स्थानीय लोगों की मानें तो बाघमारा पुलिस और सीओ की सरपरस्ती से ही यह अवैध कोयला कारोबार फल फूल रहा है। बतातें चलें कि जिला प्रशासन और जिला टास्क फोर्स का सख्त निर्देश है कि पूरे धनबाद जिले में कहीं भी अवैध कोयला व व अन्य अवैध कारोबार पर तत्काल लगाम लगाया जाए। साथ ही अवैध कारोबारियों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। उसके बावजूद बाघमारा क्षेत्र में खुलेआम अवैध कोयला कारोबार संचालित हो रहा है।

# विस्थापित संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन चक्का जाम 5 से

**कथारा (आजाद सिपाही)।** विस्थापित संघर्ष समिति कथारा शाखा ने पांच दिसंबर से कथारा कोलियरी में अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन करने का निर्णय लिया है। इसकी सूचना समिति ने गत 28 नवंबर को कथारा कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी को पत्र प्रेषित कर दे दिया है। उक्त जानकारी देते हुए विस्थापित नेता मथुरा सिंह यादव और बांध पंचायत के पंसस चंद्रदेव यादव ने बताया कि संघर्ष समिति द्वारा प्रेषित पत्र में बीते 19 अगस्त औरर 16 अक्टूबर को कमल टोला के विस्थापितों के साथ कोलियरी प्रबंधन द्वारा समस्या के समाधान को लेकर किए गए वादा को पूरा नहीं करने पर खेद जताया गया है। साथ ही मांगों को पूरा करने के लिए आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 01 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in
12

## केंद्रीय गृह मंत्री ने 59वें डीजीपी-आइजीपी सम्मेलन का किया उदघाटन

# देश की पूर्वी सीमाओं पर उभरती सुरक्षा चुनौतियों और शहरी पुलिसिंग के ट्रेंड्स जैसे विषयों पर फोकस होना चाहिए : शाह

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने ओड़िशा के भुवनेश्वर में 59वें डीजीपी-आइजीपी सम्मेलन का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूसरे और तीसरे दिन सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। यह सम्मेलन, हाइब्रिड मोड में आयोजित किया जा रहा है और इसमें सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस प्रमुख तथा सीएपीएफ/सीपीओ के प्रमुख शामिल हुए। साथ ही देशभर से अनेक पुलिस अधिकारी वर्चुअल तौर पर इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। शुक्रवार को हुई चचाओं में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, गृह राज्यमंत्रियों और केंद्रीय गृह सचिव ने भी हिस्सा लिया।




केन्द्रीय गृह मंत्री ने आसूचना ब्यूरो के अधिकारियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस मेडल प्रदान किये और केन्द्रीय गृह मंत्रालय की पुस्तक 'Ranking of Police Stations 2024' का विमोचन भी किया। उन्होने देश के तीन सर्वश्रेष्ठ पुलिस थानों को भी ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

अपने उद्घाटन संबोधन में केंद्रीय गृह मंत्री ने 2024 के आम चुनावों को शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न कराने और 3 नये आपराधिक कानूनों को निर्बाध रूप से लागू करने के लिए पुलिस नेतृत्व को बधाई दी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने जम्मू-कश्मीर, उत्तर पूर्व और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा स्थिति में हुए सुधार जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर संतोष प्रकट किया।

अमित शाह ने कहा कि 3 नये आपराधिक कानूनों से भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली, जो पहले दंड-केंद्रित थी, न्याय केंद्रित हो गयी है। उन्होने कहा कि इन नये कानूनों की मूल भावना भारतीय परंपरा से प्रेरित है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को संपूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने तथा 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में सुरक्षा संस्थानों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है।

गृह मंत्री ने कहा कि देश की पूर्वी सीमाओं पर उभरती सुरक्षा चुनौतियों, आप्रवासन और शहरी पुलिसिंग के ट्रेंड्स जैसे विषयों पर फोकस होना चाहिए। अमित शाह ने ZERO TOLERANCE POLICY के क्रियान्वयन के लिए TOLERANCE STRATEGY तथा ZERO TOLERANCE ACTION की दिशा में पहल करने का आह्वान किया।

अगले दो दिनों के दौरान देश का शीर्ष पुलिस नेतृत्व, मौजूदा एवं उभरती राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए एक खाका तैयार करेगा, जिनमें वामपंथी उग्रवाद, तटीय सुरक्षा, नारकोटिक्स, साइबर अपराध और आर्थिक सुरक्षा जैसे विषय शामिल हैं। इसके साथ ही, 3 नये आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की प्रगति तथा पुलिसिंग से जुड़ी बैस्ट प्रैक्टिसिस की भी समीक्षा की जायेगी।

# किम्स ने भारत में स्वास्थ्य सेवा को फिर से परिभाषित करने के लिए पहली बार 'स्वास्थ्य राष्ट्रीय सम्मेलन' का आयोजन किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (किम्स) ने शनिवार को अपने उद्घाटन 'हेल्थ नेशनल कॉन्क्लेव' की मेजबानी करके एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया। इस कार्यक्रम में देश में चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को आकार देने वाले महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के लिए भारत और विदेश के कुछ प्रतिभाशाली लोगों को एक साथ लाया।

यह कार्यक्रम कीट - किस - किम्स के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत द्वारा परिकल्पित है। ओड़िशा में किसी स्वास्थ्य सेवा संस्थान द्वारा आयोजित किया जाने वाला अपनी तरह का पहला कार्यक्रम था। डॉ सामंत द्वारा ओड़िशा के 20 जिलों में 100 बिस्तरों वाले 20 कॉर्पोरेट-शैली के अस्पताल स्थापित करने की घोषणा इस सम्मेलन का मुख्य आकर्षण था। इन अस्पतालों का उद्घाटन अगले साल इसी समय तक होने वाला है। सम्मेलन के प्रख्यात वक्ताओं में एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, हैदराबाद के प्रो डॉ डी नागेश्वर रेड्डी, डॉ मोहन, प्रो वी मोहन डायबिटीज स्पेशलिटीज सेंटर चेन्नई के, नीति आयोग के प्रो विनोद पॉल, कृष्ण विश्व विद्यापीठ के प्रो वेद प्रकाश मिश्र शामिल थे। उनकी अंतर्दृष्टि विभिन्न विषयों में फैली हुई है, जैसे कि स्वास्थ्य सेवा में उद्यमिता की नैतिकता, किफायती चिकित्सा नवाचार और मधुमेह के उभरते खतरे से निपटना। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पद्म भूषण पुरस्कार विजेता डॉ रेड्डी ने आदिवासी समुदायों की सेवा में किस के प्रयासों की प्रशंसा की और सम्मेलन को आध्यात्मिकता सहित विभिन्न विषयों को संबोधित करने वाला एक समग्र मंच बताया। प्रो वी मोहन ने स्वास्थ्य सेवा के प्रति डॉ सामंत के अनूठे दृष्टिकोण की प्रशंसा की, जिसमें उद्यमिता को नैतिकता के साथ जोड़ा गया है। इस तरह की पहलों के परिवर्तनकारी प्रभाव पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि अगर इरादा शुद्ध है, तो साधनों का पालन किया जायेगा।

किट के प्रो-चांसलर और प्रख्यात गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ सुब्रत आचार्य ने एनआइआरएफ रैंकिंग में किम्स की 15वीं रैंक और अत्याधुनिक चिकित्सा शिक्षा और सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए उसकी उपलब्धियों की सराहना की। डॉ सामंत ने अपने संबोधन में सुंदर जीवन की आधारशिला के रूप में स्वास्थ्य के महत्व को दोहराया। उन्होंने सभी के लिए स्वास्थ्य देखभाल परिणामों में सुधार के लिए किम्स के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए टिप्पणी की, 'भले ही आपके पास सारी संपत्ति हो, लेकिन यदि आप अस्वस्थ हैं तो आप इसका आनंद नहीं ले सकते।'

# मयूरभंज में सीरीज दुर्घटना चार की मौत, तीन घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मयूरभंज के रायरंगपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग 220 के तीरिंग क्षेत्र में सीरीज दुर्घटनाएं घटी। एक ट्रक दो अलग-अलग स्थानों में टकर मारकर भाग गया, जिसमें 4 लोगों की मौत हो गयी और 3 गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल को बचाया गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के मुताबिक शनिवार को सुबह तिरिंग थाना क्षेत्र के बडडालिमा चौंक में तीन लोग मॉर्निंग वॉक के लिए जा रहे थे। इसी दौरान एक ट्रक तेज रफ्तार से आया और तीन लोगों को टक्कर मार दी. हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गयी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। ट्रक वहां से भाग निकला। बाद में लगभग 5 किमी जाने के बाद ट्रक ने बहलदा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत बागडेगा में एक ऑटो को टक्कर मार दी।

ऑटो में सवार एक दंपति के साथ ऑटो चालक की भी मौत हो गयी। ऑटो में सवार एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक सड़क से नीचे गिर गया। स्थानीय लोगों ने ट्रक में सवार एक व्यक्ति को पकड़ लिया, जबकि चालक भाग निकला।

# पूर्व तट रेलवे संबलपुर मंडल की सांस्कृतिक प्रतियोगिता




आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे संबलपुर मंडल ने 29 नवंबर को रेलवे संस्थान, संबलपुर में अंतर मंडल सांस्कृतिक प्रतियोगिता (संगीत)-2024 का आयोजन किया। इस आयोजन में संबलपुर मंडल, खोरधा रोड मंडल, वालतेरू मंडल, पूर्व तट रेलवे (मुख्यालय) और मंचेश्वर कारखाना ने भाग लिया। इस अवसर पर संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक, तुषार कांत पांडे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और संबलपुर के अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। सांस्कृतिक प्रतियोगिता (संगीत) 2024 में वोकल क्लासिक की श्रेणी में संबलपुर मंडल के जी गणपति राव ने प्रथम पूर्व तट रेलवे (मुख्यालय) के स्वाधीन प्रधान ने दूसरा और खोरधा रोड मंडल के बैशाली पाढ़ी ने तीसरा स्थान हासिल किया। लाइट वोकल की श्रेणी में संबलपुर मंडल के पंकज कुमार ने पहला स्थान हासिल किया, पूर्व तट रेलवे (मुख्यालय) के स्वाधीन कुमार प्रधान ने दूसरा स्थान हासिल किया और खोरधा रोड मंडल के टिकी बाबू पात्रा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

इंस्ट्रूमेंटल (क्लासिकल) की श्रेणी में पूर्व तट रेलवे (मुख्यालय) के कमल प्रसाद रायकवार ने पहला स्थान हासिल किया, संबलपुर मंडल के जी गणपति राव ने दूसरा स्थान हासिल किया, खोरधा रोड मंडल के अनूप कुमार साहू ने तीसरा स्थान हासिल किया और इंस्ट्रूमेंटल (लाइट) की श्रेणी में पूर्व तट रेलवे (मुख्यालय) के ज्योतिप्रकाश साहू ने पहला स्थान हासिल किया संबलपुर मंडल के अशोक नाग ने दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा वालतेरु मंडल के प्रशांत जयराज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के निर्णायक शरत पंडा और संतोष कुमार झा थे। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया। संबलपुर के मंडल कार्मिक अधिकारी प्रमोद बेहरा ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

# अस्पताल से बच्चा चोरी होने की शिकायत



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नयागढ़ के एक अस्पताल से बच्चे की चोरी का मामला सामने आया है। नयागढ़ के राजसुनाखला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऐसे कुछ मामले सामने आये हैं। एक नवजात शिशु के अस्पताल से चोरी होने की सूचना मिली है। जन्म के कुछ ही समय बाद बच्चा अस्पताल से गायब हो गया।

जानकारी के मुताबिक बोलगड ब्लॉक के गोडभंगा गांव की मधुस्मिता परिडा को शुक्रवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आज एक शिशु पुत्र को जन्म दिया। उस समय मधुस्मिता के परिवार में कोई सदस्य नहीं था। कुछ देर बाद परिजन पहुंचे और सुना कि बच्चा पैदा हो चुका है, लेकिन उन्हें बच्चा नहीं मिला। बच्चा अस्पताल से पहले ही गायब हो चुका था। परिजनों का आरोप है कि जन्म के कुछ देर बाद ही बच्चे को किसी ने चुरा लिया। उधर, परिजनों के विरोध से अस्पताल परिसर में हंगामा मच गया।

## चिकित्सा अधिकारी ने बच्चा चोरी आरोप का किया खंडन



**भुवनेश्वर। शिकायत के बाद पुलिस ने अस्पताल के सीसीटीवी चेक कर जांच शुरू की गयी। चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि नयागढ़ अस्पताल से बच्चा चोरी के आरोप का खंडन किया है। चिकित्सा अधिकारी जगदीश जेना ने सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के बाद घटना से इनकार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल को बदनाम करने के लिए ऐसा किया गया था। रणपुर ब्लॉक के राजसुनाखला समूह स्वास्थ्य केंद्र से नवजात शिशु की चोरी का आरोप लगा था। बोलगड ब्लॉक के गोडभंगा गांव की मधुस्मिता परिडा और उनके पति ने आरोप लगाया था कि बच्चे को कोई ले गया था। शिकायत के बाद पुलिस ने सीसीटीवी खंगालने के साथ जांच शुरू की। नयागढ़ के एसडीपीओ सुदर्शन गांगुई ने कहा कि मधुस्मिता के बच्चे का जन्म अस्पताल में नहीं हुआ था।**



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**